सुप्रभात
रांची, बुधवार
28.06.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, दशमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 343



12 गोल्डी बरार ने सलमान को फिर दी धमकी

## न्यूज डायरी

### खराब मौसम के कारण सीएम नहीं जा सके देवघर

**रांची।** खराब मौसम के कारण सीएम हेमंत सोरेन का देवघर कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। मंगलवार को सीएम को देवघर में 524 करोड़ की लागत से सिकटिया मेगा लिफ्ट एरिगेशन योजना का शिलान्यास करना था।

### मिक्सर मशीन से कट कर दो मजदूर की मौत

**गुमला।** सिसई प्रखंड के रेड़वा में आरकेडी कंपनी के मिक्चर प्लांट में कंक्रीट मिक्सर मशीन से कटकर दो मजदूर की मौत हो गयी। मृतक सिसई थाना के मुरगू आंबा टोली का प्रदीप उरांव (22) और बिरकेरा महुआ टोली का भरत गोप (21) है।

### एक जुलाई से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा 2023 एक जुलाई से शुरू होने वाली है, इसके लिए 30 जून को जम्मू आधार शिविर भगवती नगर से पहला जत्था कश्मीर के लिए रवाना होगा। यात्रा में कई लेयर की सुरक्षा व्यवस्था है।

### दुमका में करंट लगने से बालक की मौत

**दुमका।** जामा थाना के सीताकोहबर में मंगलवार को बिजली तार के संपर्क में आने से दस वर्षीय बच्चे की मौत हो गयी। मृतक सुखलाल हेंब्रम चिड़िया का बच्चा पकड़ने पलाश के पेड़ पर चढ़ा था। इस दौरान वह 11 हजार वोल्ट बिजली तार पर जा गिरा और उसकी मौत हो गयी।

### हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग में ममता घायल

**जलपाईगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी स्थित सेवोके एयरबेस पर मंगलवार को सीएम ममता बनर्जी के हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग करायी गयी। आपात लैंडिंग के दौरान विमान डगमगाने लगा, जिसके कारण ममता के कमर और पैरों में चोट लगी है।

### बृजभूषण मामले में एक जुलाई तक सुनवाई टली

**नयी दिल्ली।** भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दायर कथित यौन उत्पीड़न मामले की सुनवाई मंगलवार को एक जुलाई तक के लिए टाल दी गयी।

### दिल्ली के लिए कोई ठोस प्लान नहीं : केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि दिल्ली की कानून व्यवस्था सुधारने को लेकर उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना और केंद्र सरकार के पास कोई ठोस प्लान नहीं है।

### कोहली के लिए वर्ल्ड कप जीतना चाहेगी टीम

**मुंबई।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि भारत को 2011 की विश्व कप सफलता दोहराने और विराट कोहली के लिए वनडे विश्व कप 2023 जीतने का लक्ष्य रखना चाहिए।




| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 71,000 रु./प्रति किलो |

# झारखंड को मिली वंदे भारत की सौगात

## पीएम ने एक साथ पांच ट्रेनों को दिखायी हरी झंडी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जिस ट्रेन का झारखंड और बिहार के लोगों को लंबे समय से इंतजार था, 27 जून को वह खत्म हो गया। स्वदेशी सेमी बुलेट कही जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन मंगलवार को रांची से पटना के लिए रवाना हो गयी। इस दौरान रांची रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया था। वंदे भारत को लेकर हर तरफ उत्साह था। बाजे-गाजे के बीच भारत माता की जय के नारे लग रहे थे। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शिरकत करने बड़ी संख्या में आमजन, स्टूडेंट पहुंचे थे। वंदे भारत सज-धज कर सुबह आठ बजे प्लेटफार्म नंबर एक पर आकर खड़ी हो गयी थी। प्लेटफार्म पर रेड कारपेट बिछायी गयी थी। यह मौका उत्सव के समान था। (शेष पेज 11 पर)

### क्या बोले राज्यपाल

उद्घाटन समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने वंदे भारत ट्रेन में बैठे बच्चों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि आज देश इतिहास रच रहा है। आज का दिन झारखंड के लिए गौरव का दिन है। पीएम मोदी ने सुबह 10:50 मिनट पर भोपाल से हरी झंडी दिखायी और पलक झपकते ही ट्रेन पटना के लिए निकल गयी। पांच वंदे भारत ट्रेनों में रांची-पटना, खजुराहो-भोपाल-इंदौर, जबलपुर-भोपाल, धारवाड़- बेंगलुरु और गोवा- मुंबई के बीच चलनेवाली वंदे भारत शामिल है।

## इडी पूछताछ में हवाला कारोबारियों ने स्वीकारा

# कई ब्यूरोक्रेट्स और नेताओं से कनेक्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के केस में इडी के द्वारा गिरफ्तार तीन हवाला कारोबारियों ने स्वीकार किया है कि झारखंड में हवाला कारोबार न सिर्फ जिंदा है, बल्कि तेजी से फल-फूल रहा है। हवाला कारोबार में नेता, बड़े व्यापारी, ठेकेदार अपने ब्लैक मनी ठिकाने लगा रहे हैं। बड़े अपराधी, व्यापारी, ठेकेदार इसी से बिना किसी रिकॉर्ड के अपनी ब्लैक मनी इधर से उधर सरका रहे हैं। गिरफ्तार नीरज मित्तल, ताराचंद गुप्ता और राम भाटिया ने पूछताछ में कहा है कि राज्य ही नहीं, देश में कई हवाला एजेंट सक्रिय हैं। कहीं कूरियर कंपनी के नाम पर, कहीं मनी एक्सचेंज के नाम पर लाखों रुपये एक राज्य से दूसरे राज्यों में भेज रहे हैं। पूछताछ में उन्होंने यह भी बताया कि विदेशी करेंसी पर भी व्यवसायियों के पैसे इंवेस्ट हो रहे हैं। विदेशी करेंसी अवैध रूप से झारखंड में लायी जा रही है, जिसका अवैध रूप से एक्सचेंज भी कराया जा रहा है। यह बेहद भरोसे के तहत किया जा रहा है। इडी इसकी पूरी तरह जांच कर रही है। (शेष पेज 11 पर)

## सभी घोटालेबाज जेल के डर से एकजुट होने का प्रयास कर रहे हैं : पीएम

# हर चोर-लुटेरे पर कार्रवाई की गारंटी मोदी देता है

एजेंसी

**भोपाल।** पीएम नरेंद्र मोदी ने हाल में पटना में संपन्न बैठक और विपक्षी एकजुटता के प्रयासों पर जबर्दस्त प्रहार करते हुए मंगलवार को यहां कहा कि यह विपक्ष के नेताओं की छटपटाहट, घबराहट है और इससे साफ हो गया है कि देश ने अगले आम चुनाव में भाजपा को वापस लाने का मन बना लिया है। 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' नाम के इस कार्यक्रम के जरिये श्री मोदी ने पूरे देश के भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

पीएम ने कहा कि विपक्ष के नेताओं की बैठक के जो फोटो सामने आये हैं, उन्हें देखने से पता चलता है कि सभी घोटालेबाज एकजुट होने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने एक नया शब्द 'गारंटी' गढ़ लिया है और इसका काफी प्रचार किया जा रहा है। दरअसल ये विपक्षी दलों की 'बीस लाख करोड़ रुपयों के घोटालों की गारंटी' है। अब हर चोर लुटेरे पर कार्रवाई की गारंटी मोदी देता है। (शेष पेज 11 पर)

### लुटेरों का पूरा हिसाब होगा



श्री मोदी ने कहा कि वे भी इस बात की गारंटी देते हैं कि प्रत्येक घोटालेबाज पर कार्रवाई की जायेगी। हर चोर लुटेरे पर कार्रवाई की गारंटी मोदी देता है। जिसने भी देश और गरीब को लूटा है, उसका हिसाब होकर रहेगा। अब कानून का डंडा चल रहा है, तो सबको जेल दिख रही है। सब जुगलबंदी कर रहे हैं। इनका कार्य कानून के एक्शन से बचने का ही है। सिर्फ कांग्रेस ने ही लाखों करोड़ रुपये के घोटाले किये हैं। कोयला घोटाला, टूजी घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला, मनरेगा घोटाला, हेलीकॉप्टर घोटाला, सबमरीन घोटाला और अन्य कांग्रेस से जुड़े हुए हैं। राजद से चारा घोटाला, पशुपालन शेड घोटाला, बाढ़ राहत घोटाला और लंबी फेहरिस्त जुड़ी है। डीएमके, टीएमसी, एनसीपी और अन्य दलों के भी घोटाले छिपे नहीं हैं। इन दलों के पास घोटालों का अनुभव है। अब देश को तय करना है कि क्या वह इन घोटालों को स्वीकार करेगा?

### कार्यकर्ताओं की बड़ी जिम्मेदारी

मोदी ने कहा, ऐसे समय भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे आम लोगों को इस बारे में समझायें। लोगों को बताना होगा कि विपक्ष के ये दल भ्रष्टाचार की गारंटी हैं। चुनाव के पहले जनता को गुमराह करने की कोशिश में हैं। ये सब घोटालेबाज कभी एक दूसरे को पानी पी-पी कर कोसते थे, लेकिन अब जब कानून का डंडा चल रहा है और उन्हें भविष्य में जेल जाने का डर सता रहा है। मजबूरीवश आपस में एक दूसरे को षाष्टांग करते हुए दिख रहे हैं। नतमस्तक हो रहे हैं। पटना की बैठक में शामिल कई लोग जमानत पर हैं। उन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। ऐसे लोगों से लोग मिले, जो सजा काट रहे हैं या फिर जेल का अनुभव लेकर आये हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को अब देश के लोग भी भलीभांति समझते हैं।

# राजभवन प्रकरण पर बोले सीएम राज्यपाल कहीं भी जाने को स्वतंत्र

सत्येन्द्र

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का राज्य दौरा पर राजनीतिक विवाद शुरू हो गया है। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो द्वारा राज्यपाल के खिलाफ दिये गये बयान के बाद राज्यपाल का दौरा पक्ष-विपक्ष के बीच राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। हलांकि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस प्रकरण पर खुद को किनारा करते हुए यह कहकर विराम लगाया है कि राज्यपाल राज्य के अंदर हर जिले में जाने के लिए स्वतंत्र हैं। वे कहीं भी जायें इसमें कोई आपत्ति नहीं है। यदि कोई ऐसी बात होगी तो वे मीडिया के समक्ष जरूर रखेंगे।

मालूम हो कि राज्यपाल की भूमिका को लेकर सत्तारूढ़ दल झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस इन दिनों हमलावर है। कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने भाजपा पर राज्यपाल को नेतागीरी कराने का आरोप लगाया है। वहीं विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो का कहना है कि राजभवन भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। इरफान अंसारी ने कहा कि देश में जहां भी भाजपा सरकार है वहां के राज्यपाल राजभवन में बैठे रहते हैं। मगर जहां गैर भाजपा सरकार है वहां के राज्यपाल घूमते रहते हैं। उन्होंने राज्यपाल को सलाह देते हुए कहा है कि वे अपने पद का गरिमा बनाये रखें। वहीं भाजपा ने स्पीकर द्वारा राज्यपाल के खिलाफ दिये गये बयान पर कहा गया है कि विधानसभा अध्यक्ष संवैधानिक मर्यादा का उल्लंघन नहीं करें।

# अगले 48 घंटे तक राज्य में भारी बारिश का अलर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मानसून पूरे राज्य में अपना प्रभाव दिखाने लगा है। राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में रूक-रूककर बारिश हो रही है। एक ओर जहां बारिश के बाद गर्मी और उमस से निजात मिली है, वहीं लगातार हो रहे बारिश से एक अलग परेशानी शुरू हो गयी है। इस दौरान कुछ इलाकों में भारी बारिश के कारण जल जमाव की स्थिति बन गयी है। मौसम विभाग ने आने वाले दो दिनों के लिये अलर्ट जारी किया है। जिसमें विभाग ने बताया है कि 29 जून तक राज्य के अलग अलग हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। विशेषकर राज्य के प‌ि्मी और मध्य भाग में। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। (शेष पेज 11 पर)

### राज्यसभा की 10 सीटों पर चुनाव 24 को

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा की 10 सीटों के लिए 24 जुलाई को चुनाव होंगे। इनमें पश्चिम बंगाल की 6, गुजरात की 3 और गोवा की 1 सीट शामिल हैं। इनका कार्यकाल जुलाई-अगस्त में खत्म हो रहा है। इनमें विदेश मंत्री एस जयशंकर भी शामिल हैं। आयोग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिसूचना 6 जुलाई को जारी होगी। नामांकन की आखिरी तारीख 13 जुलाई होगी। 17 तक नाम वापस हो सकते हैं। वोटिंग और काउंटिंग 24 जुलाई को होगी।


## बाहानगा बजार (बालासोर) रेल दुर्घटना में हताहतों के सभी रिश्तेदारों/निकट संबंधियों के लिए सूचना

भारतीय रेल हाल ही में बाहानगा बजार, जिला बालासोर (ओडिशा) में 02.06.2023 को 12841 शालीमार-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल कोरोमंडल एक्सप्रेस और 12864 एसएमवीबी हावड़ा एक्सप्रेस में हुई रेल दुर्घटना के हताहतों के रिश्तेदारों/निकट संबंधियों से आग्रह करती है कि वे आगे आएं और अभी तक अज्ञात हताहतों के साथ अपनी पहचान एवं संबंध सुनिश्चित करने के लिए डीएनए के नमूने दें।

स्थान
अकादमी ब्लॉक (कमेटी रूम),
AIIMS, भुवनेश्वर

कृपया निम्नलिखित रेलवे कर्मियों से संपर्क करें

139
रेल-मदद नंबर

श्री दिगंबर पाढ़ी, सहायक कार्मिक अधिकारी,
मोबाइल – 8455887604

श्री बिश्वनाथ पाढ़ी, सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक,
मोबाइल – 8455885967

श्री बी. तपन कुमार, जन संपर्क अधिकारी,
मोबाइल – 8455885040

श्री विकास कुमार, जन संपर्क अधिकारी,
मोबाइल – 8455885041

भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन पर सहायता हेतु : 0674 - 2534027

पूर्व तट रेलवे कंट्रोल रूम, भुवनेश्वर पर सहायता हेतु : 8455885999

खोरधा रोड स्टेशन पर सहायता हेतु : 8455887999

भारतीय रेल

(PR-300)


# सीएम आज नर्सिंग-आइटीआइ के 500 को देंगे नियुक्ति पत्र

## छात्राओं में उद्यमिता संबंधी व्यावहारिक ज्ञान देने को करेंगे सेवा कैफे का उद्घाटन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम की पहल पर झारखंड में नियुक्ति का दौर जारी है। लगातार नियुक्ति पत्र बांटने का दौर चल रहा है। हाल ही में मुख्यमंत्री ने पंचायत सचिव समेत अन्य विभागों के नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र दिया था। अब, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को फिर एक बार कल्याण विभाग की विशेष प्रयोजन वाहिनी के रूप में कार्य कर रही प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित नर्सिंग और आईटीआई कौशल कॉलेज के युवक-युवतियों के बीच नियुक्ति पत्र बांटेंगे। इस नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में अनुसूचित जनजाति मंत्री चंपई सोरेन, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। मौके पर नर्सिंग और आईटीआई कौशल कॉलेज एवं कल्याण गुरुकुल के 500 युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा।

### नियुक्तियों का दौर जारी

वहीं कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आईटीआई कौशल कॉलेज की छात्राओं द्वारा संचालित सेवा कैफे का भी उद्घाटन करेंगे। इस सेवा कैफे का उद्देश्य एक सफल उद्यमी बनाने में छात्र-छात्राओं की मदद करना है। सेवा कैफे के माध्यम से विशेषकर छात्राओं में उद्यमिता संबंधी व्यावहारिक ज्ञान दिया जायेगा। बताते चलें कि कल्याण विभाग, झारखंड सरकार की एसपीवी प्रेझा फाउंडेशन कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत एक गैर लाभकारी संयुक्त उद्यम के रूप में कार्य कर रहा है। इसके राज्य के 24 जिलों में 28 कल्याण गुरुकुल, 8 नर्सिंग कौशल कॉलेज और एक आईटीआई कौशल कॉलेज हैं। इस परियोजना के माध्यम से अभी तक 30,000 से अधिक युवक-युवतियों को देश की नामी-गिरामी कंपनियों में रोजगार की प्राप्ति हुई है।



■ सरकार की एसपीवी प्रेझा फाउंडेशन कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत कार्य कर रहा कल्याण विभाग

# वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत गौरव का दिन : राज्यपाल

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रांची में वंदे भारत ट्रेन के शुभारंभ पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि आज देश इतिहास रच रहा है। आज का दिन झारखंड के लिए गौरव का दिन है। झारखंड सहित देशभर में हाल के वर्षों में रेल और रेलवे स्टेशन में तेजी से विकास कार्य हुए हैं। जिसका नतीजा है कि हजारीबाग ट्रेन रूट, जिसकी पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने 1999 में आधारशिला रखी थी, उसपर वंदे भारत चलने लगी है। बहुप्रतीक्षित वंदे भारत एक्सप्रेस के उद्घाटन के मौके पर राज्यपाल के अलावा केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, सांसद संजय सेठ, सांसद आदित्य साहू, सांसद दीपक प्रकाश, सांसद सीपी चौधरी, झारखंड सरकार के मंत्री चंपई सोरेन, रांची विधायक सीपी सिंह मौजूद रहे। प्लेटफार्म संख्या एक पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने वंदे भारत ट्रेन में बैठे बच्चों से बातचीत की। वहीं बिहार और झारखंड के लोगों को सेमी हाई स्पीड ट्रेन की सौगात के लिए पीएम मोदी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि देशभर में हाल के वर्षों में रेल और रेलवे स्टेशन में तेजी से विकास कार्य हुए हैं।

## झारखंड के नेताओं ने क्या कहा

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में झारखंड में रेलवे स्टेशनों का तेजी से विकास हुआ है। जिसका उदाहरण रांची और हटिया है। आधुनिक सुविधा से युक्त वंदे भारत झारखंड बिहार के लिए एक सौगात है, जो कम समय में रांची से पटना की दूरी तय करेगी। इस मौके पर झारखंड सरकार के मंत्री चंपई सोरेन और सांसद महुआ माजी ने कहा कि इससे आर्थिक गतिविधि भी दोनों राज्यों की बेहतर होगी। सांसद संजय सेठ ने वंदे भारत एक्सप्रेस के शुभारंभ होने पर पीएम मोदी को बधाई दी। कहा कि इससे बिहार और झारखंड के पर्यटन स्थलों का विकास होगा और बड़ी संख्या में पर्यटक दोनों राज्यों में आएंगे। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि बरकाकाना और कोडरमा की दुर्गम घाटी के बीच बनी यह रेल लाइन वाकई में यात्रियों को कम समय में सुखद यात्रा का एहसास कराएगी। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश,सांसद आदित्य साहू ने भी वंदे भारत एक्सप्रेस की जमकर तारीफ की। पीएम मोदी ने सुबह 10:50 मिनट पर ऑनलाइन हरी झंडी दिखाई। वंदे भारत एक्सप्रेस पलक झपकते ही पटना के लिए रवाना हो गई। इस ट्रेन में स्कूली बच्चों के साथ रेल अधिकारी और कई वीआईपी ने सांकेतिक रूप से सफर कर वंदे भारत का लुत्फ उठाया। गौरतलब है कि बुधवार 28 जून से सप्ताह में 6 दिन पटना और रांची के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस नियमित रूप से चलेगी। मंगलवार को तकनीकी वजहों से वंदे भारत एक्सप्रेस को नहीं चलाया जायेगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

**मंत्री बन्ना गुप्ता के भाई गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी और थानेदार समेत 22 लोगों को आरोपी बनाये जाने का है मामला**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर के मानगो सहारा सिटी में नाबालिग से दुष्कर्म और देह व्यापार कराने के मामले में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के भाई गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी और थानेदार समेत 22 लोगों को आरोपी बनाए जाने को लेकर जमशेदपुर की निचली अदालत द्वारा जारी समन को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट ने राज्य सरकार को प्रति शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 6 जुलाई निर्धारित की है। हाईकोर्ट ने जमशेदपुर की निचली अदालत में मामले में चल रही कार्यवाही (ट्रायल) पर रोक बरकरार रखी है।

**पीड़िता की मां ने दाखिल की थी अर्जी**

दरअसल, पीड़िता की मां ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के भाई गुड्डू गुप्ता, तत्कालीन डीएसपी अजय केरकेप्ता और तत्कालीन एमजीएम थाना प्रभारी इमदाद अंसारी समेत 22 लोगों को आरोपी बनाने के लिए जमशेदपुर की स्पेशल कोर्ट में अर्जी दी थी। ये अर्जी कोर्ट ने मंजूर कर ली और सभी 22 लोगों को मामले में आरोपी बनाने और ट्रायल चलाने का आदेश दिया है।

**साल 2018 का है मामला**

मामला 19 जनवरी 2018 का है जहां पीड़िता ने अदालत में बयान दर्ज कराया था। उसके साथ दो दर्जन लोगों ने दुष्कर्म किया है। आरोप के बाद डीएसपी और थानेदार को लाइन हाजिर कर दिया गया था लेकिन पुलिस की जांच में दोनों अफसरों को क्लीन चिट दे दिया गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सीआईडी जांच का भी आदेश दिया था लेकिन सीआईडी ने भी इनको क्लीन चिट दे दिया था। पीड़िता की मां ने बेटी को न्याय दिलाने के लिए 22 लोगो को आरोपी बनाने के लिए अर्जी दी थी जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था।



### हाइकोर्ट की टिप्पणी : नियमितीकरण की नीति पर सही ढंग से कार्य नहीं हो रहा

**रांची।** हाईकोर्ट ने नियमितीकरण की मांग को लेकर दाखिल सभी याचिकाओं को एक साथ सूचीबद्ध कर सुनवाई का निर्देश दिया है। मंगलवार को हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डा एस एन पाठक की अदालत ने 4 इश्यू फ्रेम किए हैं। सुनवाई के दौरान अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि वर्ष 2012 में नरेंद्र कुमार तिवारी के मामले में आए जजमेंट के बाद भी कई मामले हाईकोर्ट के समक्ष आ रहे हैं और सरकार नियमितीकरण की अपनी नीति पर सही ढंग से कार्य नहीं कर रही है। अब अदालत 27 जुलाई को इस मामले में सुनवाई करेगा। प्रार्थियों की ओर से हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता अनिल सिन्हा, प्रशांत पल्लव,सौरव अरुण और अमृतांश वत्स ने पक्ष रखा। इस संबंध में नितिन कुमार भगत समेत 100 से ज्यादा कॉन्ट्रैक्ट कर्मियों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है।

# झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार एवं रांची नगर निगम पर लगाया 5 हजार रुपये का जुमार्ना

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में नगर निकायों का चुनाव जल्द कराने को लेकर झारखंड हाईकोर्ट में दायर रिट याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार और रांची नगर निगम की ओर से जवाब दायर नहीं होने पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए इन पर 5 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। कोर्ट ने 3 सप्ताह में इन दोनों को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 20 जुलाई निर्धारित की। कोर्ट ने कहा कि 20 जुलाई तक मामले में सरकार की ओर से यदि जबाब दाखिल नहीं किया जाता है तो इस जुमार्ने को वसूला जाए।

इससे पहले सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया की जिस प्रकार पंचायत चुनाव की निर्धारित समय सीमा पूरी होने के बाद भी पंचायत प्रतिनिधियों को अधिकार दिया गया था, उसी तर्ज पर निकाय चुनाव की अवधि समाप्त होने के बाद पार्षदों को भी उनके अधिकार दिए जाएं, जब तक कि निकाय चुनाव ना हो जाए। उनकी ओर से यह भी कहा गया की निकाय का चुनाव नहीं होना सरकारी मशीनरी के ब्रेकडाउन को प्रदर्शित करता है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थी ने रांची नगर निगम में प्रशासक नियुक्त करने के आदेश को भी चुनौती दी है।

**पूर्व पार्षद की ओर से दाखिल की गई है याचिका**

बता दें कि रांची नगर निगम की पूर्व वार्ड पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया है कि राज्य में जल्द से जल्द शहरी नगर निकायों के चुनाव कराया जाएं और जब तक चुनाव नहीं होता है तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में वर्तमान पार्षद को तदर्थ रूप में दायित्व का निर्वहन करने का आदेश कोर्ट से देने का किया गया है।

बता दें कि पूर्व में ही राज्य सरकार के द्वारा राज्य के 34 निकाय परिषद के निर्वाचित प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त कर सभी शक्तियां और कार्य प्रशासन को सौंपने का निर्णय लिया गया है। अब निकायों में पदस्थापित नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त या कार्यालय पदाधिकारी अगले आदेश तक प्रशासक के रूप में कार्य करेंगे। अगर उन्हें आवश्यकता होगी तो वह नगर विकास एवं आवास विभाग से परामर्श लेंगे। निकायों का चुनाव नहीं होने पर यह व्यवस्था शुक्रवार से लागू की गई है। 27 अप्रैल तक राज्य में निकाय चुनाव पूरा हो जाना चाहिए था, लेकिन कई कारणों से चुनाव संपन्न नहीं हो सका है।

## हाइकोर्ट में मनी लांड्रिंग मामले में अमित कुमार अग्रवाल की याचिका पर सुनवाई 14 जुलाई को

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी कारोबारी अमित कुमार अग्रवाल की ओर से ईडी कोर्ट द्वारा डिस्चार्ज अर्जी खारिज किए जाने को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिवीजन याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई। अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई। दरअसल ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने बीते 6 अप्रैल को अमित कुमार अग्रवाल की डिस्चार्ज याचिका को खारिज कर दिया था जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में इसे चुनौती दी है। मामले में ईडी कोर्ट ने अमित अग्रवाल के खिलाफ आरोप भी गठित कर दिया। बता दें कि ईडी ने 13 अक्टूबर 2022 को राजीव कुमार एवं अमितअग्रवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। सेना की जमीन की अवैध खरीद-बिक्री से जुड़े एक मामले में फिलहाल अमित अग्रवाल जेल में बंद है।

**क्या है मामला**

कोलकाता पुलिस के एआरएस विभाग ने हैरिसन स्ट्रीट में अवस्थित व्यावसायिक परिसर से 31 जुलाई 2022 की रात को 50 लाख नकद के साथ हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार को गिरफ्तार किया था। बाद में उनके खिलाफ ईडी ने मनी लाउंड्रिंग का मामला दर्ज किया था। जिसमें अमित अग्रवाल को भी आरोपी बनाया गया है।

# स्पीकर की शिकायत लेकर राजभवन पहुंचे भाजपा के नेता



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो की शिकायत लेकर राजभवन पहुंचा। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के नेतृत्व में पहुंचे 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को बताया कि स्पीकर संवैधानिक पद पर बैठकर राजभवन के खिलाफ अमर्यादित बयान दे रहे हैं। इस पर कार्रवाई होनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मुलाकात के करीब एक घंटे बाद बाहर निकला। दीपक प्रकाश ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष बार-बार संवैधानिक मयार्दाओं का उल्लंघन कर रहे हैं। स्पीकर का पद दलगत राजनीति से ऊपर है, लेकिन वे झामुमो के कार्यक्रम में झामुमो के झंडे और बैनर के नीचे असंसदीय और अशोभनीय बयान देते हैं।

क्यों विफर रही भाजपा, क्या कहा था स्पीकर ने 25 जून को स्पीकर ने अपने विधानसभा क्षेत्र में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि राजभवन भाजपा के इशारे पर काम कर रही है। विधानसभा में विशेष सत्र बुलाकर आदिवासियों की पहचान सरना धर्म कोड को विधानसभा से पारित कर राजभवन को भेजा था, लेकिन राजभवन से बिल को लौटा दिया गया। इसके बाद 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति का विधेयक भी विधानसभा से पारित कर राजभवन भेजा गया था, उसे भी लौटा दिया गया।

**कोर्ट का दरवाजा खटखटाने को भाजपा तैयार : दीपक प्रकाश**

दीपक प्रकाश ने कहा कि अगर स्पीकर संविधान की इज्जत करते हैं, तो उन्हें नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिये। भाजपा इस मामले को लेकर न्यायपालिका के भी दरवाजे खटखटाएगी। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह और भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक शामिल थे।

# इडी जेल अधीक्षक व जेलर से 30 को करेगी पूछताछ

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के अधीक्षक हामिद अख्तर और जेलर से प्रवर्तन निदेशालय (इडी) 30 जून को पूछताछ करेगी। इडी के द्वारा मंगलवार को दोनों को नए सिरे से समन जारी कर 30 जून को इडी के रांची जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा है। इडी जेल अधीक्षक हामिद अख्तर और जेलर से जानना चाहेगी कि आखिर उन्होंने कौन से जेल मैनुअल और नियम के तहत जेल में बंद एक कैदी निलंबित आइएएस छवि रंजन की दूसरे कैदी प्रेम प्रकाश से मुलाकात कराया था। इडी को सीसीटीवी फुटेज अब तक उपलब्ध नहीं कराए जाने के क्या कारण है, इस मुददे पर भी पूछताछ की जाएगी।

**जेल मैनुअल के उल्लघंन का आरोप**

जेल अधीक्षक और जेलर पर मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपियों को जेल मैनुअल का उल्लंघन कर मदद करने का आरोप है। मनरेगा घोटाला, अवैध खनन, भूमि घोटाला, पद का दुरुपयोग कर काली कमाई सहित आधा दर्जन से अधिक चर्चित मामलों के आरोपियों को इडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जेल भेजा है। इडी को पुख्ता सूचना मिली कि जेल में उन कैदियों को जेल मैनुअल का उल्लंघन कर मदद पहुंचाई गई है। प्रेम प्रकाश और छवि रंजन की मुलाकात के बाद ईडी ने जेल में मारा था छापा दस्तावेज में जालसाजी कर जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को जेल भेजे जाने के बाद ईडी को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपियों द्वारा रात को छवि रंजन से मिलने की सूचना मिली। इस सूचना की पुष्टि के लिए इडी ने पीएमएलए कोर्ट में आवेदन देकर जेल में छापा मारने की अनुमति मांगी। इस क्रम में सीसीटीवी फुटेज देने में जेल प्रशासन की आनाकानी को उदाहरण बनाया गया। कोर्ट ने इडी के आवेदन पर विचार करने के बाद उसे सीसीटीवी फुटेज हासिल करने के लिए जेल के अंदर जाने की अनुमति दे दी। इसके बाद इडी ने जेल में छापामारी की और छवि रंजन के कमरे का सीसीटीवी फुटेज जब्त कर लिया। फुटेज की जांच में पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश और छवि रंजन के मुलाकात की सूचना की पुष्टि हुई। इसके बाद इडी ने जेल अधीक्षक हामिद अख्तर को फिर एक बार समन जारी कर पूछताछ के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया।

## 12.35 लाख रुपये की फर्जी निकासी मामले में फंसे पूर्व बीडीओ

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा (राप्रसे) के अधिकारी और तत्कालीन बीडीओ भंडरा (लोहरदगा) तेज कुमार हस्सा पर विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया है। उनके ऊपर अपने पद पर रहते हुए फर्जी निकासी कर 12.35 लाख रुपये की वित्तीय अनियमितता तथा निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी तथा नियंत्री पदाधिकारी के रूप में अपने दायित्वों का निर्वाह नहीं करने संबंधी आरोप है। पूरे मामले पर उपायुक्त लोहरदगा ने छह जून 2020 को ही कार्रवाई की अनुशंसा की। ग्रामीण विकास विभाग ने पूरे मामले की जांच कराके कार्मिक विभाग को आग्रतर कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है। विभाग ने मामले की जांच की, जिसमें प्रथम दृष्टया आरोप प्रमाणित पाये गये। इसके बाद सेवानिवृत आइएएस अधिकारी अरविंद कुमार को विभागीय कार्यवाही चलाने के लिए जांच संचालन पदाधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है।

## आजसू पार्टी 30 को पूरे राज्य में मनायेगी हूल दिवस

**रांची।** आजसू पार्टी 30 जून को पूरे राज्य में हूल दिवस मनाएगी। इस अवसर पर हर प्रखंड एवं जिला कार्यालय तथा रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से संताल हूल के महानायक सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो सहित सभी अमर शहीदों की संघर्ष गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेगी आजसू पार्टी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि झारखण्ड क्रांतिकारियों की माटी है। इस वीरभूमि ने कभी भी बाहरी हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं किया। जब-जब हमारे जल, जंगल, जमीन पर किसी ने अधिकार जमाना चाहा, तब-तब क्रांति का बिगुल फूंका गया।

# खुद संवैधानिक पद पर रहते बेतुका बयानबाजी कर रहे हैं स्पीकर : आशा लकड़ा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की निवर्तमान मेयर डॉ आशा लकड़ा ने स्पीकर सह नाला विधायक रवीन्द्रनाथ महतो के बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन संविधान के दायरे में रहकर काम कर रहे हैं। 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति को उन्होंने कानूनी परामर्श लेने के बाद ही राज्य सरकार को वापस भेज दिया था। उन्होंने यह भी कहा कि 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति व नयोजन नीति जेएमएम के चुनावी घोषणा पत्र में शामिल था। राज्य सरकार खुद स्थानीय व नियोजन नीति निर्धारित कर झारखंड में लागू कर सकती है। 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति को लागू करने में राज्य सरकार विफल हो गई तो अब स्पीकर रविंद्र नाथ महतो राजभवन की कार्यशैली पर उंगली उठा रहे हैं। स्पीकर खुद संवैधानिक पद पर आसीन हैं और इस प्रकार की बेतुका बयानबाजी कर रहे हैं। झारखंड के साथ ही छत्तीसगढ़ व उत्तराखंड राज्य का भी गठन हुआ था।

**इन दो राज्यों से सीखे झारखंड सरकार**

झारखंड सरकार को इन दो राज्यों से राज्य के विकास कार्यों की सीख लेने की आवश्यकता है। यदि राज्य के विकास को लेकर जेएमएम की नीति स्पष्ट होती तो आज राज्य के युवाओं की ऐसी दुर्गति महीन होती। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वोट बैंक की राजनीति के लिए 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति व नियोजन नीति का मसौदा तैयार किया। डॉ. आशा लकड़ा ने यह भी कहा कि आज किसी भी राज्य में स्थानीय व नियोजन नीति को लेकर विरोधाभाष नहीं है, लेकिन जेएमएम के लोग स्थानीय व नियोजन नीति के नाम पर राज्य के युवाओं को सिर्फ और सिर्फ बेवकूफ बना रहे हैं। राज्य के युवा भी यह समझ चुके हैं कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पास न तो कोई विजन है और ना ही परिपक्वता। डॉ. आशा लकड़ा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह करते हुए कहा कि स्थानीय व नियोजन नीति पर राजभवन की ओर से की गई आपत्ति पर जल्द से जल्द अपना जवाब दें और त्रुटियों को दूर कर लागू करें।

## खबर एक नजर में

### पुलिस मुख्यालय ने 672 इंस्पेक्टर की वरीयता सूची जारी की

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने इंस्पेक्टर रैंक के 672 पदाधिकारियों की वरीयता सूची जारी की है. इसको लेकर डीआईजी कार्मिक ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि किसी पदाधिकारी को इस वरीयता सूची को लेकर कोई आपत्ति है तो वे 15 दिनों के अंदर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा किसी का नाम सूची में छूट गया हो व प्रकाशित वरीयता सूची के अनुसार पदस्थापित नहीं हो तो ऐसे पदाधिकारियों के संबध में सूचना अलग से उपलब्ध करायी जाये ताकि उनका नाम वरीयता सूची में जोड़ा और हटाया जा सके।

### पूर्व विधायक और खतियानी पार्टी के नेता अमित महतो का सरेंडर, कोर्ट ने भेजा जेल



**रांची।** पूर्व विधायक और खातियानी पार्टी के नेता अमित महतो ने रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायुक्त प्रभात शर्मा की अदालत में सरेंडर किया। इसके बाद कोर्ट ने अमित महतो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अमित के खिलाफ वर्ष 2022 में विधानसभा घेराव कार्यक्रम के बाद रांची के धुर्वा थाना में कांड संख्या 208/2022 दर्ज की गयी थी। प्राथमिकी में सरकारी काम में बाधा डालने और बिना अनुमति के सड़क जाम करने समेत कई आरोप लगाये गये। इस केस में उन्होंने रांची सिविल कोर्ट से अग्रिम जमानत मांगी थी। लेकिन कोर्ट ने उन्हें अग्रिम बेल देने से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में भी अग्रिम बेल के लिये याचिका दाखिल की थी, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था। अग्रिम जमानत नहीं मिलने के बाद अमित महतो ने मंगलवार को कोर्ट में सरेंडर किया है।

**खतियानियों के खून में जो जोश है उसे कोई कम नहीं कर सकता है :** सिविल कोर्ट में आत्मसमर्पण करने से पूर्व खतियानी झारखंडी पार्टी के नेता अमित महतो ने प्रेस कांफ्रेंस किया। इस दौरान उन्होंने सरकार को चेतावनी दिया। कहा कि स्थानीय नीति-नियोजन नीति नहीं बना तो सरकार का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। इस सरकार को जनता मुँह तोड़ जवाब देगी। सत्ता में बैठी सरकार अमित महतो से डरती है इसलिए जेल भेजने का काम कर रही है। बता दें कि सोनाहातू थाना में 2006 में कांड संख्या 42 में तत्कालीन सीओ आलोक कुमार ने षड्यंत्र के तहत मुझे जेल भेजने का काम किया। 23 मार्च 2018 में मुझे दो साल की सजा हुई थी। मेरी विधायिकी चली गई। सीओ ने एफआईआर में गलत तथ्य सामने रखकर जेल भेज दिया। गलत जब्ती सूची प्रस्तुत किया गया। हाई कोर्ट में अपील किया था और 2.5.2023 को 2 साल की सजा को घटाकर 1 साल कर दिया गया। वही 3 अगस्त 2022 को स्थानीय नीति-नियोजन नीति को लेकर विधानसभा का घेराव करने का काम किया था। लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत आंदोलन करने का काम किया।

### स्टेट बार काउंसिल चुनाव का शेड्यूल जारी

**रांची।** झारखंड राज्य बार काउंसिल के चुनाव की तिथि की घोषणा हो गयी है। प्रस्तावित कार्यक्रम के मुताबिक, 15 सितंबर से 23 सितंबर तक चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। 18 सितंबर को मतदान होना है. वहीं नामांकन की तिथि 15 जुलाई तय की गयी है। वहीं काउंटिंग के लिए 25 अक्टूबर का समय निर्धारित किया गया है। फिलहाल वर्तमान पदधारियों का कार्यकाल को विस्तार दिया गया है। 28 जुलाई को वर्तमान पदधारियों का कार्यकाल पूरा हो रहा है। बता दें कि झारखंड के लगभग तीस हजार से ज्यादा वकील बार काउंसिल चुनाव का इंतजार कर रहे थे। पिछले चुनाव में लगभग 18 हजार वकीलों ने राज्य में वकीलों के हितों के लिए काम करने वाली सबसे बड़ी संस्था के लिए वोटिंग की थी।

# पलामू के तत्कालीन एसपी पर हमला करने का आरोपी है मुखिया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिहार पुलिस की गिरफ्त में आए नक्सली अरविंद भुईंया उर्फ मुखिया जी पर 2010-11 में मनातू थाना क्षेत्र में तत्कालीन एसपी पर हमला करने का आरोप है। हालांकि, इस हमले में पलामू एसपी बाल-बाल बच गए थे लेकिन दो जवान शहीद हुए थे। अरविंद ने गया पुलिस को पूछताछ में बताया है कि नक्सलियों के एक- एक हार्डकोर उग्रवादी को मार गिराने के बाद नक्सली एक बार फिर से खुद को संगठित करने की फिराक में थे। इस बाबत जुलाई- अगस्त माह में एक बैठक भी आयोजित की जानी थी, जिसमें नक्सलियों के टॉप कमांडर के द्वारा संबोधित किया जाना है।

गौरतलब हो कि पुलिस और सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के एक ऑपरेशन में अरविंद भुइयां बिहार के गया जिले की सीमा के पास पकड़ा है। अरविंद भुइयां पर बिहार सरकार ने 25 हजार जबकि झारखंड सरकार ने 10 लाख रुपए का इनाम रखा हुआ था। वो नक्सली संगठन में जोनल कमांडर की भूमिका में था। गया,औरंगाबाद में अरविंद सक्रिय था। इसके अलावा बिहार और झारखंड में उस पर करीब 100 से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

बता दें कि उस पर बारुदी सुरंग विस्फोट में शामिल होने का आरोप है। इस हमले में चार जवान शहीद हो गए थे। मुखिया जी के नाम से प्रचलित अरविंद अपने काम को बहुत बारीकी से करता था। इसी वजह से जब क्सलियों के बड़े नेता मारे गए या गिरफ्तार कर लिए गए तो वही काम देख रहा था। उसके बारे में कहा जाता है शीर्ष नेताओं की तरफ से मिले काम को वह बहुत कुशलता के साथ अंजाम देता था। यही वजह है कि जब इस इलाके से नक्सलियों के बड़े नेता मारे गए या गिरफ्तार कर लिए गए तो भुइंया ही इस क्षेत्र में कामकाज देख रहा था। इससे पहले वो 16 जून को पुलिस की गिरफ्त में आते आते बचा था।

**कई खौफनाक नक्सली वारदातों को अंजाम दे चुका है अरविंद**

नक्सली संगठन में अरविंद का पद जोनल कमांडर का था। बिहार के गया और औरंगाबाद जिले के साथ ही उसकी सक्रियता झारखंड के पलामू, चतरा, हजारीबाग और लातेहार जिले में थी। उस पर झारखंड-बिहार में करीब सौ नक्सली घटनाओं के मामले दर्ज हैं।

स्पीड न्यूज

## सत्यानंद योग शिविर का गोलमुरी क्लब में हुआ समापन



**जमशेदपुर।** मंगलवार को शहर के विभिन स्थानों पर सत्यानंद योग केंद्र की मेजबानी में हो रहे नि:शुल्क योग शिविर का सफलता पूर्वक समापन हुआ शहर के सैकड़ों साधक ने इन शिविर का लाभ उठाया। शिविर का आयोजन गुजरती स नातन समाज में 22 से 24 जून मिरूडोह के विश्व विकास स्कूल में 22-23 जून और गोलमुरी क्लब में 25 से 27 जून त्रिदिवस्य योग शिविर रखा गया था। जिसका समापन 27 जून को हुआ। साधको ने बिहार स्कूल ऑफ योग के वरिष्ठम स्वामी, स्वामी गोरखनाथ जी के गौरवमई दिशानिर्देश में योग प्रशिक्षण का लाभ उठाया। शिविर में स्वामी जी ने विभिन्न आसान, प्राणायाम का अभ्यास के साथ साथ अलग अलग घ्यान के अभ्यास करवाएं। शहर में हो रहे योग शिविर को सफल बनाने में सत्यानंद योग केंद्र के अध्यक्ष के के झा सचिव मलये दे सह सचिव अश्वनी शुक्ल राज शर्मा, रविंद्र जी लखन ठाकुर, किरण, लक्खी, राज आदि का विशेष योगदान रहा।

## सहायक रेलवे अभियंता को आजसू ने सौंपा मांग पत्र

**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी जिला समिति द्वारा मंगलवार को सहायक अभियंता रेलवे को ज्ञापन सौप कर कई समस्याओं से अवगत कराया और जल्द ही पूरे मामले से निवारण की मांग की। ज्ञापन सौप रहे जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि वीर कुंवर सिंह चौक से पिगमेंट गेट के रेलवे ब्रिज के नीचे बारिश होने पर जल जमाव हो जाता है जिससे पैदल तो दूर मोटर वाहन का भी आवागमन मुश्किल हो गया है। साथ ही संकटा सिंह पेट्रोल पंप चौक से मुख्य सड़क चाईबासा बस स्टैंड तक के सड़क अत्यंत भ्यवाह स्थिति में है जहा अत्यधिक दुर्घटनाएं होती है और किसी का भी ध्यान इस तरफ नही आता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, जिला सचिव अरूप मल्लिक, कीर्तिवास मंडल, जिला संगठन सचिव ललन झा, छात्रसंघ अध्यक्ष हेमंत पाठक, जुगसलाई मंडल कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण प्रसाद, उपाध्यक्ष स्वरूप मल्लिक समेत कई लोग उपस्थित थे।

# सोना देवी विश्वविद्यालय में बीटेक, बीसीए और बीबीए समेत कई कोर्स में नामांकन चालू

मुल्य आधारित शिक्षा पर सोना देवी विष्वविद्यालय का फोकस : प्रभाकर सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश में शिक्षा जगत में एक नए अध्याय लिखने के उद्देश्य से सोना देवी मेमोरियल एजुकेशन फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा पूर्वी सिंहभूम के घाटशिला अनुमंडल के कीताडीह में सोना देवी विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। दरअसल झारखंड के युवाओं को गुणवतापूर्ण रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने के प्रति त्संकल्प सोना देवी मेमोरियल एजुकेशन फाउंडेशन ट्रस्ट वर्षों से इसके लिए प्रयासरत है।



सोना देवी विवि परिसर का दृश्य।

**अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के साथ समझौता :** सोना देवी विवि झारखंड का पहला और एक मात्र विवि है, जिसके स्थापना के साथ ही विभिन्न कोर्स के लिए अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के साथ समझौता हुआ है। इस समझौता के अंतर्गत स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत थाईलैंड, म्यांमार, नेपाल सहित अन्य देशों के विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र सोना देवी विवि में अध्ययन और रिसर्च के लिए आयेंगे। वहीं सोना देवी विश्वविद्यालय के छात्र भी इन देश के विश्वविद्यालों में अध्ययन और रिसर्च के लिए जायेंगे। इस क्रम में 19 मई को भव्य कार्यक्रम में भारत में रॉयल थाई महावाणिज्यदूत सुश्री अचरापन यवप्रपास की उपस्थिति में कृषि, मत्स्य पालन और पर्यटन कोर्स के लिए थाईलैंड सरकार के साथ समझौता पर हस्ताक्षर किया गया।

### सोना देवी विश्वविद्यालय में संचालित कोर्स तथा तय फीस

बीबीए – 35,000/– प्रति सेमिस्टर एमबीए – 90,000/– प्रति सेमिस्टर
बीसीए – 30,000/– प्रति सेमिस्टर एमसीए – 45,000/– प्रति सेमिस्टर
बीएससी – 33,000/– प्रति सेमिस्टर बीएससी – 30,000/– प्रति सेमिस्टर (बायो टेक्नोलॉजी)
बीकॉम ऑनर्स – 23,000/– प्रति सेमिस्टर एम कॉम – 25,000/– प्रति सेमिस्टर
बीटेक ;– 60,000/– (सीएसई)बीटेक – 60,000/– प्रति सेमिस्टर (सीएससी ऑफिसियल इन्टेलिजेन्स)
डिप्लोमा (सिविल, मेकानिकल, इलेक्ट्रीकल) – 30,000/– प्रति सेमिस्टर
बीए आनर्स – 23,000/– प्रति सेमिस्टर
एमए – 25,000–/– प्रति सेमिस्टर

**सुविधाएं :** विश्वविद्यालय परिसर पुरी तरह से वाई–फाई से लैस है। डिजिटल क्लास रुम के साथ ऑडियो–विडियो रिकार्डिंग रुम की भी सुविधा उपलब्ध है। 90 प्रतिशत उपस्थिति शिक्षक एवं छात्र दोनो के लिए अनिवार्य है।

**युवाओं के सर्वागीण विकास के पक्षधर है विवि के संस्थापक चेयरमैन**

सोना देवी विश्वविद्यालय के संस्थापक चेयरमैन प्रभाकर सिंह झारखंड के युवाओं के सम्पूर्ण विकास के साथ रोजगार के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए लगातार हर स्तर पर समझौता किए जा रहे है। दरअसल प्रभाकर सिंह की शिक्षा दीक्षा का झलक उनकी सोच और विजन में दिखता है। प्रभाकर सिंह ने दिल्ली विवि के हिंदू कॉलेज से स्नातक और राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की है। उन्होंने अपने पढ़ाई के दौरान छात्रों के समक्ष आने वाली समस्याओं को बहुत गहरे से अनुभव किया है। यही कारण है की वो सोना देवी विश्वविद्यालय को केवल डिग्री बाटने वाले संस्थान के रूप ने नही बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व के सम्पूर्ण विकास के साथ रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने के पक्षधर है। उनका साफ कहना है कि मेधावी और प्रतिभावान युवाओं को गुणवतापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ ही उनके योग्यता अनुसार रोजगार प्रदान करने के किए विश्वविद्यालय तसंकल्प है।

**विश्वविद्यालय ने एक करोड़ रुपये का छात्रवृति कोष सृजित किया**

सोना देवी विश्वविद्यालय अपने स्थापना के साथ मेधावी और प्रतिभावान युवाओं के लिए 1 करोड़ रुपए तक स्कलरशिप की घोषणा की है।

विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा स्कलरशिप योजना को पूरी तरह से पारदर्शी रखा गया हैइस स्कलरशिप योजना का लाभ कोई भी मेधावी छात्र उठा सकता हैइसके लिए उन्हें सोना देवी विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर जाकर अपना निबंधन करना होगा। उसके बाद उन्हें ऑनलाइन टेस्ट देना होगा.टेस्ट देने के साथ ही उन्हें उनका मार्क्स मिल जायेगा और उस आधार पर उनको स्कलरशिप से संबंधित एक सर्टिफिकेट प्राप्त होगा। जिसके आधार पर नामांकन के दौरान उन्हें स्कलरशिप प्रदान की जायेगीपूरी प्रक्रिया अनलाइन है।

# बकरीद पर्व को लेकर प्रशासन मुस्तैद फूल प्रुफ सुरक्षा की व्यवस्था की

## डीडीसी व एसडीओ ने पर्व को लेकर शांति समिति के साथ की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** बकरीद पर्व 2023 के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर सिदगोड़ा टाउन हॉल में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी के विजय शंकर, ग्रामीण एसपी मुकेश लुणायत, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा की उपस्थिति में आयोजित हुई। मौके पर एसओ जेएनएसी संजय कुमार, एसडीएम घाटशिला सत्यवीर रजक, कार्यपालक पदाधिकारी मानगो नगर निगम सुरेश यादव समेत सभी बीडीओ, सीओ, डीएसपी व थाना प्रभारी मौजूद रहे। इस दौरान उपस्थित शांति समिति सदस्यों से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर उनसे सुझाव लिया गया साथ ही उनकी समस्याओं को भी सुना गया। बैठक में जिले के वरीय पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि विधि व्यवस्था के बेहतर संधारण हेतु प्रशासन द्वारा सभी एहतियाती कदम उठाये गए हैं, असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। सभी बीडीओ, सीओ, डीएसपी एवं थाना प्रभारियों को 24गुणा 7 अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया गया वही थानों में आयोजित शांति समिति की बैठक के फीडबैक पर भी चर्चा की गई। शांति समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया कि थानावार शांति समिति की बैठक में उठाये गए मुद्दों पर अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी, पुलिस पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी, साथ ही साफ-सफाई एवं अन्य बिंदुओं पर भी अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा। बैठक के दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने एवं किसी भी व्यक्ति के द्वारा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा आपत्तिजनक पोस्ट करने/शेयर करने वालों के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बकरीद के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर डीसी एवं एसएसपी द्वारा जारी संयुक्त आदेश में विधि व्यवस्था के संधारण हेतु 13 सुपर जोनल दंडाधिकारी, 10 सुपर जोनल पुलिस पदाधिकारी, 33 जोनल दण्डाधिकारी तथा 36 जोनल पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# टाटा स्टील देश के टॉप थ्री सबसे आकर्षक नियोक्ताओं में से एक

रैंडस्टैड एम्प्लॉयर ब्रांड रिसर्च (आरईबीआर) का खुलासा, दिया अवार्ड

अपने वित्तीय स्वास्थ्य के साथ-साथ एक प्रतिष्ठित आदर्श नियोक्ता होने के लिए मिली मान्यता

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर/मुंबई।** टाटा स्टील को एक बार फिर भारत में सबसे आकर्षक नियोक्ता ब्रांडों में से एक के रूप में मान्यता दी गई है। हाल ही में घोषित रैंडस्टैड एम्प्लॉयर ब्रांड रिसर्च (आरईबीआर) 2023 में, टाटा स्टील ने अपने कर्मचारियों के लिए विश्वास, विकास और देखभाल की संस्कृति को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए शीर्ष 3 कंपनियों में से एक का स्थान हासिल किया है। टाटा स्टील 2022 में आरईबीआर द्वारा भारत के शीर्ष 10 सबसे आकर्षक नियोक्ता ब्रांडों में से एक थी और अब शीर्ष 3 सम्मानित रैंकिंग में अपनी जगह बना ली है। आरईबीआर विश्लेषण भारत के 150 सबसे बड़े नियोक्ताओं की धारणा का गहराई से अध्ययन करता है और कर्मचारी मूल्य प्रस्ताव और नियोक्ता आकर्षण जैसे विभिन्न कारकों का मूल्यांकन करता है।

## बागबेड़ा वायरलेस मैदान के सौंदर्यीकरण कार्यक्रम का शिलान्यास



जमशेदपुर। सांसद बिद्युत बरण महतो ने मंगलवार को बागबेड़ा वायरलेस मैदान के सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार को लेकर दक्षिण पूर्व रेलवे टाटानगर सहायक अभियंता प्रथम एचपी सतपति के साथ भूमि पूजन किए। 2014 से वायरलेस मैदान के सुंदरीकरण को लेकर सांसद लगातार प्रयास कर रहे थे जिसके फलस्वरूप आज यह कार्य संपन्न हुआ

## विजय की जननी होती है बूथ कमिटी उसे मजबूती दें : पूर्व सीएम रघुवर दास

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस ऐतिहासिक अभियान का भाजपा जमशेदपुर महानगर अंतर्गत सभी 28 मंडलों में सीधा प्रसारण देखने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। महानगर के सभी मंडलों में मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में बड़े एलईडी स्क्रीन एवं टेलीविजन के माध्यम से मेरा बूथ–सबसे मजबूत कर्यक्रम के सीधे प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। जिसमें पार्टी के वरीय नेतागणों के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए। इसी क्रम में गोलमुरी मंडल के उत्कल एसोसिएशन



सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व सीएम रघुवर दास ने शिरकत की। इस दौरान सभी बूथों के अध्यक्ष समेत कार्यकर्तागण मौजूद रहे। रघुवर ने कहा कि बूथ कमेटी विजय की जननी होती है। जो जननी होती है उसकी हिफाजत करना भी जरूरी होता है। इसलिए कार्यकर्ता बूथों की मजबूती एवं सशक्तिकरण की दिशा में मजबूती से कार्य करें।



## स्पीड न्यूज

### 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व सांसद व विधायक



पाटन पलामू। छतरपुर विधानसभा अंतर्गत पाटन प्रखंड के सगुना मोड़ पर मेरा बूथ सबसे मजबूत, मोदी जी का 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम किया गया। इसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह ने की। मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक पुष्पा देवी एवं पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार थे। इस कार्यक्रम में पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, पाटन मंडल प्रभारी उदय शुक्ला, मंत्री पशूपति शर्मा, मंत्री आनंद सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य श्याम देव सिंह, सगुना पंचायत के मुखिया मंजू देवी, जिला कार्यकारिणी सदस्य वशिष्ठ पांडेय, विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, पाटन विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह, निरंजन पासवान, पाटन युवा मोर्चा के अध्यक्ष अभिषेक सिंह, जितेंद्र सोनी, मनोज चंद्रवंशी, बरवाडीह पंचायत संयोजक गुड्डू सिंह रूपेश सिंह, सगुना पंचायत संयोजक प्रिंस कुमार, राजेंद्र मेहता, विश्वनाथ राम, नारद राम, मनीष सिंह, मयंक सिंह, राजेंद्र मेहता, अशरफ अंसारी, मुखिया पति सुरेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, नॉलेज सिंह एवं पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने कहा कि मोदी जी ने कहा कि भाजपा तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति नही करेगी। विधायक पुष्पा देवी ने कहा की बूथ को मजबूती प्रदान करने वाले सभी कार्यकर्ताओं के प्रति हार्दिक अभिनंदन करती हूं।

### किसानों को अनुदान पर मिलेगा बीज बीडीओ ने किया विक्रय केंद्र का उद्घाटन



तरहसी (पलामू)। पलामू जिले के तरहसी प्रखंड के सेलारी पैक्स में मंगलवार को किसानों के बीच 50 प्रतिशत अनुदान पर धान बीज का वितरण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो ने धान विक्रय केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। सहायक तकनीकी प्रबंधक राजन कुमार ने बताया कि सही समय पर बीज आया है। सेलारी पैक्स में 70 क्विंटल धान का बीज प्राप्त है। इसका किस्म आईआर-64 है। किसान आधार कार्ड एवं जमीन रसीद की छायाप्रति देकर 50 प्रतिशत अनुदान पर धान बीज प्राप्त कर सकते है। मौके पर सहायक तकनीकी प्रबंधक राजन कुमार, सांसद प्रतिनिधि विनोद गुप्ता, सेलारी उपमुखिया रंजीत कुमार, पंचायत समिति प्रतिनिधि देवेंद्र साव, किसान मित्र नौशाद आलम, रमेश कुमार, गुरुगोविन्द मेहता, नीरज आदि किसान उपस्थित थे।

### हरिहरगंज : बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



हरिहरगंज पलामू। हरिहरगंज थाना परिसर में मंगलवार को बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने की तथा संचालन एसआई निर्भय कुमार ने किया। बैठक में शामिल दोनों समुदाय के प्रबुद्ध लोगों व जनप्रतिनिधियों द्वारा आपसी प्रेम और सौहार्दपूर्ण तरीके से बकरीद पर्व मनाने की बात कही गई। सीओ वासुदेव राय ने कहा कि उपद्रवियों व असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। जबकि एसआई निर्भय कुमार ने आमलोगों से किसी भी तरह के संवेदनशील सूचना अविलंब थाना में देने का आग्रह किया। इस अवसर पर एसआई शिव शंकर उरांव, कृष्णा यादव, प्रकाश गुप्ता, रेणुका टुड्डू, रंजीत कुमार, गोपाल दूबे, एएसआई संजय सिंह, समाजसेवी भोला गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, पूर्व मुखिया उमेश साव, सत्येंद्र पासवान, लक्ष्मी विश्वकर्मा, प्रमोद रवि, महादेव यादव, बुधन सिंह यादव, अरविंद पासवान, विजय यादव, अतहर हुसैन, मुस्लिम अंसारी, इफ्तिखार अहमद नूरी, मुन्ना विश्वकर्मा, अरुणजय ठाकुर, विजय यादव, लखन यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, मो. इसरार उदय सिंह, मुखिया संदीप यादव, सत्येंद्र भुईयां, कृष्णा सिंह, सत्येंद्र पासवान, टुडे आलम, सुशील भारती, अखिलेश मेहता, महताब शाहिल उर्फ बबलू, पूर्व मुखिया सुरेश चौधरी, रामप्रसाद भुईयां मौजूद थें।

### तरहसी : बकरीद को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



तरहसी। पलामू जिले के तरहसी थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया। जिसमें मुख्य रूप से तरहसी प्रखंड विकास पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो की अध्यक्षता में यह बैठक संपन्न किया गया। जबकि बैठक के संचालन समाजसेवी अनिल सिंह ने किया। जहां विशिष्ट अतिथि के रूप में तरहसी प्रखंड प्रमुख प्रिया कुमारी तरहसी सीओ केदारनाथ सिंह तथा पांकी विधानसभा के समाजसेवी सह पूर्व प्रत्याशी मुमताज अहमद खान, सांसद प्रतिनिधि विनोद गुप्ता बैठक में शामिल होकर बैठक को सफल बनाया। बैठक के दौरान तरहसी बीडीओ सच्चिदानंद महतो ने कहा कि आपसी सौहार्द को बनाए रखें तथा बकरीद पर्व को शांति एवं सद्भाव से मनावें। वहीं तरहसी सीओ केदारनाथ सिंह ने कहा कि बकरीद पर्व को लेकर आपस में हिंदू-मुस्लिम प्रेम बनाए रखें। इस दौरान तरहसी थाना प्रभारी जयप्रकाश पासवान ने कहा कि मैं पुलिस प्रशासन की तरफ से कहीं भी असामाजिक तत्वों एवं असामाजिक लोगों से बचने के लिए पुलिस 24 घंटे आम जनता के तथा सभी लोगों के सेवा में पुलिस हाजिर रहेगी। मौके पर समाजसेवी बागेश्वर पांडे, गुल खान, महेंद्र पासवान, विधायक प्रतिनिधि गोपाल साव, रविंद्रनाथ पासवान, पायनियर पांडे, उपप्रमुख अजय सिंह, आबिद अंसारी, सहित कई जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीण मौजूद थे।

### मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



नीलांबर पितांबरपुर। प्रखंड क्षेत्र के राजकीयकृत उत्कर्मित मध्य विद्यालय गेठा के प्रांगण में सोमवार को मेघा छात्रवृत्ति की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौरा पंचायत के मुखिया गुड्डू पासवान के द्वारा सभी छात्र छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। गुड्डू पासवान ने कहा कि इस विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बेहतर अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढाया है। सम्मान पाने वाले में साबरीन खातून रमीम खातून पंकज प्रजापति चन्दन प्रजापति इस सम्मान समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्या उमाशंकर प्रसाद ने किया। मौके पर शिक्षक अविनाश कुमार पांडे अशोक राम स्कूल प्रबंधक समिति के अध्यक्ष रोबीनंस के अलावा सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### प्रखंड स्तरीय स्कूल रु आर की बैठक



पाटन पलामू। पाटन प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका आयोजन पाटन प्रखंड संसाधन केन्द्र के द्वारा आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पाटन बीडीओ मनोज तिवारी थे। कार्यक्रम में पाटन प्रमुख शोभा देवी, पाटन बीससुत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय, उपाध्यक्ष उमाकांत सिंह, बीआरपी सीआरपी एवं पाटन प्रखंड के सभी विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पाटन शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रियेश कुमार ने किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उद्देश्य जो बच्चे बीच में पढ़ाई छोड़ दिये है तथा पढ़ाई में रुचि नहीं रखते हैं उनको शत प्रतिशत विद्यालय आने के लिए प्रेरित करना है। पाटन बीडीओ मनोज तिवारी ने कहा कि बच्चे को शत प्रतिशत विद्यालय आने के लिए सभी लोगों को आगे बढ़कर काम करने की जरूरत है। धन्यवाद ज्ञापन बीपीम अजय कुमार ने किया।

# विष्णु मंदिर रोड में लगने वाली गाड़ियां स्टेट बस डिपो में लगे : चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर

### व्यवसाई और नागरिक दोनों को सुविधा मिले

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। बाजार के व्यवसायियों ने चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर से मुलाकात की। व्यवसायियों ने विष्णु मंदिर रोड में सुबह-सुबह थोक विक्रेताओं के गाड़ियों से जाम लगने के कारण मंदिर में जाने आने वालों को हो रही प्रेषणी, गाड़ी जाम लगने के कारण स्कूल बस समय पर नहीं पहुंचने से बच्चों को हो रही परेशानी, बाजार आने जाने वाले महिला पुरुषों एवं बुजुर्गों को हो रही परेशानी तथा मोहल्ले वालों को अपने घर के सामने गाड़ियों से जाम रोड से निकलने में हो रही परेशानी एवं पोलूशन से अवगत कराया। शंकर ने तुरंत इस पर संज्ञान लेते हुए कहा हर शहर में थोक विक्रेताओं को शहर के बाहर एक स्थान दिया जाता जहां सुलभ तरीका से हमारी जरूरत के चीजों को थोक व्यवसाई पूरा करते हैं। शंकर ने कहा की हमारे शहर में अभी तक ऐसी व्यवस्था नहीं हो सकी है इसलिए लोग रोड में लगाकर हमारी जरूरत के चीजों को पूरा कर रहे। शंकर ने तुरंत इस पर संज्ञान लेते हुए नगर आयुक्त से बात की और सुझाव दिया कि जब तक वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक सुबह 4 से 10 बजे तक के लिए सभी छोटी बड़ी गाड़ियां जो सब्जी लेकर शहर को आते हैं उसे स्टेट बस डिपो के पिछले हिस्से जिसकी अब सफाई भी कर दी गई है फेवर ब्लॉक भी लग चुका और खाली भी पड़ा है में पार्क कराई जाए। जहां से खुदरा सब्जी व्यवसाय करने वाले व्यवसाई आसानी से सब्जी भी ले जा सके और शहर के रोड को भी जाम से बचाया जा सके। साथ ही साथ निगम को भी एक अच्छा राजस्व मिल पाए। नगर आयुक्त ने सुझाव को गंभीरता से लेते हुए कहा जल्द एक-दो दिन में इस पर निर्णय लेते हुए व्यवस्था की जाएगी। शंकर से मिलने वाले वार्ड पार्षद लालबाबू, धीरज गुप्ता, कुमार गौरव, तुषार घोष, मुन्ना सिन्हा, एसके बोरल, प्रदीप घोष एवं अन्य लोग मौजूद थे।

# सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष : शिंदे

### केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीबों को मिल रहा : बीडी राम

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। गांधी स्मृति टाउन हॉल में महा जनसंपर्क अभियान के तहत डाल्टनगंज विधानसभा के लाभार्थीयों का सम्मेलन संपन्न कराया गया। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक एवं संचालन विजय ओझा ने किया। मुख्य अतिथि रामशंकर शिंदे महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ वर्ष का शासनकाल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। मोदी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने में सफल रही है। देश के सभी क्षेत्रों में विकास की गति तेज हुई है एवं जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों तक डिजिटल के माध्यम से पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास मोदी जी के प्रति अपार है। देश ही नहीं दुनिया में भी भारत की प्रतिष्ठा बढ़ रही है। वह दिन दूर नहीं जब मोदी जी के नेतृत्व में भारत दुनिया में शक्तिशाली राष्ट्र बनकर विश्व गुरु बनेगा। इस मौके पर सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से गरीबों को प्रत्यक्ष रुप से लाभ तो मिला ही है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण से महिलाओं का सम्मान बढ़ है। देश बदल रहा है आत्मनिर्भर बन रहा है। अमृतकाल वर्ष में भारत समृद्ध राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि मोदीसरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से हर आम आवाम गरीबों को किसी न किसी योजना से सीधे लाभ मिल रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। लाभार्थी सम्मेलन को श्याम नारायण दुबे, मनोज सिंह, जवाहर पासवान, नरेंद्र पांडे, दुर्गा जोहरी, लवली गुप्ता, मीना गुप्ता आदि ने संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन महा जनसंपर्क अभियान संयोजक विभाकर नारायण पांडे ने किया।

# श्री अन्न के लाभ एवं इसके उत्पादन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



बिश्रामपुर पलामू। ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व, रेहला के द्वारा ग्रामीण एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र, बेलचम्पा में किसानों के बीच श्री अन्न (मोटे अनाज) के लाभ एवं इसके उत्पादन पर एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र, गढ़वा के प्रमुख सह गढ़वा कृषि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार एवं सहायक प्रोफेसर डॉ राहुल कुमार ने किसानों को श्री अन्न की महत्ता के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि आज यह वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित हो गया है कि श्री अन्न अपने पौष्टिक गुणों के कारण कई बीमारियों को दूर करने में सक्षम है एवं वर्ष 2023 को संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा अंतरराष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष घोषित किया गया है और भारत सहित 72 देश श्री अन्न के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा दे रहे हैं। श्री अन्न के उत्पादन एवम इससे संबंधित सभी पहलुओं पर चर्चा की गई। साथ ही किसानों को कृषि से संबंधित समयों पर भी चर्चा की गई एवं खरीफ फसल के प्रबंधन के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर 100 किसानों को जागरूकता सह प्रशिक्षण दिया गया तथा उनके बीच मडुआ तथा धान के बीज का भी वितरण किया गया। ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व के द्वारा इस वर्ष 400 किसानों के बीच खरीफ एवं श्री अन्न के बीजों के वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम का आयोजन ग्रासिम के मानव संसाधन प्रमुख अजीत तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में ग्रासिम के कर्मचारी संबंध प्रमुख प्रणब पांडा एवं नितेश पांडे भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सी एस आर के अनिल गिरि ने किया। कार्यक्रम में किसानों के अलावा स्वयं सहायता की महिला कृषक, जन सेवा ट्रस्ट के नागेंद्र यादव, गोपीनाथ विश्वकर्मा, मो कैफ, योगेश पाल, अनीता देवी, सतेंद्र सिंह, भोला सिंह, बीरेंद्र सिंह, शिवलाल पासवान, आफताब अंसारी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे ।

# प्रधानमंत्री मोदी के संदेश को घर-घर पहुंचायें कार्यकर्ता : शशिभूषण मेहता

### पांकी विधायक ने सतबरवा में चलाया जनसंपर्क अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबरवा पलामू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल 9 साल पूरे होने पर पूरे भारत में भारतीय जनता पार्टी ने 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत भारत वासियों को मोदी के द्वारा राष्ट्र हित में किए गए कार्यों को जन जन तक पहुंचाने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया है। इस कार्यक्रम के तहत पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने 30 मई से 30 जून तक पुरे पांकी विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चला कर मोदी जी के कार्यों को जन जन तक पहुंचा रहे हैं और लोगों से मोदी जी को भारत के पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए आग्रह कर रहे हैं। विधायक डॉ मेहता ने सतबरवा प्रखंड के रेवारातू, घुटवा, सोहड़ी, एरूवा समेत दर्जनों गांवों का दौरा किया और मोदी जी का संदेश घर घर तक पहुंचाया। इस दौरान डॉ मेहता ने कहा कि देश के एक ऐसे महान पुरुषों में नरेंद्र मोदी हैं जिनके कार्यों से पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। ऐसे महान पुरुष को फिर प्रधानमंत्री बनाना है, ताकि भारत देश मोदी जी के नेतृत्व में और विकास करे एवं सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के संदेश को घर घर जाकर लोगों तक पहुंचायें। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, प्रखंड प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, राणा प्रताप कुशवाहा, मनोज यादव, विश्वनाथ यादव, अशोक यादव, अरुण यादव, किशुन साव, संदीप यादव, मदन साहू, कामेश्वर यादव, तुलेश्वर सिंह, रविंदर यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

# वातार्लाप कार्यक्रम जनता और सरकार के बीच की मजबूत कड़ी मीडिया से सीधा संवाद स्थापित करना है : एडीजी, पीआईबी

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के विभाग पत्र सूचना कार्यालय, रांची द्वारा पलामू जिला प्रशासन के सहयोग से मंगलवार को जिले के पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्मृति भवन में क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला 'वातार्लाप' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में अपर महानिदेशक पत्र सूचना कार्यालय, रांची अखिल कुमार मिश्रा, पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, डीएफओ सौमित्र शुक्ला, सीआरपीएफ 134 बटालियन के कमांडेंट सुदेश कुमार, उप निदेशक जनसंपर्क आनंद, पीटीआई के वरिष्ठ पत्रकार इंदुकांत दीक्षित, खबर मंत्र के ब्यूरो चीफ उदय चौहान अतिथि वक्ता के रूप में शामिल हुए। साथ ही जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, पलामू के गणमान्य लोगों तथा वरिष्ठ पत्रकारों की उपस्तिथि भी रही। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर वातार्लाप की शुरूआत की गई। पीआईबी रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों एवं मीडिया कर्मियों का स्वागत करते हुए वातार्लाप में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस कार्यक्रम को सरकार और मीडिया की कड़ी को और मजबूत करने का माध्यम बताया। उपायुक्त पलामू ने कहा कि मीडिया पावरफुल है, अतः पत्रकार अपना रोल बखूबी निभायें और न्यूज की फैक्ट चेक करके ही छापे। एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि आप खबर को पूरी जिम्मेदारी के साथ दें। मीडिया को 'सेंसेशनलिज्म' से बचना चाहिए। सीआरपीएफ के सुदेश कुमार ने संस्था के कार्यक्षेत्र पर प्रकाश डाला और झारखंड में शांति बहाली के लिए किए जा रहे प्रयासों की चर्चा की।

### 16 वर्षीय किशोरी ने की आत्महत्या



मेदनीनगर। सदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जोड़ पंचायत में काजल कुमारी 16 वर्षीय फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि पिता से अनबन होने के बाद काजल कुमारी ने फांसी लगा ली। घटनास्थल पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार सिंह ने दल बल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी गौतम कुमार सिंह ने बताया कि पिता से कुछ अनबन होने के कारण काजल कुमारी ने फांसी लगा ली है। उन्होंने हर पहलुओं पर छानबीन शुरू कर दी। काजल कुमारी अपने भाई और पिता के साथ जोड़ पंचायत में रहती थी।

### मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत मनातू में हुआ सीधा संवाद



मनातू पलामू। मनातू प्रखंड भाजपा कार्यालय मे मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मोदी सरकार के 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मेरा बुथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत सीधा संवाद किया। तत्पश्चात मनातू बाजार पर घर-घर और सभी दुकानों में महा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। मौके पर उपस्थित प्रभारी नवेंदु कुमार मिश्र, सांसद प्रतिनिधि बिगु साहू, महामंत्री अरविंद यादव, विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, उपाध्यक्ष हरेंद्र पासवान, लक्ष्मण साव, अयोध्या प्रसाद, अखिलेश यादव, कमलेश कुमार, मीडिया प्रभारी अंतु यादव, विनेर्श्वराम, शौकत खान, अनिल कुमार यादव, मिथिलेश प्रसाद, अयोध्या सिंह, संदीप कुमार, मालती देवी, शोभन कुमार यादव, बेलाश प्रसाद, गुड्डू खलीफा, पुखराज साहू, लाडले हसन, करेश राम, विलखनाथ सिंह, करेश राम तथा सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का तकनीकी संचालन अखिलेश कुमार यादव ने किया।

# फ्लाई ओवर निर्माण स्थल पर अपराधियों का तांडव, फायरिंग कर 1 कर्मी को किया घायल

गजेंद्र/राजेश



मेदिनीनगर/हरिहरगंज पलामू। पिपरा थाना क्षेत्र के चपरवार मोड़ के समीप एनएच 98 फोरलेन पथ पर बन रहे फ्लाइ ओवरब्रिज निर्माण साइट पर अपराधियों ने मंगलवार को दिनदहाड़े फायरिंग कर दी। बाइक सवार अपराधियों ने तीन राउंड गोली चलाई। इसमें एक गोली 40 वर्षीय शिवादास नामक कर्मी के पैर में लगी।वह बिहार के मुजफ्फरपुर के रामघाट का रहने वाला है। जो मजदूर मुहैया कराने का कार्य करता है। फायरिंग के बाद सारे अपराधी छतरपुर की ओर भाग निकले। जख्मी कर्मी को पहले अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर, उसके बाद एमआरएमसीएच मेदिनीनगर में इलाज किया गया। एमआरएमसीएच में इलाज के दौरान उसके दाएं पैर के घुंटने के नीचे लगी गोली निकाल दी गई है। छतरपुर एसडीपीओ अजय कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया रंगदारी मांगने को लेकर अपराधी गिरोह द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। अपराधी गिरोह की पहचान सहित अन्य बिंदुओं पर पुलिस अनुसंधान कर रही है। 0 पूरे इलाके में नाकेबंदी की गई है। घटना के बाद मामले की छानबीन में छतरपुर, हरिहरगंज, पिपरा की पुलिस लगी हुई है। इस सम्बंध में पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रथम दृष्टया रंगदारी वसूलने को लेकर अपराधियों ने भय पैदा करने के लिए गोली चालन की घटना को अंजाम दिया है। जिला के सीमावर्ती क्षेत्र को सील कर दिया गया है। सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अपराधियों की पहचान कर जल्द ही मामले का उद्भेदन किया जाएगा।

# सेवा व देखभाल की कमी हुई तो नहीं बच पाता है पौधा और बच्चा : कौशल

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत अपने बड़े पुत्र प्रो अरुण कुमार जायसवाल और बहु कोमल जायसवाल की शादी के 11वीं वर्षगांठ पर शहर के दो नंबर टाउन टीवीएस शोरूम के बगल में और सर्किट हाउस एवं प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के बाहर सड़क किनारे नीम एवं छतरी का 25 पौधे लगाया। पिछले वर्ष सितंबर में पर्यावरणविद ने प्रमंडलीय आयुक्त जटाशंकर चौधरी के साथ उनके आवासीय परिसर एवं आवास के बाहर सड़क किनारे 150 पौधा लगाए थे। परंतु तापमान अधिक होने के कारण 15 पौधे मर गए थे। पुनः उक्त गैविन में फिर से पौधे लगाकर सभी 44 गैविन में गोबर खाद डालकर घास निकोनी कर दिया गया।

### उंटारी रोड : प्रखंड स्तरीय 'स्कूल रूआर' की बैठक



उंटारी रोड। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के निर्देश पर उंटारी रोड के मध्य विद्यालय चेचरिया में प्रखंड स्तरीय 'स्कूल रूआर'-2023 बैठक क आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित राम ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ ललित राम, प्रमुख अल्का कुमारी, उपप्रमुख खोखन राम, मुखिया संघ अध्यक्ष सह लहरबंजारी पंचायत के मुखिया अशोक कुमार सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता रामकृष्ण पाल ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत भाषण संकुल साधन सेवी अश्विनी सिंह ने किया। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी रोहित कुमार गुप्ता ने रुआर -2023 कार्यक्रम का अतिथियों के समक्ष विषय परिवेश कराकर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय स्तर पर इसे 15 जुलाई 2023 तक चलाया जाएगा।इस दौरान सुनिश्चित हो कि सभी बच्चे विद्यालय में नामांकित हो तथा बच्चों का ठहराव रहे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड साधन सेवी नीरज कुमार चौबे ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड साधन सेवी उमाशंकर राम, संकुल साधन सेवी कपिल देव चौधरी, बीआरसी कर्मी रंजीव सिंह ने महत्वपूर्ण योगदान निभाया।

# सही-गलत में भेद करना सिखाती है अच्छी शिक्षा : झुनू कुमार मिश्र

### सदर का प्रखंड स्तरीय स्कूल रूआर-2023 बैठक सम्पन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के कार्यक्रम के अनुरूप सदर मेदिनीनगर प्रखंड विकास कार्यालय के सभागार में प्रखंड स्तरीय स्कूल रूआर-2023 बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सदर अंचल पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्र ने किया। वहीं संयोजन सदर क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हरेन्द्र तिवारी ने किया। जबकि संचालन रजवाडीह मध्य विद्यालय के शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। उद्घाटन सदर प्रमुख बसंती देवी, उपप्रमुख शीतल सिंह चेरो, सदर बीस सूत्री अध्यक्ष तेजू साव, सीओ सदर एवं एईओ सदर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बी.पी.ओ.नीरज सिन्हा ने अभियान के तहत विद्यालय स्तर पर 15 जुलाई तक चलाये जाने वाले दैनिक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर बैठक की अध्यक्षता कर रहे सीओ झुनू कुमार मिश्र ने कहा कि अच्छी शिक्षा, सही एवं गलत में भेद करने का सिखाती है। शिक्षा एक संस्कार है जिस पर सभी का बच्चों का हक है। इसलिए स्कूल रूआर-2023 को सफल बनाने में सभी अपनी जिम्मेदारी निभायें। कहा कि बच्चों के नामांकन के साथ ठहराव और शिक्षा के लिए अनुकूल माहौल हमारा फोकस होना चाहिए। इसमें केन्द्रीय भूमिका के निर्वहन के लिए उन्होंने शिक्षकों एवं शिक्षाकर्मियों का आह्वान किया। प्रमुख बसंती देवी ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि के नाते वह अभिभावकों को इसके लिए अवश्य जागरूक करेंगी। वहीं उप प्रमुख शीतल सिंह चेरो ने कहा कि शिक्षा को वह प्राथमिकता में रखेंगे तथा अभियान में हाथ बटायेंगे। धन्यवाद ज्ञापन बीस सूत्री अध्यक्ष तेजू साव ने किया। बैठक को सफल बनाने में बी.आर.पी.सत्येन्द्र पाठक, सहायक संजय रंजन, सीआरपी कन्हाई राम, ज्योत्स्ना कुमारी, सतीश कुमार शुक्ला, पचु राम, उपेन्द्र कुमार, धनंजय कुमार, मो नसीम, जाहिद हुसैन, लक्ष्मी शंकर मिश्र व ब्रजेश पाण्डेय सहित सेविका-सहायिकाएं उपस्थित थीं।

# हुसैनाबाद में भाजपा ने किया 'मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान' कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद (पलामू)। मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल पर मंगलवार को हुसैनाबाद स्थित दुर्गा बाड़ी भवन में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान का आयोजन किया गया।भाजपा कार्यकताओं ने एल ई डी टीवी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के वर्चुअल संवाद को सुना। इस अवसर पर भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ को मजबूत करने पर पूरा ध्यान दें। उन्होंने कहा की हम सभी ने बूथ को मजबूत करने पर पूरी ताकत झोंकी हुई है। इसके तहत सभी बूथों पर बूथ कमेटी का गठन किया गया है, समय समय पर उन सभी में जोश व उर्जा भरने की आवश्यकता है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह तथा वरिष्ठ भाजपा नेता राम प्रवेश सिंह ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि श्रवन अग्रवाल, अखिलेश मेहता, जिला महामंत्री संतोष कुमार सिंह, संतोष सोनी उदयनाथ विश्वकर्मा सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## सोनाहातू : कांग्रेस कमेटी का सम्मेलन एक जुलाई को

**सोनाहातू।** रांची जिला कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर सोनाहातू प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वाधान में 1 जुलाई शनिवार को माही बैंक्वेट हॉल में प्रखंड स्तरीय कांग्रेस कमिटी का सम्मेलन आयोजित किया गया है। सम्मेलन में प्रदेश ओर जिला स्तर के पदाधिकारी उपस्थित होकर आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव चुनाव के मद्देनजर संगठन को सशक्त बनाने की रणनीति पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन को लेकर गांव स्तर पर कार्यकताओं को जिम्मेवारी दिया गया है। इसकी जानकारी प्रखंड अध्यक्ष अजगुत महतो ने दिया है।

## सपाही नदी से टाटीसिलवे के व्यक्ति का शव बरामद

**नामकुम।** मंगलवार सुबह पुलिस ने थाना क्षेत्र के नामकुम टाटीसिलवे रोड पर स्थित सपाही नदी से एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के मिश्रा टोली के रहनेवाले रामलखन महतो उर्फ भोको महतो 65 वर्ष के रूप में की गयी। परिजनों के अनुसार मृतक विकलांग था तथा वह मानसिक रूप से कमजोर भी था तथा सोमवार दोपहर से वह अपने घर से गायब था।

## अनगड़ा : सर्पदंश से एक व्यक्ति की मौत

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के सालहन ग्राम निवासी धनीलाल साहू (50 वर्ष) की सर्प दंश से मृत्यु हो गयी। मृतक धनीलाल साहू को रविवार की रात सोते समय किसी विषधर सर्प ने डंस लिया, लेकिन उसे सांप काटा है इसकी जानकारी उसने किसी को नहीं दी। सोमवार को जब उसे उल्टी होने लगी तब उसने परिवार के लोगों को बताया कि उसे किसी सांप ने रात में सोते समय काटा है।

# मेसरा में वंदे भारत ट्रेन का भव्य स्वागत

## ट्रेन पहुंचते ही स्टेशन पर खड़े लोगों ने की पुष्प वर्षा

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** झारखंड से बिहार के लिए चली पहली बंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का मेसरा रेलवे स्टेशन पर जोरदार स्वागत किया गया। रांची रेलवे स्टेशन से चली ट्रेन 11.20 बजे जैसे ही मेसरा रेलवे स्टेश्न पहुंची, स्वागत के लिए खेड़े लोगों ने फूलवर्षा कर जोरदार स्वागत किया। वहीं हर्षित लोग भारत माता की जय का घोष करने लगे। इस स्वर्णिम पल को यादगार बनाने के लिए लोग अपनी-अपनी मोबाइल से सेल्फी ले रहे थे। वंदे भारत ट्रेन का मेसरा स्टेशन में स्वागत करने के लिए विभाग द्वारा विशेष तैयारी की गई थी। रेलवे स्टेशन पर कलाकार रंगीन वस्त्र पहने ढोल बजा रहे थे। इससे पूर्व स्टेशन पर झारखंड के कलाकरों द्वारा नृत्य किया गया। वंदे भारत ट्रेन मेसरा स्टेशन प्लेटफार्म संख्या एक पर पहुंची। सबसे पहले राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन उतरे, स्वागत में खड़े रेलवे अधिकरियों द्वारा राज्यपाल का स्वागत किया गया। वहीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के स्वागत के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, रांची सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, महुआ माजी, विधायक समरीलाल, जिप सदस्य संजय कुमार, कामेश्वर महतो, राधाचरण सिंह, रामलखन मेहता, कमलेश राम सहित कई भाजपा कार्यकर्ता व रेलवे अधिकरियों के साथ काफी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। इधर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को देखने के लिए आसपास के क्षेत्र के लोग भी काफी उत्साहित थे। लोग अपना कामकाज छोड़कर घंटों पहले स्टेशन पर पहुंच गये थे।



मेसरा रेलवे स्टेशन पर पहुंची वंदे भारत ट्रेन को देखते लोग।

### मेसरा रेलवे स्टेशन की बढ़ी रौनक

सन्नाटा पसरे मेसरा स्टेशन में मंगलवार को रौनक बढ़ गई। स्थानीय लोगों द्वारा रेल परिचालन व वंदे भारत ट्रेन का स्वागत करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में रोजगार का अवसर बढ़ेगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अभार जताते हुए कहा गया कि सरकारी नौकरी से ही नहं इस प्रकार के विकास योजनाओं से भी रोजगार के अवसर प्रदान किया जा सकता है।

### रिमझिम बारिश के बाद भी स्वागत को खड़े थे लोग

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन आने से पूर्व रिमझिम बारिश हो रही थी। जैसे-जैसे ट्रेन के पहुंचने का समय हुआ मेसरा रेलवे स्टेशन पर लोग पहुंचने लगे। बारिश के बावजूद लोगों का उत्सा कम नहीं था। रेलवे के आला अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी व्यवस्था बनाने के लिए दिशानिर्देश दे रहे थे। वहीं पुलिस व रेलवे कर्मी भीड़ में खड़े लोगों को व्यवस्थित कर रहे थे।



# सौहार्दपूर्ण माहौल में मनायें बकरीद : कमरुल हक

## ईद उल अजहा कल, तैयारियां पूरी

### मस्जिदों में होगी नमाज सुरक्षा के होंगे कड़े प्रबंध



**रातू।** थाना क्षेत्र में बकरीद गुरुवार को मनायी जायेगी। कन्नौज, परहेपाट, पुरियो, हुरहुरी, काठीटांड़, बड़का टोली, आमटांड़, पिर्रा, फुटकलटोली, सिमलिया, अल कमर कॉलोनी, अगड़ू, भोंडा, बिजुलिया, चापाटोली, चितरकोटा बड़काटोली, पाली, तिगरा, हिंसरी, बाजपुर व गड़री में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये गये हैं। डीएसपी प्रवीण सिंह और थानेदार सपन महथा इसकी कमान संभालेंगे। संवेदनशील गांवों में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। हुरहुरी, पाली, ईदगाह टंगरा व सिमलिया में प्रशासन की पैनी निगाह रहेगी।

### जानें नमाज का समय

कन्नौज- सात बजे, परहेपाट- साढ़े सात बजे, पुरियो- सात बजे, बड़काटोली- आठ बजे, फुटकलटोली- साढ़े छह बजे, सिमलिया- साढ़े सात बजे, अल कमर कॉलोनी- साढ़े छह बजे, ईदगाह टंगरा- साढ़े सात बजे, काठीटांड़- सात बजे, हुरहुरी- साढ़े सात बजे, पिर्रा- सात बजे।

अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष कमरुल हक ने बकरीद का त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की है। वह मंगलवार की शाम पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। श्री हक ने जानकारी दी कि बारिश के मद्देनजर ईदगाह की बजाय मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज सुबह 8 बजे तक अदा कर ली जायेगी। उन्होंने बताया कि इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

# ओरमांझी में हमारा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** रांची लोकसभा क्षेत्र के बुथ संख्या-331 में एक कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हमारा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का टीवी पर लाइव देखा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, सांसद संजय सेठ, राजयसभा सदस्य आदित्य साहू, विधायक समरीलाल सहित रांची लोकसभा क्षेत्र के कई नेता व भाजपा कई कार्यकर्ताओं संबोधन टीवी पर लाईव देखी गई। वहीं दीपक प्रकाष ने कहा हमारा बुथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को कार्य पद्धति व समाजिक दायित्व को बोध कराया। उन्होने कहा 2047 में अजादी के सौ साल पूर्ण होने पर भारत अमृतकाल मनाएगी। तबतक भारत को विकसित व विष्व का सबसे वैभव राष्ट्र निर्माण करने की ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कदम बढ़ा दी हैं। वहीं संजय सेठ ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आपका बुथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं में उर्जा भरने का कार्य किया गया। जिसका सुखद परिणाम आने वाले लोकसभा चुनाव में हम सभी को देखने को मिलेगा।



प्रधानमंत्री को सुनते दीपक प्रकाश, संजय सेठ, आदित्य साहू व समरी लाल।

### जनता की सेवा से बूथ होंगे मजबूत

राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा कार्यकर्ता जनता का सेवा कर अपने बूथ को कैसे मजबूत कर सकतें हैं इसके लिए आपका बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम काफी महत्वपूर्ण रहा। इस कार्यक्रम को लेकर भाजपा कार्यकताओं में काफी उत्सह था। कार्यक्रम में उपस्थित सभी भाजपाई भाजपा का टोपी व पटा लगा कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

मौके पर पूर्व खिजरी विधायक रामकुमार पाहन, नरेंद्र कुमार, अमरनाथ चौधरी, संजीत सिंह, विक्रांत तिवारी, महिला कार्यकर्ताओं के साथ सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची।

CORRIGENDUM

T. Reference No. :- S/R -07/2023-24 (PR NO. 299909 ) Date 27.06.2023

| Si.No. | PARTICULARS | PREVIOUS DATE | CURRENT DATE |
|---|---|---|---|
| 3. | Date of Tender Uploading on Website | 17.06.2023/04.00 PM. | 01.07.2023/04.00 PM |
| 4 | Document Download / Sale Start Date | 17.06.2033/04.00 PM. | 01.07.2023/04.00 PM |
| 5 | Bid Submission Start Date | 17.06.2023/04.00 PM. | 06.07.2023/04.00 PM |
| 6 | Document Download / Sale End Date | 23.06.2023/04.00 PM. | 06.07.2023/04.00 PM |
| 7 | Bid Submission End Date | 23.06.2023/04.00 PM. | 06.07.2023/04.00 PM |
| 8 | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | 24.06.2023/01.00 PM. | 07.07.2023/01.00 PM |
| 9 | Date of Opening of Tender | 26.06.2023/11.00 AM. | 08.07.2023/11.00 AM |

नोटः-1. विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट – http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉची पूर्व, रॉची।

PR 301005 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

कार्यालय, झुमरीतिलैया नगर परिषद
अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना सं0– J.M.C/ 05/2023-24 (2nd Call) Date – 26-06-2023

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (in Rupees) | अग्रधन की राशि (in Rupees) | निविदा शुल्क (in Rupees) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Vendor Market Complex at Pani Tanki Road In Ward No -27 Under Jhumritelaiya Nagar Parishad. | 2459650.00 | 49200.00 | 5000.00 | 150 दिन |

1 नगर विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 04.07.2023 (पूर्वाहन 10.00 बजे से)।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 11.07.2023 अपराहन 5.00 बजे।
4. हार्ड कॉपी में निविदा प्राप्ति की तिथि एवं स्थान : 14.07.2023 अपराहन 4.00 बजे। तिलैया थाना परिसर, झुमरी तिलैया
5 निविदा खोलने की तिथि : 15.07.2023 अपराहन 5.00 बजे।
6. हेल्पलाईन नम्बर : 7903772765, 9693145111, 9798062988
7. अग्रधन की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट ही केवल मान्य होगा।
विशेष जानकारी विभागीय वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 300995 Urban Development(23-24)D

# खलारी : सीसीएल के बस में भेड़-बकरियों की तरह ठूंस कर स्कूल जाते हैं नौनिहाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** नौनिहालों का बदहाल नसीब भेड़ बकरियों तरह ठुस ठुस कर स्कूल बस स्कूल भेजे जाते है। सीसीएल प्रबंधन कई वर्षों से मुखदर्शक बने हाट् सीट पर बैठा है। मामला चुरी परियोजना के स्कूल बस में देखा गया कि स्कूली बच्चों को भेड़-बकरियों की तरह स्कूल बस से स्कूली बच्चे ढोए जा रहे हैं। सुभाषनगर कॉलोनी के बच्चों को लाने और ले जानेवाले बस में बच्चे खचाखच भरे रहते हैं। जिससे नाराज होकर अभिभावकों ने मंगलवार को हंगामा किया। सीसीएल प्रबंधन से बसों की संख्या बढ़ाने की मांग की। अभिभावकों का कहना है कि चुरी परियोजना के अंतर्गत चलने वाले स्कूल बस जर्जर हालत में है। इस बस में क्षमता से अधिक बच्चों को ढोया जा रहा है। मात्र एक बस में ही सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा, खलारी डीएवी और उसुर्लाइन कन्वेंट स्कूल के लगभग 250 बच्चे सवार होकर स्कूल आते जाते हैं। जिससे बच्चों को कई तरह की परेशानी होती है। साथ ही दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उधर जेसीएससी सदस्य कमलेश कुमार सिंह ने एनके प्रबंधन से चुरी परियोजना में एक नई बस चलाने की मांग की है। और कहा गया कि जब तक नई बस उपलब्ध नहीं होती है तब तक सीआईएसएफ बसों को बच्चो को स्कूल आने जाने के लिए दिए जाये। बस में कुछ बच्चो को स्कूल ले जाने की आदेश दिया जाए।



# यूकेएस कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** रांची विश्वविद्यालय रांची की ओर से एन एस एस स्वयंसेवकों को सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आर्यभट्ट सभागार में सम्मान समारोह आयोजित कर किया गया। इस समारोह में यू के एस कालेज डकरा के तीन स्वयंसेवकों अमित कुमार गंझूए आदित्य कुमार तथा कुमारी क्षिप्रा आनन्द को प्रमाण पत्र एवम् स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सी सी एल के सीएमडी पी एम प्रसादए विशिष्ट अतिथि रांची लोक.सभा के सांसद संजय सेठए रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हाएडी एस डब्लु डॉ एस के साहूएएन एस एस समन्यवक डॉ ब्रजेश कुमार तथा कालेज एन एस एस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोण्गजेन्द्र यादव उपस्थित थे।




पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना
(लापता महिला मीना देवी, उम्र– 28 वर्ष)



भवनाथपुर थाना सनहा संख्या–16/23, दिनांक– 20.06.2023, में लापता महिला मीना देवी, उम्र–28 वर्ष, पति– रामलाल राम, सा0– मकरी, थाना– भवनाथपुर, जिला– गढवा, राज्य– झारखण्ड के रहने वाली हैं। जो दिनांक– 20.06.2023 को समय करीब सुबह 07:00 बजे अपने बच्चे को छोड़कर बिना बताये कही चली गयी है। जिसका काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि महिला मीना देवी, उम्र–28 वर्ष, पति–रामलाल राम के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0– 9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
नाम– मीना देवी,
उम्र– 28 वर्ष, रंग– सावली,
लम्बाई– लगभग 5 फीट
पहनावा– गुलाबी रंग का साड़ी, पैर में चप्पल, हाथ में लाल रंग का चुड़ी एवं मांग में सिन्दुर।।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 300977 Police (23-24)_D

# हात्मा जंगल से एक व्यक्ति के शरीर का कटा आधा हिस्सा बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** पुलिस ने मंगलवार थाना क्षेत्र के हत्मा जंगल से एक व्यक्ति के शरीर का कटा हुआ आधा हिस्सा बरामद किया है। शरीर का सिर व कमर से नीचे का हिस्सा गायब है। सिर नहीं होने से शव की पहचान नही हो पायी है। बताया जाता है कि मांडर बुढ़मू रोड से करीब सौ मीटर अंदर जंगल में पड़े शव को सबसे पहले ग्रामीणों ने देखा और इसकी सूचना मांडर पुलिस को दी। शव पर कपड़े भी नहीं थे। 24 घंटे से रुक रुक कर हो रही बारिश के चलते अगल बगल में भी शव से संबंधित कोई अन्य साक्ष्य पुलिस को नहीं मिला है। पुलिस को अंदेशा है कि इस व्यक्ति की हत्या कर शव को कहीं से लाकर जंगल मे फेंक दिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है और मामले की जांच में लग गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इस मामल में गहनता से जांच कर इसके नतीजे तक पहुंचा जाएगा।

# सात करोड़ से बनेगा जलमीनार : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** राज्य सरकार विकास के प्रति कृतसंकल्प है। योजनाओं को धरातल पर साकार करना हमारी प्राथमिकता है। यह बातें विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहीं। वे पेयजल एवं स्वच्छता विभाग बेड़ो के परिसर में मंगलवार को जलमीनार के शिलान्यास समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। उन्होंने संयुक्त रूप से सात करोड़ की लागत से बननेवाली जलमीनार का विधिवत शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इस जलमीनार की क्षमता दो लाख बीस हजार लीटर का होगा। वहीं 29 किलोमीटर तक पाईप लाईन बिछाया जाएगा। साथ ही 1350 से भी अधिक घरों में जलापूर्ति की जाएगी। इसके बनने से ग्रामीणों को पेयजलापूर्ति का सीधा लाभ मिलेगा। जिससे उनका वर्षों से लंबित सपना साकार होगा। इसके बनने से क्षेत्र में हर्ष का माहौल व्याप्त है। यह योजना कालांतर में ग्रामीणों के लिए वरदान बनेगा। वहीं विभाग के कनीय अभियंता विजय मिंज ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत सात करोड़ की लागत से इस जलमीनार का निर्माण किया जाएगा।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार, जेई विजय मिंज, जिपस पश्चिमी बेरोनिका उरांव, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार रॉय, उप प्रमुख मोदस्सीर हक, मुखिया लक्ष्मी कोया, पूर्व मुखिया सुनील कच्छप, पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, पंसस राखी भगत व करमा उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

# बारिश होते ही रांची-पुरुलिया सड़क बना तालाब

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** रांची पुरुलिया सड़क मिलन चौंक से मासू मंजिला टोली भाया टाटी सिलवे पीएमजीएसवाई सड़क की स्थिति बेहद जर्जर हो गयी है। सड़क के बीचो बीच जल जमाव से ग्रामीणो को आवागमन में बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । इस सड़क की जीर्णोद्धार हेतु निविदा स्वीकृत कर करीब पांच माह पूर्व 23 फरवरी 2023 को सांसद और विधायक के द्वारा शिलान्यास किया जा चुका है । लेकिन शिलान्यास के बाद भी संवेदक के द्वारा सड़क मरम्मत का कार्य शुरू नहीं किए जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो के नेतृत्व में जर्जर सड़क पर खडा हो कर मंगलवार को ग्रामीणों ने रोषपूर्ण प्रदर्शन किया । प्रदर्शनकारी नेताओं और ग्रामीणों ने कहा कि बरसात प्रारंभ होते ही पूरा रोड जलमग्न हो गया है। उक्त सड़क तालाब और गढे में परिणत हो चुका है। लगभग पांच हजार की जनसंख्या वाली गाँव के लोग इस सड़क के जर्जर स्थिति के कारण पूरी तरह से प्रभावित हैं ।प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने कहा कि सांसद विधायक जनता की परेशानियों के प्रति उदाशीन हैं सासद और विधायक को शिलान्यास के बाद इसी सुधी लेनी चाहिए।



### सांसद-विधायक का होगा विरोध

आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो एवं खिजरी विधान सभा के पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव एवं ग्रामीणों ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर सड़क का मरम्मत शुरू नहीं हुआ तो ग्रामीण सांसद और विधायक का विरोध करेंगे। प्रदर्शनकारियों में जिला सचिव अजीत महतो, प्रखंड सचिव गोवर्धन महतो, वकील महतो, मोइन अंसारी, सहजनाथ महतो, लक्ष्मण महतो, राजेश महतो, जलकु करमाली, लाल मोहन महतो, विजय महतो, प्रमोद महतो आदि शामिल थे।

सचेत झारखण्ड! सुरक्षित झारखण्ड!
उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार
झारखण्ड में वज्रपात् ................एक प्राकृतिक आपदा

वज्रपात से बचने के लिए निम्नलिखित सावधानियाँ बरतें–

1. यदि घर में हो तो पानी का नल, फ्रिज, टेलीफोन, टेलीविजन आदि को न छुएँ और उससे दूर रहें तथा बिजली से चलने वाले यन्त्रों को बन्द कर दें।
2. यदि दो पहिया वाहन, साइकिल, ट्रैक्टर, नौका आदि पर सवार हो तो तुरंत उतरकर सुरक्षित स्थानों पर चले जाएँ। बज्रपात के दौरान वाहनों पर सवारी न करें।
3. धातु की डंडी वाले छाते का उपयोग न करें।
4. टेलीफोन व बिजली के पोल तथा टेलीफोन व टेलीविजन टावर से दुर रहें।
5. कपड़े सुखाने के लिए तार का प्रयोग न कर जूट या सूत की रस्सी का उपयोग करें।
6. बिजली की चमक देख तथा गड़गड़ाहट की आवाज सुनकर ऊँचे एवं एकल पेड़ों के नीचे नहीं जाएँ।
7. यदि आप जंगल में हो तो बौने एवं घने पेड़ों की शरण में चले जाएँ।
8. वृक्षों, दलदल वाले स्थलों तथा जल श्रोतों से यथासंभव दूर रहें परन्तु खुले आकाश में रहने से अच्छा है कि छोटे पेड़ों के नीचे रहें।
9. खुले आकाश में रहने को बाध्य हों तो नीचे के स्थलों को चुनें। एक साथ कई आदमी इकट्ठे न हों। दो लोगों के बीच की दूरी कम से कम 15 फीट हो।
10. तैराकी कर रहे लोग, मछुआरे आदि अविलम्ब पानी से बाहर निकल जाएँ।
11. गीले खेतों मे हल चलाते, रोपनी या अन्य कार्य कर रहे किसान तथा मजदूर या तालाब में कार्य कर रहें व्यक्ति तुरन्त सूखे एवं सुरक्षित स्थान पर जाएँ।
12. धातु से बने कृषि यंत्र, डंडा आदि से अपने को दूर कर लें।
13. यदि आप खेत–खलिहान में काम कर रहें हों तथा किसी सुरक्षित स्थान की शरण न ले पाये हों तो–
a. जहाँ हैं वही रहें, हो सके तो पैरों के नीचे सूखी चीजें जैसे लकड़ी, प्लास्टिक, बोरा या सूखे पत्ते रख लें।
b. दोनों पैरों को आपस में सटा लें एवं दोनों हाथों को घुटनों पर रखकर अपने सिर को जमीन की तरफ यथासंभव झुका लें तथा सिर को जमीन से न छुआएँ।
c. जमीन पर कदापि न लेटें।
14. अपने घरों तथा खेत खलिहानों के आस–पास कम ऊँचाई वाले उन्नत किस्म के फलदार वृक्ष समूह लगाएँ।
15. ऊँचे पेड़ के तनो या टहनियों में तांबे का एक तार स्थापित कर जमीन में काफी गहराई तक दबा दें ताकि पेड़ सुरक्षित हो जाएँ।
16. मजबूत छत वाला पक्का मकान सबसे सुरक्षित स्थल है।
17. यदि सम्भव हो तो अपने घरों मे तड़ित चालक लगवा लें।

नोट– किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए 112, पुलिस सहायता के लिये 100, अग्नि शमन सहायता के लिये 9304953423, एम्बुलेंस की सहायता के लिये 108 एवं कंपोजिट कन्ट्रोल रुम के लिये 06546–264159 एवं 265233 नम्बर पर सम्पर्क करें।जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, हजारीबाग द्वारा जनहित में जारी

उपायुक्त –सह– अध्यक्ष
जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार,हजारीबाग

PR 300997 Disaster Management(23-24).D

# वंदे भारत?

देश में एक साथ 5 वंदे भारत सेमी एक्सप्रेस का संचालन आंरभ हुआ। झारखंड और बिहार के हिस्से भी पहली वंदे भारत ट्रेन मिली। एक उम्मीदों की रेल, उल्लास और गति-तकनीक का उम्दा मिशाल देश को मिला। सबसे बड़ी बात है कि इसे भारतीय तकनीक, इंजीनियरिंग के सहयोग से विकसित किया गया है। 1918 में पहली वंदे भारत चली थी। इस वर्ष यानी आजादी के 75 वे साल पर 75 वंदे भारत रेल पूरे देश में चलेगी यह गौरव की बात है। इससे पर्यटन और रेल की गति को बढ़ावा मिलेगा। अब तक 23 वंदे भारत चल चुकी है। रेल आम आदमी की सवारी है और देश को जोड़ने की दिशा में सबसे मजबूत कड़ी है। आज भारतीय रेल जो तीन दशक पूर्व चीन से आगे था आज काफी पिछड़ चुका है। वंदे भारत अवश्य चले लेकिन इसके कारण दूसरे रेलगाड़ियों का परिचालन उपेक्षित न हो इसका भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। आज रेल के पटरियों पर आम आदमी की गतिविधियां अधिक हो गयी है इसके कारण रेल पटरियों के नीचे से अडंर पास की संख्या को लेकर रेलवे को चिंता करने की आवश्यकता है।पटरियों के रख रखाव और पूरे तंत्र की सुरक्षा के क्षेत्र में मानव संसाधन की कमी न हो, सुरक्षा बल भी पर्याप्त रहे यह आवश्यक है। गरीब रथ, दुरंतो जैसी रेल गाड़िया भी रेल मंत्रियों के प्रयोग होते रहें हैं लेकिन इस रेल में आम लोगों की उम्मीद गति और तकनीक को लेकर है। आवश्यक है कि झारखंड के वंदे भारत को तीन दिन बोकारो, गोमो, मुरी रूट से भी चलाया जाए जिससे पूरे राज्य को वंदे भारत की सेवा प्राप्त हो। वैसे भी देश के 17 करोड़ परिवार के लिये वंदे भारत सिर्फ देखने और ताली बजाने के लिये ही है लेकिन सात करोड़ भारतीय और विदेशी पर्यटक को इसकी सवारी रास आना चाहिए।

# पाक का हाथ

जिस प्रकार की घटना उदयपुर में हुई उससे देश में एक नये बहस की शुरुआत हो गयी। उदयपुर में बर्बर हत्याकांड के बाद एक बार फिर भारत में करकर के बढ़ते नेटवर्क की चचाओं ने जोर पकड़ लिया है। आंकड़ों पर नजर डालें तो भारत में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट का प्रभाव बढ़ा है। देश में मुस्लिमों की आबादी लगभग 170 मिलियन यानी 17 करोड़ से अधिक है। भारत इंडोनेशिया के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश है। राजस्थान के पुलिस महानिदेशक एम एल लाठर ने यहां संवाददाताओं को बताया, हत्या में शामिल एक आरोपी गौस मोहम्मद के कराची के इस्लामिक संगठन दावत-ए-इस्लामी से लिंक पाये गये है। वह 2014 में करांची गया था।और इसका खतरा अब कई गुना बढ़ गया है। भारत हमेशा से करकर और अल कायदा का प्रमुख लक्ष्य रहा है। आतंकी संगठन इन हिंसक झड़पों का फायदा उठाते हैं और नफरत फैलाने की पूरी कोशिश करते हैं। हमेशा से देखा गया है कि आतंकी संगठन जिहादी कट्टरपंथ और आतंकियों की भर्ती के लिए भारत को निशाना बनाते रहे हैं। इस्लामिक स्टेट के ठिकानों की सूची में भारत पहले से ही 19 क्षेत्रों में शामिल है। करकर ने भारत को खुरासान राज्य में बदलने की कसम खाई है और खुरासान का नक्शा भी प्रकाशित किया जा चुका है। इस्लामिक स्टेट के खुरासान प्रांत अफगानिस्तान, पाकिस्तान, भारत के कुछ हिस्सों और आसपास के अन्य देशों को कवर करता है। पुलिस प्रशासन को सजग रहने की आवश्यकता है। जिस प्रकार इस क्रूरतम घटना को अंजाम दिया गया है उससे भारत विरोधी षडयंत्र की बू आ रही है। देश को अस्थिर करने का दौर चल रहा है निश्चित ही इस कठिन समय में संतुलित होकर निर्णय लेने का वक्त है।

# आपातकाल आधुनिक इतिहास की सबसे भयावह त्रासदी





- एचएन दीक्षित

भारत में संविधान का शासन है। संविधान निमार्ताओं ने न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका में खूबसूरत अधिकार विभाजन किए हैं। लेकिन आपातकाल आधुनिक इतिहास में संविधान को तहस-नहस करने की भयावह त्रासदी है। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने आज से 48 वर्ष पूर्व (25 जून 1975) पूरे देश को कैदखाना बना दिया था। संविधान (अनुच्छेद 352) में वाह्य आक्रमणों और देश के भीतर गंभीर आतंरिक अशांति के आधार पर आपातकाल घोषित करने की व्यवस्था थी। लेकिन तब देश में कोई आतंरिक अशांति नहीं थी। प्रधानमंत्री स्वयं आतंरिक अशांति से पीड़ित थीं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 12 जून 1975 को उनका संसदीय चुनाव अवैध घोषित कर दिया था। न्यायालय के अनुसार वे अनुचित साधनों द्वारा चुनाव जीती थीं। रायबरेली (उत्तर प्रदेश) की उनकी संसदीय सीट रिक्त घोषित कर दी गई थी। सत्ता पक्ष का एक धड़ा और संपूर्ण विपक्ष त्यागपत्र मांग रहा था। उन्होंने पद से न हटने का निश्चय किया। आपातकालीन प्राविधान का दुरुपयोग किया और आपातकाल थोप दिया।

संविधान के रास्ते तानाशाही थोपने का ऐसा ही कृत्य एडोल्फ हिटलर ने 28 फरवरी 1933 को जर्मनी में किया था। हिटलर जर्मनी के चांसलर (सत्ता प्रमुख) थे। आपातकाल पर जर्मनी की संसद में मतदान हुआ। संसद का बहुमत हिटलर के पक्ष में था। 444 मत आपातकाल के पक्ष में पड़े। विपक्ष में 94 वोट पड़े। 109 लोगों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। इसी तरह भारत में भी सत्ता पक्ष प्रधानमंत्री के पक्ष में था। जान पड़ता है कि श्रीमती गांधी हिटलर से प्रेरित थीं। यहां पूरा विपक्ष जेल में डाल दिया गया था। जर्मनी की तर्ज पर यहां कांग्रेस संसदीय दल और पार्टी ने इस तानाशाही का समर्थन किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने इंदिरा को इंडिया बताया और इंडिया को इंदिरा। स्वाधीनता आंदोलन के महान नेता जयप्रकाश नारायण को भी गिरफ्तार किया गया। अटल बिहारी वाजपेयी सहित सभी राष्ट्रवादी नेता भी जेल में थे। मानवता कुचली गई। पुलिस अंग्रेजी शासन की पुलिस की भूमिका में थी। विचार अभिव्यक्ति का गला घोट दिया गया। प्रतिष्ठित पत्रकार पीड़ित किए गए। प्रधानमंत्री न्यायालयों की शक्ति पर आक्रामक थीं।

> इसी तरह भारत में भी सत्ता पक्ष प्रधानमंत्री के पक्ष में था। जान पड़ता है कि श्रीमती गांधी हिटलर से प्रेरित थीं। यहां पूरा विपक्ष जेल में डाल दिया गया था। जर्मनी की तर्ज पर यहां कांग्रेस संसदीय दल और पार्टी ने इस तानाशाही का समर्थन किया। कांग्रेस अध्यक्ष ने इंदिरा को इंडिया बताया और इंडिया को इंदिरा। स्वाधीनता आंदोलन के महान नेता जयप्रकाश नारायण को भी गिरफ्तार किया गया।

श्रीमती गांधी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। लेकिन उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की प्रतीक्षा नहीं की। संविधान में हास्यास्पद संशोधन हुआ। प्रधानमंत्री के संसदीय चुनाव को न्यायायिक निर्वचन से मुक्त कराने का संशोधन कराया गया और इस संविधान संशोधन को पिछली तारीखों से लागू कराया गया। आपातकाल का बयालिसवां संशोधन ध्यान देने योग्य है। संविधान में संसदीय अधिनियम पर भी न्यायायिक पुनर्विलोकन की व्यवस्था है। लेकिन आपातकाल में संविधान के उल्लंघन के आधार पर चुनौती देने के लिए संघ और राज्यों के कानूनों में भेद किया गया। यह व्यवस्था की गई कि सर्वोच्च न्यायपीठ अनुच्छेद 32 के अधीन अपनी अधिकारिता में किसी राज्य के कानून को तब तक असंवैधानिक घोषित नहीं कर सकता जब तक ऐसी कार्यवाहियों में केन्द्रीय विधि भी प्रश्नवाचक न हो। व्यवस्था की गई कि नीति निदेशक तत्वों को लागू करने के लिए अधिनियमित कानूनों को मौलिक अधिकारों के आधार पर चुनौती नहीं दी जाएगी। इसी तरह उच्च न्यायालयों को केन्द्रीय विधि की असंवैधानिकता के विरुद्ध सुनवाई से रोक दिया गया। किसी कानून को असंवैधानिक घोषित करने के लिए न्यायमूर्तियों के विशेष बहुमत की अपेक्षा के प्राविधान किए गए। ऐसे सारे संशोधन न्यायपालिका का गला घोंटने वाले थे।

न्यायालय के पास संविधान संशोधनों को भी संविधान की मूल भावना के विपरीत होने अथवा अन्य कारणों से असंवैधानिक घोषित करने की शक्ति है। आपातकाल में संविधान संशोधन के अनुच्छेद 368 का भी संशोधन किया गया। व्यवस्था की गई कि संविधान संशोधन विधि के नाम से घोषित विधि को किसी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती। सामाजिक राजनीतिक कार्यकताओं को अकारण जेल भेजा गया। लाखों कार्यकर्ता जेल में थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विशेष निशाने पर था। न्याय का नैसर्गिक सिद्धांत कुचला गया। किसी भी व्यक्ति को किसी भी आरोप में जेल भेजने के बाद अदालत उसका पक्ष सुनती है। लेकिन आपातकाल में कुख्यात मेंटेनेंस ऑफ इंटर्नल सिक्योरिटी एक्ट (मीसा) में नैसर्गिक कानून का यह सूत्र नहीं था। मीसा में जिला प्रशासन द्वारा व्यक्ति को उठाकर जेल भेज दिया जाता था। न्यायालय में उसका मुकदमा नहीं चलता था। ऐसा कानून दुनिया के किसी भी सभ्य देश में नहीं है। लेकिन भारत में पुलिस राज था। पुलिस अनावश्यक रूप से पीटती थी। हजारों सामाजिक कार्यकताओं के अंग भंग किए गए। संविधान संशोधनों की झड़ी लग गई। 53 अनुच्छेद एक साथ बदले गए। सातवीं अनुसूची बदली गई। प्रेस का मुंह कुचल दिया गया था। सब तरफ उत्पीड़न व सरकार प्रायोजित हिंसा का चीत्कार था।

मौलिक अधिकार भारत की संवैधानिक व्यवस्था के प्राण हैं। वे स्थापित सरकार के अत्याचारों से रक्षा करने के उपकरण हैं। राज व्यवस्था की निरंकुशता से संरक्षण देने के लिए मौलिक अधिकार अधिनियमित किए गए थे। श्रीमती इंदिरा गांधी मौलिक अधिकारों में भी काट छांट कर रहीं थीं। संविधान (भाग 4) में उल्लिखित राज्य के नीति निदेशक तत्वों को क्रियान्वित करने के बहाने बनाई गई विधियों को न्यायायिक निर्वचन से अलग रख दिया गया था। सरकारी अत्याचारों से देश उबल रहा था। मुझे मीसा बंदी के रूप में उत्पीड़न का अनुभव है। उस समय लागू डिफेन्स ऑफ इंडिया रूल (डीआईआर) का भी अनुभव है। डीआईआर के मुकदमे में मुझे कचहरी लाया गया था। कचहरी में भारत माता की जय बोलने वाले 10-12 कार्यकताओं को पुलिस ने पीटा। सभी कार्यकर्ता खून से लथपथ थे। यह हृदय विदारक था। देश के अनेक हिस्सों में ऐसी ही घटनाएं थीं। जनरोष बढ़ रहा था। जनता में उद्वेलन था। पुलिस राज बर्दाश्त के बाहर था। सत्ताधीशों को जनरोष की जानकारियां मिल रहीं थीं। आम चुनाव प्रस्तावित थे।

## खास बात

# ड्रोन से दवा

**सुधांशु कुमार**

**कर्नाटक** में चिक्काबलापुरा जिले के गौरीबिदनुरु तालुक के शंबुका नगर में ड्रोन के माध्यम से दवा वितरण का प्रयोग शुरू हो गया है। कर्नाटक में ड्रोन के माध्यम से दवा वितरण का पहला परीक्षण शुरू कर दिया गया है।

कर्नाटक में चिक्काबलापुरा जिले के गौरीबिदनुरु तालुक के शंबुका नगर में ड्रोन के माध्यम से दवा वितरण का प्रयोग शुरू हो गया है। यदि प्रयोग सफल रहा तो भारत में चिकित्सा सेवाओं के लिए यह एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है।

बेंगलुरु स्थित थ्रॉटल एयरोस्पेस सिस्टम्स (एटीएस) ने आज दो रेंज और वजन के ड्रोन से दवा भेजने का प्रयोग शुरू किया है। इनमें पहला ड्रोन 15 किमी. की रेंज के साथ एक किलोग्राम वजन तक और दूसरा अधिकतम 12 किमी. की रेंज में दो किलोग्राम तक ले जाने की क्षमता रखता है। एटीएस अगले 40 से 45 दिन तक इनका परीक्षण करेगा। एटीएस ने चिक्कबल्लापुरा में दवा वितरण के लिए दो मेडिकोप्टर ड्रोन का इस्तेमाल शुरू किया है। इनके संचालन में रेंडिंट नाम का एक डिलीवरी सॉफ्टवेयर ड्रोन की सहायता करेगा।

बताया गया है कि मांग के अनुसार दवाओं को पैकेट ड्रोन में डाल दिया जाएगा, जो एक सॉफ्टवेयर के माध्यम से निदेशों के अनुसार पैक को निर्दिष्ट स्थानों पर गिरा देगा। ड्रोन का उपयोग दवा की डिलीवरी, आपातकालीन भोजन और आपातकालीन स्थितियों में अंगों को अस्पताल पहुंचाने के लिए भी किया जा सकता है। बताया गया कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) न्यूनतम एक सौ घंटे तक उड़ान भरने के बाद ही ड्रोन उड़ाने की अनुमति देगा और टीएएस आने वाले दिनों में न्यूनतम 120 घंटे उड़ान भरने की योजना बना रहा है।

परियोजना को नारायण हेल्थ केयर की मदद से विकसित किया गया है और टीएएस ने हॉनवेल एयरोस्पेस के साथ सहयोग किया है। देश में सुरक्षा कारणों से ड्रोन तकनीक का इस्तमाल कम हो रहा है जबकि अमेरिका सहित यूरोपीय देशों में इसका उपयोग लगातार बढ़ता जा रहा है।

# सबका योग सब करें योग

## विचार-प्रवाह

**डॉ संजय द्विवेदी**

**योग** को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिलने के बाद पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है। भारत के योगशिक्षकों की पूरी दुनिया में मान्यता बढ़ी है। भारतीय मूल के योगशिक्षकों या भारत में प्रशिक्षित योग शिक्षकों को लोग अधिक भरोसे से देखते हैं। इस बहाने भारत के योगाचार्यों को एक विस्तृत आकाश मिला है और वे अपनी प्रतिभा से वैश्विक स्तर पर अपना स्थान बना रहे हैं। प्रधानमंत्री की रूचि के नाते भारत के दूतावास और विदेश मंत्रालय भी अपने स्तर पर इस गतिविधि को प्रोत्साहित कर रहे हैं। पाठ्यक्रमों में स्थान मिलने के बाद योग की अकादमिक उपस्थिति भी बन रही है। योगिक स्वास्थ्य प्रबंधन जैसे विषय आज हमारे समाज में सम्मान से देखे जा रहे हैं। दुनिया को अच्छे-योग्य-चरित्रवान योग शिक्षक उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। यह दायित्वबोध हमें काम के अवसर तो देगा ही भारतीय ज्ञान परंपरा को वैश्विक पटल पर स्थापित करेगा। हर वर्ष वैश्विक योग दिवस पर दुनिया भर के देशों में योग के आयोजन होते हैं। जिनमें तमाम मुस्लिम देश भी शामिल होते हैं। । इस अवसर उन्होंने अपने संबोधन में कहा था कि योग का कोई पंथ नहीं है यह 100 प्रतिशत पंथनिरपेक्ष अभ्यास है। योग ने पूरी दुनिया को जोड़ा। फ्रांस व अमेरिका से लेकर अफ्रीकी व मध्यपूर्व के देशों में योग करते लोगों को देखना अविस्मरणीय क्षण था। उन्होंने टाइम्स स्क्वायर से लेकर सियाचिन और दक्षिण चीन सागर में सैनिकों द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होने की सराहना की। पीएम मोदी ने कहा था कि कहा कि आइटी प्रोफेशनल्स योग शिक्षकों का एक डाटाबेस तैयार करें।

## आपके ट्वीट

हनुमान चालीसा को बैन करने वाली सरकार गयी। आखिर हनुमान जी को शिव का अवतार माना गया है जो महाकाल हैं।
जब पाप बढ़ जाता है तो सर्वनाश होता है और उस के बाद सृजन होता है। और फिर जीवन में कमल खिलता है।
**– कंगना, अभिनेत्री**

50 दिनों से जल रहा है मणिपुर, मगर प्रधानमंत्री मौन रहे।सर्वदलीय बैठक तब बुलाई जब प्रधानमंत्री खुद देश में नहीं हैं !साफ है, प्रधानमंत्री के लिए ये बैठक महत्वपूर्ण नहीं है।
**– राहुल गांधी, कांग्रेस**





रांची पटना वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन के शुभारंभ समारोह में,रांची रेलवे स्टेशन पर।
रांची से कोडरमा वाया हजारीबाग नई रेल लाइन पर यह पहली सवारी ट्रेन है।सुखद है कि शुरूआत वंदे भारत से हुई है।
**– अन्नपूर्णा देवी**

# देश में डॉक्टरों की भारी कमी एम्स में 200 चिकित्सक कम

## स्वास्थ्य

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**देश** से डॉक्टर्स का ब्रेन ड्रेन यानी प्रतिभा पलायन इस मायने में महत्वपूर्ण और गंभीर हो जाता है कि देश में चिकित्सकों की आज भी बेहद कमी का सामना करना पड़ रहा है। देश के करीब 75 हजार डॉक्टर्स ओईसीडी यानी कि आर्थिक सहयोग व विकास संगठन से जुड़े देशों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ताजातरीन उदाहरण देश के सबसे बड़े दिल्ली के एम्स का ही देखा जा सकता है, जहां पिछले दस माह में सात विशेषज्ञ डॉक्टर्स ने किसी न किसी कारण से सेवाएं देना बंद कर दिया है। आज दस हजार से अधिक लोगों को प्रतिदिन सेवाएं देने वाले एम्स में ही 200 डॉक्टर्स की कमी चल रही है। यह तो एक मिसाल मात्र है। इसमें कोई दोराय नहीं कि हमारे चिकित्सकों की काबिलीयत और विशेषज्ञता के कारण ही विदेशों में अपनी पहचान बनाए हुए हैं । एक मोटे अनुमान के अनुसार ओईसीडी देशों में रह रहे 75 हजार डॉक्टर्स में से करीब दो तिहाई तो अमेरिका में ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह तो मानना पड़ेगा कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है पर अभी बहुत कुछ किया जाना है।

दुनिया में सबसे अधिक डॉक्टर्स के ब्रेन ड्रेन वाला देश ग्रेनेडा है। यहां के दस हजार डॉक्टर विदेशों में पलायन कर चुके हैं। कोरोनाकाल में ग्रेनेडा को अपने चिकित्सकों को विदेशों से वापस बुलाने तक का निर्णय करना पड़ा। हमारे यहां कोरोना ने स्वास्थ्य सेवाओं को नई जान दी है और सरकारी व गैरसरकारी प्रयासों से अस्पतालों में वेंटिलेटर, ऑक्सिजन कन्सट्रेट आदि की जरूरतों को पूरा करने के समग्र और सार्थक प्रयास किए गए पर आज भी प्रशिक्षित मैनपावर की कमी के कारण इन उपकरणों का सही उपयोग नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण ही माना जाएगा।

यदि हम ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण करें तो देश में शहरी क्षेत्र में तो कमी है ही पर ग्रामीण क्षेत्र के हालात अधिक ही चिंताजनक है। ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी 2021-22 की माने तो देश में ग्रामीण इलाकों की डिस्पेंसरियों में 81.6 प्रतिशत बाल रोग विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं है। और तो और सामान्य फिजिशियनों की ही बात करें तो ग्रामीण क्षेत्र की डिस्पेंसरियों में 79 प्रतिशत फिजिशियन की कमी है। 72 प्रतिशत से कुछ अधिक कमी प्रसूति रोग विशेषज्ञों की है। यह तो सरकारी आंकड़ों में दर्शाए गए हालात है। हालांकि नवीनतम रिपोर्ट में हालात में कुछ सुधार देखने को मिल सकते हैं पर अधिक सुधार की आशा करना बेमानी होगा। दरअसल हमारे यहां दस हजार की आबादी पर केवल सात डॉक्टर उपलब्ध हैं जबकि क्यूबा जैसा देश दुनिया के देशों में मेडिकल चिकित्सकीय सेवा में लीड कर रहा है और वहां दस हजार की आबादी पर 84 डॉक्टर उपलब्ध है, अमेरिका में यह संख्या 35 तो चीन में 23 है। ब्रेन ड्रेन शब्द सबसे पहली बार विश्वयुद्ध के समय उभर कर आया जब भारतीय इंजीनियर व अन्य विशेषज्ञ अपनी काबिलीयत को लोहा मनवाने विदेशों में जाने लगे और वहां अपनी पहचान बनाई। 1950 से 1960 के दशक में यूके, कनाडा और यूएसए में प्रतिभा पलायन का दौर चला और इसे ब्रिटिश रॉयल सोसायटी ने ब्रेन ड्रेन कहा तो अब विदेशों में प्रतिभा पलायन चाहे वह किसी भी देश की हो उसे ब्रेन ड्रेन के नाम से पुकारा जाने लगा है। ब्रेन ड्रेन को एक तरह से अच्छा भी माना जा सकता है क्योंकि हमारी प्रतिभा को वहां स्थान मिल रहा है पर जब तक घर के हालात तंदुरुस्त नहीं हो तब तक इसे ज्यादा अच्छा नहीं कहा जा सकतावैसे भी हमारे यहां से ही नहीं अपितु दुनिया के लगभग अधिकांश देशों से प्रतिभाएं किसी न किसी कारण से पलायन करती है। विदेशों में प्रतिभा पलायन को ही ब्रेन ड्रेन कहा जाने लगा है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### सही तरीके से लागू हों

**यह** सही है कि देश में पहले के मुकाबले समृद्धि आई है, लेकिन इसके साथ ही आर्थिक विषमता ने भी विकराल रूप ले लिया ह। देश की अर्थव्यवस्था में वृद्धि का फायदा मात्र कुछ लोगों के हाथों में सिमटता जा रहा है। आर्थिक असमानता दूर करने के लिए कमजोर वर्ग के सशक्तीकरण के प्रयास तेज हो। ईमानदारी, सजगता और प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। **– प्रकाश चन्द, रांची**

### कोयला से बिजली

**अपने** देश में बिजली उत्पादन के तीन प्रमुख स्रोत हैं। पहला है थर्मल यानी कोयले से निर्मित बिजली। इसमें प्रमुख समस्या यह है कि अपने देश में कोयला सीमित मात्रा में ही उपलब्ध है। इस कारण विदेश से कोयला आयात किया जा रहा है। लेकिन सौलर एनर्जी की राज्य में असीम संभावना है और इस संभावना पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।
**– रंजीत कुमार, जमशेदपुर**

# झुकती है दुनिया, बस झुकाने वाला चाहिए

## सामयिक

**दीपक कुमार त्यागी**

**आज** का भारत अपनी जाति, धर्म, बोली, पानी, मौसम और जैव विविधता को एक सूत्र में पिरोकर दुनिया में विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। वह जल्द ही विकसित देश बनेगा। इक्कीसवीं सदी में हर देशभक्त भारतवासी की आंखों में एक सपना बसा हुआ है कि कैसे भारत सुपर पावर बने, जिसके सम्मान में हर देश नतमस्तक हो। हालांकि देशवासियों के इस सपने को साकार करने के लिए सरकारें प्रयास कर रही हैं। वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद लोगों को लगने लगा है कि उनका सपना हर हाल में पूरा होगा।

वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश यात्राओं की लंबी फेहरिस्त और उपलब्धियों को देखें तो उनकी हर यात्रा पर 'सुपर पावर इंडिया' के मिशन की स्पष्ट छाप नजर आती है। अधिकांश लोगों के मतानुसार उनके 'सुपर पावर इंडिया' के सपने की उम्मीद को धरातल पर साकार करने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोलह-आने खरे साबित हुए हैं। उन्होंने विदेशी धरती पर भारत की धाक जमाई है। पिछले नौ वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ठोस रणनीति के चलते भारत का डंका पूरी दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में बज रहा है। आज विदेशी जमीं पर भी देशवासी गर्व से अपने आपको भारतीय बता रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के राज में आज भारत की छवि दुनिया में मजबूत हुई है। यह आलम है कि कोई भी देश भारत की आज किसी भी क्षेत्र में अनदेखी करने का दुस्साहस नहीं कर सकता है। भारत ने कृषि, उद्योग, व्यापार, शिक्षा, चिकित्सा, तकनीक, रिसर्च, रक्षा, आईटी, अंतरिक्ष आदि के क्षेत्र में कार्य करते हुए जल-थल व नभ से जुड़े क्षेत्रों में अपनी एक विशिष्ट पहचान पूरी दुनिया में बनाई है। यह 'सुपर पावर इंडिया' मिशन के दृष्टिकोण से बड़ा संकेत है। दुनिया में भारत की यह सुदृढ़ स्थिति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राज की बहुत बड़ी उपलब्धि है। वैश्विक मंचों पर भारत और भारतवासियों की धाक बढ़ रही है। भारतीय प्रतिनिधि दुनिया के विभिन्न मंचों पर तथ्यात्मक बात करते हुए शेर की तरह दहाड़ते हैं। पूरी दुनिया उनको ध्यान से सुनती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा इस मिशन के लिए माइल स्टोन से कम नहीं है।

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच हुए अहम समझौतों से बड़ा फलक तैयार हुआ है। मोदी दो अवसरों पर अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करने वाले पहले भारतीय राजनेता बन गए हैं। उनके संबोधन के दौरान अमेरिका के सांसदों का बार-बार खड़े होकर ताली बजाना ऐतिहासिक पल है। अब तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया की एक ऐसी लोकप्रिय शख्सियत बन चुके जिनके आटोग्राफ खुद राष्ट्राध्यक्ष लेने लगे हैं। किसी पूर्वाग्रह के देखा जाए तो मोदी राज में भारत को प्रत्येक अंतरराष्ट्रीय मंच पर विशेष तरजीह मिल रही है। ऐसी धाक आज तक नहीं रही। यह उसी धाक का कमाल है कि आज मोदी सरकार की विदेश नीति की चर्चा हम देशवासियों के साथ पूरी दुनिया भी कर रही है। सभी को लगने लगा है कि मोदी के 'सुपर पावर इंडिया' का मिशन अब पूर्ण नियंत्रण के साथ उचित रफ्तार में है। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विदेशी दौरों के दौरान समय-समय पर अपनी कुशल कारगर रणनीति व दमदार कार्यशैली के दम पर बार-बार यह साबित किया है -'झुकती है दुनिया, बस झुकाने वाला चाहिए'। (लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## बरकाकाना में वंदे भारत का स्वागत



**रामगढ़।** वंदे भारत एक्सप्रेस पहले दिन जगह-जगह स्वागत की वजह से ट्रेन विलंब से चली। ट्रेन 12:30 बजे बरकाकाना पहुंची और 12:45 के लगभग हजारीबाग के लिए रवाना हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता, रेलवे स्टाफ और आम लोग उपस्थित थे। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, भाजपा सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटु बाबू, नारायण चंद भौमिक, सुमन सिंह, योगेश दांगी, जगतार सिंह, हरि रत्नम साहू , हरेश राय आदि मौजूद थे।

## रुआर पर कार्यशाला आयोजित



**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को समग्र शिक्षा अभियान के तहत बीडीओ चितरपुर उदय कुमार की अध्यक्षता में रुआर (बैक टू स्कूल कैंपेन) पर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला परिषद् अध्यक्ष, बीस सूत्री अध्यक्ष एवं पदाधिकारियो ने संबोधन कर रुआर को सफल बनाने हेतु सार्थक प्रयास की बात कही। मौके पर बीआरपी प्रिया कुमारी, शिक्षक मनोज कुमार मिश्रा, सुजाता कुमारी, अनुराधा शरण, शम्स तबरेज, ललिता रिसोर्स शिक्षक पॉवेल कुमार समेत विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक मौजूद रहे।

## एला एंग्लाइज में गायन प्रतियोगिता शुरू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित एला एंग्लाइज सीनियर सेकंडरी विद्यालय में चार दिवसीय गायन व चित्रकारी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन केजी की प्रधानाध्यापिका अंजू पटेल ने दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के प्रत्येक कक्षाओं से इच्छुक विद्यार्थियों ने गायन में एक से बढ़कर एक देश भक्ति और हिंदी गानों का प्रस्तुति दी । प्रतियोगिता में निर्णायक मंडली में बतौर जूरी सदस्य के तौर पर कला व सामाजिक विज्ञान के शिक्षक सिद्धार्थ कुमार और मोहनलाल बेदीया उपस्थित रहे।
विद्यालय के संगीत शिक्षक सिद्धार्थ कुमार ने बताया कि विद्यालय में कला एवं गायन की प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है तथा बच्चों के गायन कला को प्रोत्साहित करने के लिए विद्यालय उन्हें मंच प्रदान करता है। साथ ही साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा रिजल्ट डे के दिन सम्मानित भी किया जाता है। प्रतियोगिता में शामिल बच्चों में अनमोल मुंडा, शैलेश सोनी, नूर , कृति, प्रीति कुमारी, कृष कुमार, अर्पिता यादव, निक्की चौहान, अनुष्का शर्मा,समीर टूटू, ओम प्रकाश माली, स्वीटी कुमारी, आराध्या कुमारी, लक्ष्मी, मानसी कुमारी, रिया, सालवी तिवारी, अंश, आरव सेठ,हर्ष कुमार गुप्ता, सौरभ प्रजापति, अंशु कुमार स्वाति कुमारी, शिवानी कुमारी, नमन सोनी, कुंदन कुमार, अनमिता कुमारी,श्वेता कुमारी और सुहानी यादव उपस्थित थीं।

## कंचन को मिला डॉन का प्रमाण पत्र



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मार्शल आर्टस सितोरियो कराटे डु फेडरेशन ऑफ झारखंड का चल रहे पांच दिवसीय सीनियर व जुनियर ग्रेडिंग टेस्ट मे कराटेकार सेंसाई कंचन दास को तृतीय डॉन का प्रमाण पत्र मिला। मार्शल आर्टस फेडरेशन के मुख्य प्रशिक्षक सिहोन जीबी थापा ने सीनियर ग्रुप में कंचन दास को तृतीय डॉन का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सिहोन जीबी थापा ने कहा कि कंचन दास ने नेपाल में हुये अंर्तराष्टीय कराटे प्रीतियोगिता में कांस्य पदक भी जीत चुके हैं। इन्होने गरीब बच्चो को कराटे, योग, खेलकुद का प्रशिक्षण देने का काम किया है। साथ ही खासकर लड़कियों को आत्मरक्षा के लिये मार्शल आर्ट के गुर सिखाने का काम भी किया है। उन्होंने कहा की इनके द्वारा प्रशिक्षित कराटेकारो ने जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल भी जीत चुके हैं। ग्रेडेशन टेस्ट शिविर में रांची, रामगढ, बड़कागांव, बेरमो, फ़ुसरो, चतरा के दर्जनो कराटेकारो ने हिस्सा लिया।

## दुंदुवा में किशोरी ने की आत्महत्या



**भुरकुंडा(रामगढ़)।** ओपी क्षेत्र के दुंदुवा में मंगलवार की दोपहर एक किशोरी ने अपने घर में फंदे से झूलकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार दुंदुवा निवासी महेश राम की पुत्री पूजा कुमारी और उसकी बड़ी बहन के बीच मोबाइल को लेकर झगड़ा हो गया। इसके बाद पूजा अपने कमरे में गई और दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर बाद भी कमरे से नहीं निकलने पर घरवालों ने दरवाजा खुलवाने का काफी प्रयास किया। कोई जवाब नहीं मिलने पर दरवाजा तोड़ा गया। कमरे के अंदर पूजा कुमारी का दुपट्टे के फंदे से झूलता शव पाया गया। परिजन आनन फानन में उसे सीसीएल अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताते चले कि घर में महेश राम, उनकी पत्नी और पूजा सहित तीन बच्चियां थीं। घरवालों के अनुसार मोबाइल को लेकर प्राय: पूजा का अपने बहनों से झगड़ा होता था। नौबत यहां तक आ जाएगी इसका अंदाज माता-पिता को नहीं था। बच्ची की मौत से परिवार के लोग सदमे में हैं। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल छानबीन चल रही है।

# बरही में वंदे भारत ट्रेन देखने के लिए उमड़ी भीड़

### कांग्रेस विधायक अकेला ने प्रधानमंत्री और सांसद जयंत सिन्हा का जताया आभार

▸▸ टिकट काउंटर खोलने व बरही स्टेशन पर ठहराव की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भोपाल से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने वंदे भारत ट्रेनों का वर्चुअल शुभारंभ किया, जिसमें रांची से पटना के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल है। इस दरम्यान बरही रेलवे स्टेशन पर वन्दे भारत एक्सप्रेस का विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक लोगों ने भव्य स्वागत किया। स्टेशन परिसर में आमंत्रित अतिथियों में स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला शामिल हुए। जहां वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजित कुमार ने विधायक अकेला का पुष्पगुच्छ व तुलसी का पौधा देकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन स्टेशन अधीक्षक चंदन कुमार ने किया। इस दौरान विधायक श्री अकेला ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा का आभार जताते हुए कहा कि वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत इस रेल लाइन से की गयी है। उन्होंने रेलवे विभाग से बरही रेलवे स्टेशन में एक रिजर्वेशन काउंटर की शुरूआत करने और स्थानीय जनमानस की मनोभावना को देखते हुए वन्दे भारत एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर अपनी मांग रखी। जिससे बरहीवासी सहित आस-पास के लोगो को भी वंदे भारत में सफर करने का मौका मिले। जिसके बाद वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजित कुमार ने विधायक को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी मांगों को वरीय पदाधिकारियों तक अवश्य पहुंचाया जाएगा। वन्दे भारत के ट्रेन को बरही स्टेशन से गुजरने के कारण स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है।कई महिलाओं ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें अब लम्बी दूरी को कम समय मे आसानी से तय कर सकेंगे।मौके पर वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजित कुमार, एईएन सुधांशु मलिक, यातायात निरीक्षक मनोज कुमार नीरज, स्टेशन अधीक्षक चंदन कुमार, पीडब्लूआई बरही एके सिन्हा, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, आजसू विधानसभा प्रभारी सह सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, अंबिका सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजीव कतरियार, शशि गुप्ता, बरही प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित साहू, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, बेंदगी मुखिया सिकन्दर राणा, बरही पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, मुखिया बिरेन्द्र रजक, अनिल यादव, सुनील चंद्रवंशी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# हजारीबाग वासियों की दशकों की मांग हुई पूरी

▸▸ जनता जानती है, मोदी जी हैं तो मुमकिन है : जयंत सिन्हा

### लंबी दूरी की ट्रेन का मिला तोहफा

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के शुरू होने से क्षेत्रवासियों में अपार खुशी व उत्साह है। जनता इस कार्य के लिए प्रधानमंत्री जी व अपने लोकप्रिय सांसद को कोटि-कोटि धन्यवाद दे रही है। जयंत सिन्हा ने कहा कि हजारीबाग व रामगढ़ वासियों की दशकों की मांग आज पूरी हुई है। यह हमारे लिए ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि लगभग 100 साल से हजारीबाग वासियों की लंबी दूरी की ट्रेन की मांग रही है।

इस रेलखंड का 1999 में प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने शिलान्यास किया था। यह रेलखंड बेहद खूबसूरत है। यहाँ यात्रियों को यात्रा करने में बेहद आनंद आएगा। यह ट्रैक इंजीनियरिंग का कमाल है। मोदी जब प्रधानमंत्री बने तो इस रेलखंड का दोगुनी रफ़्तार से निर्माण शुरू किया गया। उन्होंने 2015 में हजारीबाग और कोडरमा के बीच रेल की शुरूआत की। इसके उपरान्त हमने 2016 में हजारीबाग से बरकाकाना रेल मार्ग प्रारम्भ किया। इसके बाद अब रांची से बरकाकाना, हजारीबाग व पटना तक भी रेल मार्ग की शुरूआत हो गयी है। श्री सिन्हा ने कहा कि वंदे भारत न्यू इंडिया की न्यू ट्रेन है। यह ट्रेन खूबसूरत घाटियों से होकर गुजरेगी। यह ट्रेन बहुत ही आरामदायक व सुविधाजनक है। यह जनता के वोट का कमाल है। हजारीबाग समेत पूरा देश जानता है कि मोदी जी के नेतृत्व में ही देश का बहुमुखी विकास संभव है। जनता जानती है कि मोदी जी हैं तो मुमकिन है। मैं इस अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनायें देता हूँ। मुझे विश्वास है कि बहुत जल्द ही यहाँ से अन्य ट्रेनों की भी शुरूआत होगी।

## हजारीबाग में चार हजार रिश्वत लेते वनरक्षी गिरफ्तार



**हजारीबाग।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने मंगलवार को वनरक्षी को चार हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। कोडरमा वन प्रमंडल में तैनात वनरक्षी अमरेंद्र कुमार यूकेलिप्टस पेड़ के एवज में घूस की मांग कर रहा था। मामले को लेकर पीड़ित सूरज कुमार ने एसीबी से शिकायत की थी कि अर्जून मोदी के रैयती भूमि पर लगे युकेलिप्टस के पेड़ खरीदा, जिसका टीपी फ्री होता है, जिसे परिवहन कर चिराने के लिये आरा मिल ले जाना होता है। इसके लिये वनरक्षी का परमिशन आवश्यक है। परमिशन के लिये वनरक्षी पांच हजार रुपये घूस मांग रहा था। पीड़ित ने इसकी शिकायत एसीबी हजारीबाग से की। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले की जांच की। इसके बाद मंगलवार को एसीबी की टीम वनरक्षी को चार हजार घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपित वनरक्षी को एसीबी की टीम अपने साथ ले गयी।

## गोला में डिग्री कॉलेज के लिए 25 करोड़ रुपये मंजूर

रामगढ़। रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड में डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए झारखंड सरकार कैबिनेट की ओर प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। कैबिनेट में गोला प्रखंड में डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए 25 करोड़ 2 लाख की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। पूर्व विधायक ममता देवी गोला प्रखंड में डिग्री कॉलेज के लिए अपने शपथ लेने के बाद से ही प्रयासरत थीं कि गोला प्रखंड में डिग्री कॉलेज का निर्माण हो ताकि क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव के छात्रों को शिक्षा ग्रहण में कोई परेशानी ना हो। उनके प्रयास से डिग्री कॉलेज निर्माण का रास्ता साफ हुआ था । उसी दौरान ममता देवी को एक मुकदमे में जेल जाना पड़ा था । जिससे उनकी सदस्यता भी चली गई थी । इसीलिए प्रक्रिया बीच में रुका हुआ था । पर उनकी विधायिकी जाने के बाद भी उनका प्रयास जारी रहा और क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा दिलाने की बहुआयामी और बहुप्रतीक्षितअपनी इच्छा को पूर्ण करने के लिए प्रयास करतीं रहीं। मुख्यमंत्री और संबंधित अधिकारियों से इसको लेकर मिलती रहीं । उसी का परिणाम है की गोला में डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए एक बड़ी राशि की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है और बहुत जल्द कॉलेज का निर्माण होगा।

कैबिनेट द्वारा मिली प्रशासनिक स्वीकृति के बाद पूर्व विधायक ममता देवी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताया ।

# खेल-खेल में बच्चों को पढ़ाएं

उत्कृष्ट प्रशिक्षण में रहा हर गतिविधियों का समावेश

गौतम बुद्ध बीएड कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्रों का होगा सांगठनिक पुनर्गठन

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग ।** खेल-खेल में हंसते-हंसाते बच्चों में पढ़ाई के प्रति रूचि जगाएं। नौनिहालों के प्रति मन में कोई आवेश नहीं रखें। उनके मन से यह भाव नहीं पनपने दें कि पढ़ाई बोझ लगे. यही प्रशिक्षण के दौरान उन्हें सीखने का मौका मिला। अब विद्यालयों में उसका इस्तेमाल कर नौनिहालों को निखार रहे हैं। जूनियर्स को यह संदेश दे गए सीनियर्स। मौका था गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में आयोजित पूर्ववर्ती छात्रों के सांगठनिक पुनर्गठन पर विचार का। कॉलेज में मंगलवार को पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने जल्द ही सांगठनिक चुनाव कराने का निर्णय लिया। इस अवसर पर कॉलेज के पूर्ववर्ती विद्यार्थी सत्र 2013-14 के डॉ पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि यहां प्रशिक्षण के दौरान हर गतिविधियों का समावेश मिला. वह अध्ययन-अध्यापन का टिप्स हो या खेलकूद विधाओं में पारंगत बनने का। कंप्यूटर की शिक्षा हो या फिर डिजिटल क्लासेज स्मार्ट बोर्ड पर पढ़ाने का तरीका. एनएसएस इकाई की ओर से समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान देने का या फिर गीत-संगीत व नृत्य की विधाओं का. खुशबू कुमारी ने कहा कि साधन-संसाधन में लाइब्रेरी, सोलर एनर्जी सिस्टम से मिलनेवाली बिजली, प्रैक्टिकल के साधनों में भी कोई कमी नहीं की गई। रंजीत कुमार ने कहा कि अनुशासन के मामले में भी इस कॉलेज ने बहुत कुछ सिखाया. प्रशिक्षण में मिली यही शिक्षा देकर हमें नौनिहालों को निखारना है। ऐसे ही सत्र 2016-18 के रवि मेहता, रवि कुमार मेहता, 2017-19 के गंगेश्वर राम, 2019-21 की सरिता कुमारी, 2020-22 की सोनाली रानी, रीना कुमारी, अजीत कुमार, विपिन कुमार, तेजनारायण आदि ने सांगठनिक पुनर्गठन पर जोर देते हुए कहा कि इसे और अधिक गतिशील बनाया जाएगा।

# बकरीद में व्हाट्सएप ग्रुप पर नजर रखें : डीसी

एजेंसी



पीसीआर व पैंथर टीम संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित करें निरीक्षण

रामगढ़। बकरीद पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर मंगलवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक हुई। बैठक के दौरान सर्व प्रथम उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे ने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर तैयारियों की जानकारी ली । उन्होंने सभी को पर्व के दौरान सतर्क रहकर अपने अपने क्षेत्रों में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने पीसीआर एवं पैंथर की टीम को संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को देने एवं अफवाहों को दूर करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को पूरे पर्व के दौरान अलर्ट मोड पर रहकर कार्य करने का निर्देश दिया।

पर्व को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक में असामाजिक तत्वों पर विशेष ध्यान रखने एवं आवश्यकता अनुसार धारा 107 ,110 एवं 116 की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वर्तमान समय में सोशल मीडिया पर तेजी से अफवाहों के फैलने के मद्देनजर उपायुक्त ने अधिकारियों को सोशल मीडिया एवं विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप पर नजर रखने का निर्देश दिया वहीं किसी भी व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर संप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा आपत्तिजनक पोस्ट करने/ शेयर करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने वैसे क्षेत्रों जहां अब तक शांति समिति की बैठक आयोजित नहीं की गई है उनमें जल्द से जल्द शांति समिति की बैठक आयोजित कर सदस्यों के माध्यम से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए । उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च करने के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

एक नजर में

## चरही रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत का स्वागत

**चरही।** वंदे भारत एक्सप्रेस चरही रेलवे स्टेशन पर दिन के 1:20 बजे पहुंची और पटना के लिए 1:25 बजे रवाना हुई। जबकि उक्त ट्रेन को 12:20 बजे चहरी पहुंचना था। और 12:21 बजे रवाना होना था। वंदे भारत को देखने के लिए चहरी के ग्रामीण भारी संख्या में मौजूद थे। इस अवसर पर स्थानीय विधायक जयप्रकाश भाई पटेल और रेलवे के वरीय अधिकारी मनीष स्टेशन प्रबंधक जितेंद्र कपारी, सीसीएल के जीएम कमलेश कुमार सिन्हा, पल्लव चक्रवर्ती,एसके त्रिवेदी और यूएस सिंह ने वंदे भारत ट्रेन को स्वागत किया। वही संत मैरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने फूल की बारिश कर स्वागत किया। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और हजारीबाग सांसद जयंत सिंहा का सार्थक प्रयास है। इस ट्रेन को चलने से लोगों को काफी सुविधा मिली है ।चरही के ग्रामीणों ने मांग किया है कि यह ट्रेन चरही स्टेशन पर नित्य दिन ठहराव हो ।ताकि लोगों को यात्रा करने में और भी सुविधा मिल सके। मौके पर जिप सदस्य बासुदेव करमाली,प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,मुखिया संघ के अध्यक्ष देवकी महतो,चुरचू मंडलाध्यक्ष मुरारी सिंह,पूर्व उप प्रमुख चौलेश्वर महतो,वार्ड सदस्य सत्येन्द्र नारायण सिंह, विधायक प्रतिनिधि वीणा मिश्रा समेत भारी संख्या में उपस्थित थे।

## अदाणी फॉउंडेशन ने लगाया नेत्र जांच शिविर

**बड़कागांव।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने 17 जून को हरली पंचायत भवन में दस मुफ्त नेत्र जांच शिविर की शुरूआत की थी, जिसके तहत पहले शिविर में पुरुष और महिलाओं समेत 39 मरीजों को देखने में समस्या हो रही थी। नेत्र चिकित्सक परिमल पीयूष ने इनके आंखों की जांच की और उचित पॉवर का चश्मा लगाने की सलाह दी थी, जिसके बाद आज मंगलवार को अदाणी फॉउंडेशन की ओर से सभी मरीजों को चश्मा प्रदान किया। नि:शुल्क चश्मा पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। ग्रामीणों ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन की कोशिश से उन्हें नयी दृष्टि मिली है। अब नजदीक के साथ-साथ दूर भी स्पष्ट नजर आने लगा है। वही अदानी फाउंडेशन द्वारा लगातार सामाजिक दायित्वों का निर्वहन जारी है।

## मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का आयोजन

**चरही ।**मंगलवार को प्रधानमंत्री के द्वारा डिजिटल तरीके से मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत भाजपा चूरचू प्रखंड के द्वारा मनोकामना कांपलेक्स चरही में मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह के नेतृत्व में सुना गया ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य देवकी महतो,प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, पूर्व प्रमुख चौलेश्वर महतो,मंडल महामंत्री शशि साहू,उपाध्यक्ष रोहित महतो,विधायक प्रतिनिधि वीणा मिश्रा,आरिफ अंसारी,बबलू सिंह, सुधीर सिंह,सांसद प्रतिनिधि संजय साहू,रौशनी देवी,मो.मुमताज अंसारी,सुरेश महतो सहित चुरचू मंडल कार्यसमिति के सभी बूथ के अध्यक्ष उपस्थित थे।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**बड़कागांव।** थाना परिसर में बकरीद त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता बीडीओ सह सीओ जितेंद्र कुमार पांडे एवं संचालन थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने किया। बैठक में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित हुए। बीडीओ ने कहा कि त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाएं किसी प्रकार का शिकायत का मौका नहीं दे। थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने कहा कि त्योहार को पुलिस प्रशासन गंभीरता से ले रही है। सोशल मीडिया में भड़काऊ मैसेज डालने वाले पर सख्त से सख्त कार्रवाई होगी और गिरफ्तार कर आरोपी को सीधे जेल भेजा जाएगा। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि बड़कागांव की प्रतिष्ठा को देखते हुए हम दोनों समुदाय से अपील करना चाहते हैं कि लोग शांतिपूर्वक त्यौहार को मनाएं एक दूसरे के धर्म का सम्मान करें। सभा का समापन बड़कागांव सर्किल इंस्पेक्टर अनिल कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर प्रमुख फुलवा देवी, उप प्रमुख वचनदेव कुमार ,20 सूत्री अध्यक्ष तबस्सुम खान ,मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया तकरीमउल्लाह खान,मो. इलियास अंसारी,मुखिया प्रतिनिधि चंदनपुरी,परवेज आलम ,जानिसार अंसारी, सज्जाद आलम,मोकितूल्ला खान के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## टाटीझारिया में शांतिपूर्वक मनायें पर्व : बीडीओ

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया थाना प्रांगण में बकरीद को लेकर मंगलवार को थाना में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता टाटीझरिया बीडीओ सह सिओ साइनी तिग्गा ने किया । बैठक के दौरान टाटीझरिया थाना प्रभारी जीतेन्द्र कुमार थाना क्षेत्र एवं बीडीओ साइनी तिग्गा ने टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के झरपो टाटीझरिया, भराजो, खैरा, डुमर, धर्मपुर, समेत अन्य पंचायत के कई गांवो के लोगों से बकरीद पर्व शांति पूर्ण तरीके से मनाने को कहा। वही उन्होंने यह भी कहा की शांति व्यवस्था भंग करने वाले लोगों पर प्रशासनिक कार्यवाही किया जायेगा । मौके पर टाटीझरिया मुखिया सुरेश यादव कैलाशपती सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह,सुरेन्द्र प्रसाद यादव,तैयब मिंया,समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## जमीनी विवाद को ले दारू थाना पहुंचे ग्रामीण

**दारू।** दारू अंचल क्षेत्र के दिग्वार पंचायत के पुरनी नानों में 19.88 एकड़ जमीन पर चल रहे मालिकाना विवाद को लेकर सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष थाना पहुंचे और अपना पक्ष रखा। इस बारे में ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लोगों के द्वारा सरकारी अफसरों की मिलीभगत से 19.88 एकड़ जमीन का फर्जी कागजात बना लिए है और उन्हें इस जमीन से बेदखल करने का प्रयास किया जा रहा है। यह जमीन जिरात खाते की है और इस पर उनके बाप दादा वर्षो से खेतीबाड़ी का कार्य करते रहे है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने फोन कर पांच लोगों को जांच और पूछताछ के लिए बुलाया था पर हम सभी ग्रामीण एकजुट है और इस विवाद में हम सब मिलजुल कर लड़ेंगे पर किसी भी कीमत पर किसी अन्य को जमीन पर दखल करने नही देंगे। रामदेव खैरिका के कवालु निवासी रैयत के द्वारा कुछ लोगों के खिलाफ जमीन पर जबरन कब्जा करने की शिकायत की गई थी जिसके बाद उन्हें जांच के लिए थाना बुलाया गया था।

## नव विवाहिता गुम, पिता ने थाना में दिया आवेदन



**चरही।** थाना क्षेत्र के हेंदेगढ़ा से एक विवाहित युवती ससुराल से गायब हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर लड़की के परिजन गुमशुदगी की शिकायत लेकर चरही थाना पहुंचे। शिकायत में विवाहित के पिता राजीव महतो,पिता देवराज महतो,ग्राम मारूतुलीन,थाना झालदा,जिला पुरुलिया (प.बंगाल ) निवासी हैं। जो अपनी बेटी चिंता कुमारी(20) वर्ष की विवाह प्रकाश कुमार पिता करम महतो,ग्राम हेंडेगढा थाना चरही,जिला हजारीबाग के साथ विगत 2 मई को हिंदू रीति रिवाज के साथ पंचमुखी मंदिर धाम हेंदेगढा में ही की थी ।आवेदन में लिखा है कि शादी के बाद दामाद प्रकाश कुमार मेरी बेटी चिंता कुमारी के साथ मेरे घर आकर रहे। दो -चार दिन बीत जाने के बाद वापस अपने घर हेंदेगढा आ गए। बेटी -दामाद को छोड़ने हम खुद साथ आए थे ।चार -पांच दिनों के बाद दामाद प्रकाश कुमार का फोन आया कि आपकी बेटी यहां रहना नही चाहती है,आप शीघ्र आकर बेटी को ले जाइए। मैं अपने चार लोगों के साथ जिसमे शादी कराने वाले अगुआ के साथ हेंदेगढा पहुंचा। लड़का के घर -परिवार की सहमति से अपनी बेटी को लेकर अपने घर मरूतुलीन पहुंचे। अपनी बेटी को समझा बुझाकर एक सप्ताह बाद पुन: उसके ससुराल हेंदेगढा लेकर आए। दोनो ओर से पंच बुलाकर ग्रामीणों की साथ लिखित बैठक में लड़की -लड़का को समझा बुझाकर हमलोग वापस गांव चले आए। पुन: 25 जून को सुबह आठ बजे दामाद प्रकाश महतो के बड़े भाई सुरेंद्र महतो का फोन आया कि आपकी बेटी सुबह शौच के लिए घर से निकली,जो अब तक वापस नही आई है। गुमशुदगी की लिखित सूचना देकर मदद की गुहार लगाई है।

## स्पीड न्यूज

### लोहरदगा में बने लेबर कोर्ट : आलोक साहू



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने झारखंड सरकार के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता को ट्वीट का लोहरदगा जिला में श्रमिकों के मामले का निपटारा हेतु लेबर कोर्ट स्थापित करने की मांग की। कहा कि लोहरदगा जिला सहित कई जिलों कि मजदूरों के मामलों की सुनवाई रांची स्थित लेबर कोर्ट में होती है। मजदूरों को रांची आने-जाने एवं ठहरने के कारण उनका काफी आर्थिक नुकसान एवं समय की बर्बादी होता है। अर्थाभाव में श्रमिकों को न्याय भी नहीं मिल पाती है।

### बच्चों ने जाना, कैसे रहें सुरक्षित : मनोरमा



**लोहरदगा।** जिला में लगातार चल रहे सुरक्षित गांव कार्यक्रम हेतू होप एवं माई चॉइसेज फाउंडेशन ने लोहरदगा जिला के किस्को प्रखंड के मध्य विद्यालय किसको में होप और ओरा की संयुक्त भागीदारी से किशोर-किशोरियों को सुरक्षित माहौल देने हेतु सुरक्षित गांव कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ड्रॉपआउट बच्चों को चिह्नित कर पुनः विद्यालय से जोड़ना, गांव से हो रहे असुरक्षित पलायन को चिह्नित कर रोकने का प्रयास, बच्चों को मानव दुर्व्यपार आदि से बचाना है। मनोरमा एक्का ने मानव व्यापार,सुरक्षित स्पर्श असुरक्षित स्पर्श, बाल विवाह, बाल मजदूरी और उनके कर्तव्य आदि पर विस्तार से और विभिन्न टॉल फ्री नंबर के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर अरविंद वर्मा, विद्यालय के शिक्षक और करीब 130 से 140 बच्चों ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

### मेरा बूथ सबसे मजबूत लाइव कार्यक्रम में भाजपाइयों ने सुना पीएम का संवाद

**गुमला।** भोपाल में आयोजित मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश से करीब 10 लाख बूथ कार्यकर्ताओं के साथ वर्चुअल संवाद किया। जहां गुमला भाजपा ने उत्कल पॉइंट में मोदी के संवाद को सुना। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा आज भाजपा अगर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है तो इसमें बूथ कमेटी का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने बूथ कार्यकर्ताओं को सेवा के माध्यम से सामाजिक नेता बनने पर जोर दिया। मौके पर जिलाध्यक्ष अनुपचंद्र अधिकारी, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, निर्मल गोयल, शैल मिश्रा, राधेश्याम कुशवाहा, चितरंजन मिश्रा, अरविंद मिश्रा, संजय साहू, भोला चौधरी, बालकेश्वर सिंह, रामेश्वरी उरांव, शंभू सिंह, सौरभ पांडे आदि प्रमुख कार्यकर्ता भी थे।

### भाजपा मंडल पदाधिकारियों ने आरंगी गांव में चलाया महाजनसंपर्क अभियान



**घाघरा।** भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने अरंगी गांव में मंगलवार को महा जनसंपर्क अभियान चलाया। इस क्रम में भाजपाइयों ने आरंगी में ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री के बातों को सुना और लोगों के बीच भाजपा की नीति और सिद्धांतों को बताया। वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्थन देने के लिए 9090 902024 में मिस कॉल करने की भी बात बतायी। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे भाजपा नेता तेंबु उरांव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का संपूर्ण विकास हो रहा है। मौके पर एसटी मोर्चा के प्रदेश सदस्य भिखारी भगत, घाघरा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक उपाध्यक्ष विशु भगत भाजयुमो अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### सिगरेट नहीं देने पर बाप-बेटे ने युवक को जमकर पीटा, खेत में मिला बेहोश

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के दीपाडीह नवाटोली के समीप बाप-बेटे ने मिलकर सिगरेट नहीं देने पर नवगाईं के मुनित लकड़ा पिता स्व खेदोर लकड़ा को जमकर पीटा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वह अस्पताल में भर्ती है। घायल मुनित अपने रिश्तेदार से मिलने सिरसी गया था। जहां से शाम को लौटने के क्रम में अंधिरियस एक्का तथा उसके पुत्र अरविंद एक्का से उसकी मुलाकात हुई। अंधिरियस और बेटे अरविंद ने मुनित से सिगरेट मांगी। मानित ने कहा कि सिगरेट उसके पास नहीं है। इतना कहने के बाद दोनों बाप बेटे ने मिलकर लाठी व डंडे से उसे पीट दिया। घर न लौटने पर परिजन उसे ढूंढने निकले तो वह खेत में बेसुध मिला। इसकी सूचना चैनपुर थाने को दी। प्रशासन के सहयोग से उसे चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से उसे गुमला सदर भेजा गया। इस घटना की जानकारी मिलते ही जनावल मुखिया प्रियंका असुर ने अस्पताल में घायल युवक का हाल चाल जाना।

### चैनपुर में स्कूल रूआर को ले कार्यशाला



**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के कौशल विकास केंद्र में प्रखंड स्तरीय स्कूल रूआर 2023 के तहत कार्यशाला की गयी। बीडीओ डॉ शिशिर सिंह ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जो बच्चे स्कूल नहीं जाते हैं और बीच में पढ़ाई छोड़ चुके हैं। वैसे बच्चों को पुनः नामाकंन कर पठन पाठन का कार्य सुचारू रूप से कराना है। वहीं जो बच्चे विकलांग है और स्कूल नहीं जा पा रहे हैं उन्हे लाने ले जाने के लिए अलग से व्यक्ति को बहाल करना है। जिसमें विकलांग बच्चों को ले जाने वाले व्यक्ति के लिए राशि भुगतान की भी व्यवस्था है। मौके पर सीओ गौतम कुमार, जिप सदस्य मेरी लकड़ा, उपप्रमुख प्रमोद खलखो व सीआरपी-बीआरपी थे।

### बकरीद मिलकर मनायें : सुशील खाखा



**जारी।** बकरीद को लेकर मंगलवार को जारी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल के कार्यपालक दंडाधिकारी सुशील खाखा ने की। मौके पर दंडाधिकारी सुशील खाखा ने कहा कि बकरीद का पर्व सिर्फ मुसलमान भाइयों का ही नहीं है बल्कि हम सभी प्रखंडवासियों का है। जिस तरह से पहले हम सभी समुदाय के लोग पर्व को आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाते हैं उसी तरह बकरीद भी आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनायें। किसी तरह की अनहोनी न हो इसका ख्याल रख पर्व मनायें। चैनपुर अनुमंडल के प्रभारी डीएसपी विकास आनंद लागुरी ने कहा कि कोई भी दिक्कत हो तो अविलंब थाना को सूचित करें।

# लोहरदगा में धूमधाम से हुई मां बिपत्तारिणी की पूजा-अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** शहर के पावरगंज स्थित श्री श्री दक्षिणेश्वर दुर्गा बाड़ी मंदिर, वीर शिवाजी चौक स्थित सिद्धिदात्री दुर्गा मंदिर में मंगलवार को जीवन में आने वाली विपत्तियों से मुक्ति के लिए मां बिपत्तारिणी की पूजा-अर्चना बड़े ही आस्था और श्रद्धा के साथ बंगाली समुदाय के लोगो द्वारा की गयी। इस दौरान बंगाली समाज की सैकड़ों महिलाओ ने मां की पूजा-अर्चना की।

पूजा-अर्चना के दौरान व्रतियों ने माता से अपने परिवार और समाज में आने वाली विपत्तियों से मुक्ति की कामना की। मौके पर श्रद्धालुओं ने 13 प्रकार के फल, फूल और अन्य पूजा सामग्रियों का भोग लगाया। पावरगंज स्थित श्री श्री दक्षिणेश्वर दुर्गा बाड़ी मंदिर में मुख्य पुजारी जादव कुमार राय, कृष्ण देव मिश्रा व वीर शिवाजी चौक स्थित सिद्धि दात्री दुर्गा मंदिर में पुरोहित हरिहर शास्त्री ने पूरे विधि विधान से पूजा करायी।

**डिंका प्रसाद में 13 अंकों का विशेष महत्व**

**डिंका प्रसाद में 13 अंकों का विशेष महत्व**

दुर्गा बाड़ी के पुरोहित जादव कुमार राय ने बताया कि हर वर्ष आषाढ़ शुक्ल पक्ष की तृतीया से नवमी तिथि के बीच मंगलवार या शनिवार को यह पूजा की जाती है। मां विपत्तारिणी मां दुर्गा का ही रूप है। इस पूजा की खासियत डिंका प्रसाद है। यह विशेष प्रसाद खास रूप से व्रतियों के लिए होता है। इस प्रसाद में 13 अंक का विशेष महत्व है। डिंका प्रसाद में 13 फल, 13 फूल, 13 दुबला घास, 13 गांठ का लाल धागा, 13 पान पत्ता, 13 लौंग, 13 इलायची और 13 प्रकार के नैवेद्य होते हैं। पूजा के बाद व्रती इसी प्रसाद को आपस में बांटते हैं तथा अपने हाथ में 13 गांठ वाले धागे को बांधती हैं।

# सड़क निर्माण कार्य में लगी आरकेडी कंपनी के मिक्चर मशीन में पीस गये सिसई के दो मजदूर

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** पलमा से गुमला तक रोड निर्माण का कार्य कर रहे आरकेडी कंपनी के मिक्चर मशीन में पीसकर मंगलवार को दो मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में सिसई थाना क्षेत्र के बिरकेरा महुआटोली निवासी 18 वर्षीय भरत गोप व चरको अंबाटोली मुरगु निवासी 19 वर्षीय प्रदीप उरांव है। इधर घटना के बाद मुआवजे की मांग को लेकर परिजनों व स्थानीय लोगों ने घटनास्थल से शव उठाने नहीं दिया है और गुमला-रांची मुख्य पथ को जाम कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार सिसई थाना क्षेत्र के रेड़वा के समीप आरकेडी कंपनी का कैंप टू है। जहां मृतक भरत गोप व प्रदीप उरांव मिक्चर मशीन की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान कैंप के सुपरवाईजर ने मशीन चलाने का निर्देश दे दिया। मशीन चलते ही दोनों मजदूर की उसमें पीसकर मौत हो गयी।

**दोनों मजदूर कर रहे थे मशीन की सफाई, सुपरवाइजर के निर्देश पर चलायी गयी मशीन**

- ग्रामीण व परिजन मुआवजे की मांग को लेकर अड़े, नहीं उठाने दिया शव, जाम किया सड़क





मिक्चर मशीन में चिप्स, बालू व सिमेंट डालकर मिलाया जाता है जो सड़क निर्माण में मसाला प्रयोग होता। मिक्चर मशीन में गंदा देखकर उसे इन दोनों मजदूरों को साफ करने का निर्देश दिया गया था। इधर घटना की सूचना पर जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा व एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल दल बल के साथ पहुंचे थे। जहां जिप सदस्य व एसडीपीओ मजदूर के परिजन व ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रहे थे लेकिन ग्रामीण मुआवजा की मांग को लेकर अड़े थे।

# फेसबुक से दोस्ती, प्यार और फिर गैंगरेप, तीन गिरफ्तार

## तीन नाबालिग लड़कियों के साथ तीन युवकों ने किया दुष्कर्म

- पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** फेसबुक से हुई दोस्ती के बाद तीन युवकों ने तीन नाबालिग लड़कियों को घुमाने के बहाने एक बोलेरो से जंगल में ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। घटना के बाद ग्रामीणों की सूचना पर बसिया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर तीनों नाबालिग लड़कियों को अपने संरक्षण में लेते हुए दुष्कर्म करने वाले तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों युवकों को मंगलवार को गुमला जेल भेज दिया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बसिया एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी ने बताया कि 26 जून की रात बनई के शादी समारोह से स्थानीय लोगों ने सूचना दी कि फेसबुक से हुई दोस्ती के बाद तीन नाबालिग लड़कियों को खूंटी जिलें के रनिया से एक सफेद कलर की बोलेरो गाड़ी में लाकर तीनों लड़कियों के साथ बसिया थाना अंतर्गत घुनसेरा जंगल में दुष्कर्म किया गया है।



गिरफ्तार अभियुक्तो के साथ एसडीपीओ व अन्य।

- सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु वरीय पदाधिकारियों को सूचित करते हुए महिला पुलिस पदाधिकारी के साथ बसिया पुलिस की टीम घुनसेरा जंगल पहुंची। जहां तीनों नाबालिक लड़कियों को अपने संरक्षण में लेते हुए थाना लाया गया तथा तीनों लड़कों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वही तीनों नाबालिक लड़कियों का मेडिकल जांच करा दिया गया है। गिरफ्तार युवकों में 22 वर्षीय मुन्ना गोप, 25 वर्षीय अमित बारला एवं 29 वर्षीय अनिल इंदवार शामिल है एवं तीनों गांव घूनसेरा, थाना बसिया के निवासी हैं। छापामारी टीम में बसिया थानेदार छोटू उरांव, पुअनि घनश्याम कुमार रवि, आरक्षी विनीता कुमारी एवं रिजर्व बल के जवान शामिल थे।

## स्पेशल मेडियेशन ड्राइव को लेकर पीडीजे ने की बैठक

# एक जुलाई से 30 सितंबर तक चलेगा स्पेशल मेडियेशन ड्राइव

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** झालसा रांची के निर्देशानुसार आगामी 1 जुलाई 2023 से लेकर 30 सितंबर 2023 तक स्पेशल मेडियेशन ड्राइव चलाया जाना है जिसको लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल ने लोहरदगा मंडल में कार्यरत सभी न्यायाधीशों के संग अपने कार्यालय कक्ष में बैठक की। इसका उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से 1 जुलाई से लेकर 30 सितंबर तक ज्यादा से ज्यादा वादों का निष्पादन करना है। इसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना के बाद मुआवजे के मामले; कुटुंब न्यायालय में लंबित भरण पोषण के मामले, चेक बाउंसिंग के मामले, सुलहनीय अपराधिक मामले, बालू चोरी के मामले, घरेलू हिंसा से संबंधित मामले, 498 अ के मामले, बिजली संबंधित मामले, माप- तौल अधिनियम से संबंधित केस, वन अधिनियम से संबंधित मामले एवं अन्य वाद शामिल हैं।



**खास बातें :** मौके पर प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश ने उपस्थित न्यायाधीशों को यह कहा कि मध्यस्थता के अंतर्गत सुलझाए जा सकने वाले मामलों को चिन्हित कर नोटिस बोर्ड पर लगाया जाए एवं पक्षकारों को मध्यस्था के माध्यम से मामले निष्पादन हेतु नोटिस जारी किए जायें। मौके पर प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय सुभाष; तृतीय न्यायाधीश अरविंद कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेश कुमार, निबंधक सिविल कोर्ट, राज कल्याण एवं न्यायिक दंडाधिकारी पूजा कुमारी लाल उपस्थित थे। स्पेशल मध्यस्थता ड्राइव से विवाद सुलझाने को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल ने पांचों मध्यस्थों के साथ भी एक बैठक अलग से की।

# 108 एंबुलेंस के चालक की लालच के कारण निजी अस्पताल पहुंचा मरीज, वहां केवल आर्थिक दोहन

- बिना इलाज के ही परिजनों ने वापस लाकर सदर अस्पताल में किया भर्ती
- गुमला से रांची ले जाने के क्रम में 108 एंबुलेंस चालक ने रांची के बर्लिन हास्पिटल में अच्छा इलाज की बात कह घायल को करा दिया था भर्ती
- तीन दिन इलाज के बाद प्रबंधन ने थमा दिया एक लाख 27 हजार का बिल
- घायल के पिता ने बैल, बकरी व जमीन बेच बिल, एंबुलेंस चालकों के कारण मरीजों के आर्थिक दोहन का बनता जा रहा है कारण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** राज्य सरकार के द्वारा संचालित 108 एम्बुलेंस जीवन रक्षा में अब तक अहम योगदान दिया है। हजारों लोगों की जीवन की रक्षा कर सेवा का सबसे बड़ा प्रमाण दिया है। लेकिन 108 एंबुलेंस वाहन के चालकों के कुछ पैसों के लालच में आ जाने से अब मरीजों को अपना जीवन बचाने में घर जमीन सब गिरवी रखना पड़ रहा है। एंबुलेंस चालक के लालच का शिकार रायडीह थाना क्षेत्र के बिरकेरा सुरसांग निवासी सीताराम साहु के 22 वर्षीय पुत्र प्रभात कुमार साहु को झेलना पड़ा। प्रभात कुमार साहु 10 जून को स्कुटी से गिरकर घायल हो गया था। जिसे इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



सदर अस्पताल में भर्ती घायल व बिल दिखाते परिजन।

- चार दिन गुमला अस्पताल में इलाज के बाद उसे चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। 14 जून को पूर्वाह्न 9:30 बजे जेएस 01 सीजे 0191 108 वाहन के एंबुलेंस चालक उन्हें गुमला अस्पताल से रांची ले जाने के लिए निकला। लेकिन रास्ते में ही एंबुलेंस चालक ने घायल के परिजनों को यह कह दिया कि हरमू चौक के पास बर्लिन जेनरल हॉस्पिटल में अच्छा इलाज किया जाता है। घायल को वहीं भर्ती करा दें। परिजन कुछ समझ नहीं पाये और घायल प्रभात को वहां इलाज के लिए भर्ती करा दिया। भर्ती करने से पूर्व अस्पताल के द्वारा परिजनों से बीस हजार की राशि जमा करायी गयी।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ कैरो प्रखंड में आजसू का धरना



**कैरो।** प्रखंड में व्यापक भ्रष्टाचार के खिलाफ कैरो प्रखंड के प्रखंड कमेटी ने एक दिवसीय धरना दिया। जिसमें झारखंड आंदोलनकारी सह पूर्व विधायक स्व कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी एवं लोहरदगा विधानसभा की प्रभारी नीरू शांति भगत, केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव, केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, आजसू पार्टी के महिला मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता अंजू देवी, आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिता साहू, कैरो प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष परमेश्वर भगत, जिला उपाध्यक्ष विपिन कुमार सिंह, संजय कुमार महतो, परमानंद साहू, मनोज यादव एवं पार्टी के सभी कार्यकर्ता इस भ्रष्टाचार के खिलाफ में पुरजोर आंदोलन को और तेज करने की आह्वान किया। मौके पर कहा गया कि वर्तमान सरकार के शह में पदाधिकारी बेलगाम हो गए है। हर विभाग में लूट मची हुई है। आम आदमी का सुनने वाला कोई नहीं है। मौके पर आने वाले दिन में प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार खत्म नहीं होने पर पार्टी द्वारा ताला बंदी किया जायेगा। मौके पर काफी संख्या में आजसू कार्यकर्ता मौजूद थे।

# चैनपुर भाजपा ने चलाया महा जनसंपर्क अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय में भाजपा मंडल के पदाधिकारियों ने मंगलवार को महा जनसंपर्क अभियान चलाया। इस क्रम में भाजपाइयों ने मुख्यालय क्षेत्र में ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री के बातों को सुना और लोगों के बीच भाजपा की नीति और सिद्धांतों को बताया। वहीं आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को समर्थन करने की बात कही। मौके पर कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे भाजयुमो के प्रदेश सचिव आजाद शत्रु ने कहा की प्रधानमंत्री के 9 वर्ष के कार्यकाल में हर तबके के लोग काफी खुश हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का संपूर्ण विकास हो रहा है। जिसका डंका देश ही नहीं विदेशों में भी बज रहा है।

- केंद्र की भाजपा सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल में हर वर्ग के लोग खुश : आजादशत्रु



### लुपिन डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्‌घाटन

**गुमला।** विंध्यवासिनी मेडिकल हॉल में लुपिन डायग्नोस्टिक सेंटर का उदघाटन डॉ शकुंतला मुर्मू एवं डॉ राहुल देव व सेंटर के प्रोपराइटर की मां माधुरी देवी ने किया। डायग्नोस्टिक सेंटर में सभी प्रकार के जांच की सुविधा गुमला वासियों को प्राप्त होगी जिसके लिए अमूमन रांची जाना पड़ता था। डायग्नोस्टिक सेंटर का मूल उद्देश्य है कम खर्च में बेहतर जांच सुविधा उपलब्ध कराना है। कुछ जांच जो असामान्य होते हैं उनकी जांच भी इस सेंटर के माध्यम से बाहर से करा कर लायी जायेगी और रोगी के बीमारी का पूरा विवरण डायग्नोस्टिक सेंटर रखेगा।

### उपायुक्त ने पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना को ले की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मंगलवार को पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना से संबंधित बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में जिला के विद्यालयों में पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के संचालन संबंधी चर्चा हुई जिसमें जिला शिक्षा अधीक्षक ने बताया कि उक्त योजना का लाभ जिला के 50,031 विद्यार्थियों में संचालित की जा रही है। सत्र 2023-24 के प्रथम त्रैमास (अप्रैल, 2023 से जून 2023) का चावल/खाद्यान्न कुल 348 एमटी खाद्यान्न का आवंटन के विरूद्ध आदेश प्राप्त होने के उपरांत चावल उठाव कर स्कूल स्टेप डिलिवरी के माध्यम से सभी चिन्हित विद्यालयों में चावल उपलब्ध करा दी गयी है।

### जिले के 171 पीवीटीजी ग्रामों का सर्वे संपन्न



**गुमला।** जिले के दूर दराज के सुदूरवर्ती इलाके में कई ऐसे गांव हैं जहां के लोग प्राथमिक सुविधाओं से वंचित है या फिर सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद उसका सही से उपयोग नहीं कर पा रहें है। ऐसे ग्रामों को चिन्हित करते हुए उन्हें सभी मूलभूत सुविधाओं से अच्छादित करने के उद्देश्य से उपायुक्त ने जेटीडीएस की टीम को पीवीटीजी अर्थात विशिष्टतः असुरक्षित जनजातीय समूह के ग्रामों का सर्वे करने का निर्देश दिया था। जिसके तहत पिछले एक माह से लगातार टीम के माध्यम से सर्वे करते हुए कुल 171 ऐसे ग्रामों को चिन्हित किया गया। उन सभी ग्रामों में किस प्रकार से विकास हेतु योजना तैयार की जायेगी उसी से संबंधित आज उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक की गयी। बैठक में सभी 171 ग्रामों में सड़क, बिजली, पानी, आंगनबाड़ी केंद्र आदि से संबंधित समस्या देखने को मिली। उक्त सर्वे के दौरान जेटीडीएस की टीम द्वारा ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं के साथ उसके समाधान पर भी चर्चा हुई।

# लोगों की समस्याएं सुन उपायुक्त ने दिया समाधान का आश्वासन

**जनता दरबार**

- लूरू के बेहरापाठ में 20 सालों से है पानी की समस्या
- उपायुक्त से ग्रामीणों ने की समाधान की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की समस्या सुनी और समाधान का अश्वासन दिया। जनता दरबार में पालकोट प्रखंड के सानाईडिह निवासी विमला देवी ने अपने पति के लापता होने की शिकायत की। विमला ने बताया कि उसके पति तीन वर्षों से घर से लापता है।

साथ ही घर में चार बच्चे है। घर में बच्चों का पालन पोषण करने में काफी कठिनाई हो रही है। आवेदिका द्वारा सहायता राशि की मांग की गई। रायडीह प्रखंड के सिलम चटकपुर निवासी सुलेखा देवी ने उपायुक्त से रोजगार दिलाने की मांग की। सुलेखा देवी ने कहा कि उसके पति की मृत्यु हो हो गई है एवं उनके घर कोई भी कमाऊ व्यक्ति नहीं होने के कारण बच्चों की पढ़ाई तथा पालन पोषण करने में काफी कठिनाई हो रही है। गुमला के चेटर निवासी सोनी देवी ने अपने दिव्यांग बेटे के सर्टिफिकेट बनाने में उपायुक्त से सहायता की मांग की।



जनता दरबार में समस्या सुनते उपायुक्त सुशांत गौरव।

- करौन्दी निवासी चंचला कुमारी ने उपायुक्त से नवीं कक्षा में एस एस +2 गुमला में नामांकन हेतु सहायता की अपील की। वह राजकीय मध्य विद्यालय गुमला की कक्षा 8 वीं॰ की विद्यार्थी है। उनके पिता के मृत्यु के बाद घर की आर्थिक स्थिति काफी खराब है। रायडीह निवासी राजू कुमार प्रसाद ने उपायुक्त से कहा कि बैंक ऑफ इंडिया मांझाटोली से कृषि ऋण लिया था। साथ ही ऋण माफी की सूची में नाम था। प्रज्ञा केन्द्र में उन्होंने अंगूठा लगाया लेकिन रशीद दूसरे के नाम पर प्राप्त हुआ। जिससे ऋण माफी का लाभ नहीं मिल पाया। आवेदक द्वारा ऋण माफी करने की मांग की गई। गुमला प्रखंड के लुरू बेहरापाठ के ग्रामीणों ने उपायुक्त से गांव में पेयजल की समस्या का समाधान करने की मांग की।

# झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक ऑनर एसोसिएशन का चुनाव शीघ्र : धीरज साहू

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** राज्यसभा सांसद सह ट्रक ऑनर एसोसिएशन के संरक्षक धीरज प्रसाद साहू से न्यू झारखंड पठारी ट्रक एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सैकड़ों ऑनरों ने उनके लोहरदगा आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के पश्चात सैकड़ों ट्रक मालिको ने लिखित रूप से संरक्षक श्री साहू को मांग पत्र सौंपा और कहा कि एसोसिएशन का चुनाव पिछले लगभग 15 वर्षों से नहीं किया गया है और एसोसिएशन अपने निजी हित में लिप्त है। ऑनर के हित में कोई काम नहीं हो रहा है। इसके मद्देनजर संरक्षक धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि चुनाव तो होना चाहिए।

उन्होंने इसको लेकर चुनाव को लेकर एक कमेटी गठन करने का निर्णय लिया और कहा कि इसी कमेटी के नेतृत्व में चुनाव होगा। डीपी साहू ने हिंडाल्को कंपनी से गुरदरी, सेरेंगदाग, जालिम और भैंस बथान चलने वाले ट्रकों की पूरी सूची मांगी है उसके पश्चात नए चुनाव की घोषणा होगी। मौके पर प्रतिनिधि मंडल में संदीप कुमार गुप्ता, संतोष कुमार साहू, मुख्तार अंसारी, संदेश कुमार, आनंद कुमार, मजीद अंसारी, सराउल हक, मोहम्मद मुन्ना, मुंतजीर आलम, अवधेश मित्तल, शशि भूषण कुमार, तहसील खान, देवा उरांव, महताब अंसारी, अभिजीत गुप्ता, शोएब अख्तर, शमशेर कुरैशी, उषा साहू, असलम अंसारी, शशिकांत दास, विनोद सिंह, बसीर अंसारी सहित सैकड़ों ओनर उपस्थित थे। इधर, न्यू झारखंड पठारी बॉक्साइट ट्रक एसोसिएशन ने संरक्षक श्री साहू के इस फैसले का स्वागत किया एवं हर्ष व्यक्त किया है की ऑनर एकता की जीत हुई है और आगे चुनाव में भी ऑनर एकता की ही जीत होगी।



डीपी साहू से मिलता प्रतिनिधिमंडल।

स्पीड न्यूज

## चलती ट्रेन से उतरने के दौरान महिला की मौत

**कोडरमा।** जंक्शन रेलवे पर सोमवार की शाम करीब 7 बजे जलियांवाला बाग एक्सप्रेस से गिरने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान न्यू कॉलनी कोडरमा निवासी 52 वर्षीय किरण देवी पिता राजकुमार साव के रूप में हुई है। उक्त महिला गया जंक्शन से सोमवार शाम करीब पांच बजे जलियांवाला बाग एक्सप्रेस पर सवार होकर कोडरमा आ रही थी। इसी दौरान जहां चलती ट्रेन से उतरने के दौरान गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं घटना के बाद जीआरपी के जवानों के द्वारा उक्त महिला को सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

## ट्राई साइकिल का वितरण



**भवनाथपुर।** प्रखण्ड कार्यालय में एक दिव्यांग को ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। बीडीओ जयपाल कुमार महतो ने अरसली दक्षिण पंचायत निवासी सरजु राम को ट्राईसाईकिल दिया। दिव्यांग लम्बे समय से प्रखण्ड के चक्कर लगातार लगा रहा था। मौके पर बीडीसी चन्दन ठाकुर, शकील अहमद, सुचित्रा देवी उपस्थित थे।

## जय वर्मा को जेएमएम से निष्कासित करने की मांग

**केतार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने बताया कि पार्टी के सदस्य अजय वर्मा सदैव पार्टी विरोधी कार्य में संलिप्त रहते हैं। पार्टी के कोई भी कार्यक्रम में शामिल नही होने तथा दूसरे पार्टी के लिए कार्य करना इए सब पार्टी विरोधी कार्य को दशार्ता है। जिसे देखते हुए आज जेएमएम जिलाध्यक्ष तनवीर आलम से वर्मा को छह वर्षो के लिए पार्टी से निष्काषित करने की मांग की है। इधर अजय वर्मा ने पूछे जाने पर बताया कि अभी हमलोग केतार में अम्बेडकर जी का प्रतिमा का अनावरण में लगे हैं, जिसे देख कर मेरे भाई लोग पार्टी विरोधी समझ बैठे हैं। इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के ओखरगाड़ा गांव निवासी राज मुनि भुइयां के 42 वर्षीय पत्नी फुलमतिया देवी व पुत्र सोनू कुमार भुइयां मोटरसाइकिल से गिर कर घायल हो गया। घटना के बाद घायलों को राहगीरों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में राजमणि भुइयां ने बताया कि सोनू अपने मां को लेकर डालटेनगंज इलाज कराने के लिए गया हुआ था। जहां से वापस लौटने के दौरान गढ़वा दानरो नदी पुल के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने से गिरने पर घायल हो गया।

## जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आधार परियोजना के तहत जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक हुई। बैठक में आधार परियोजना से सम्बंधित कई बिंदुओं पर चर्चा करते, डीसी ने जिले के सभी बिरहोर टोलों में आधार कैम्प लगाकर, बिरहोर परिवार के सभी सदस्यों का आधार बनवाने, सभी प्रखण्डों में आधार सेवा केंद्र खोलने के लिए स्थल चयन करने आदि का निर्देश दिया। बैठक में डीसी ने प्रखंडों के बीडीओ को क्षेत्र भ्रमण कर 18 वर्ष आयु वाले लोगों के बने आधार कार्ड को सत्यापित करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर निदेशक डीआरडीए भगीरथ, डीईओ अलका जयसवाल, डीएसई नयन कुमार, डीआईओ सुभाष यादव आदि मौजूद थे।

## स्कूली बच्चों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**जयनगर (कोडरमा)।** डीवीसी सीएसआर द्वारा मंगलवार को नवसृजित प्राथमिक विद्यालय खेड़ोबर में स्कूली बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान बच्चों का उपचार कर उन्हें आवश्यक दवाएं तथा ब्रश व पृष्ठ दिया गया। शिविर की अध्यक्षता दामोदर यादव ने किया। इस दौरान पिंटू यादव, अरुण कुमार आदि मौजूद थे।

# दुष्कर्म के प्रयास के अपराधी को तीन वर्ष की सजा

## अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय तरुण कुमार की अदालत ने सुनाई सजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म के प्रयास के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय तरुण कुमार की अदालत ने मंगलवार को आरोपी 22 वर्षीय कार्तिक कुमार पिता निरंजन सिंह मरचोइ सतगावां निवासी को 354बी एवं पोक्सो 8 एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 3-3 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई, साथ ही 5000 जुमार्ना भी लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 2 माह अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। इसे लेकर लिखित आवेदन पर सतगावां थाना कांड संख्या 42/2021 दर्ज कराया गया था। अभियोजन का संचालन पीपी पीके मंडल ने किया। इस दौरान कुल 7 गवाहों का परीक्षण कराया गया। लोक अभियोजक पीपी पीके मंडल ने कार्रवाई के दौरान न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता जेपी नारायण ने बचाव करते हुए दलीलें पेश की। अदालत ने दोनों पक्षों के दलीले सुनने एवं अभिलेख पर उपस्थित साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुमार्ना लगाया।

### क्या है मामला

कोडरमा-थाना को दिए आवेदन में भुक्तभोगी नाबालिक ने कहा था कि वह जब शौच के लिए घर से बाहर गई थी तो उसे अकेले पाकर कार्तिक कुमार गलत नियत से उसे पकड़ लिया। वह जोर जोर से चिल्लाई और झटका देकर दौड़ते हुए घर आ गई और अपने माता-पिता को जानकारी दी। जब उसके माता पिता लड़के के माता-पिता को बताने गए तो उन्होंने उल्टे उसके माता-पिता को गाली गलौज किया और कहा कि जो करना है कर लो, जहां जाना है जाओ।

# मुस्लिम समुदाय ने केंद्रीय मंत्री गडकरी एवं मंत्री मिथिलेश के प्रति जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मंगलवार को शहर के मदरसा तब्लीगुल इस्लाम में बैठक आयोजित की। बैठक में लोगों ने अचला कब्रिस्तान पर फ्लाईओवर की स्वीकृति मिलने पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के प्रति आभार जताया। साथ ही लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

अंजुमन के जिला सदर जैनुल आबेदीन खान उर्फ मदनी खान की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में लोगों ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को काफी संवेदनशील व हर दिल अजीज मंत्री तथा मंत्री मिथिलेश ठाकुर को धुन का पक्का व काम के प्रति ईमानदार बताया। मौके पर गढ़वा जिला सदर जैनुल आबेदीन खान ने कहा कि केंद्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की संवेदनशीलता एवं गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के लगातार प्रयास से अचला में फ्लाईओवर निर्माण की सहमति बनी है। इन्होंने दल व राजनीति से ऊपर उठकर जनता की भावनाओं को प्राथमिकता दिया है। इस कार्य में सफलता का पूरा श्रेय मंत्री गडकरी की विचारधारा एवं मंत्री ठाकुर के प्रयास का है। मौके पर डॉ. मो. यासीन अंसारी, ताहिर अंसारी, हाजी निजामुद्दीन अंसारी, करीब अंसारी, नसीम अख्तर, आलमगीर अंसारी, सिराज खान, जावेद अली अंसारी, मुखराम भारती, महफूज कुरेशी, जैनुल अंसारी, शोएब अंसारी, मो. शरीफ अंसारी, जाकिर हुसैन, इबरार अंसारी, इकबाल हुसैन सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## राजभवन घेरने निकले विस्थापित किसान




**सिमरिया (चतरा)।** भारतमाला एक्सप्रेस वे और शिवपुर कठोतिया रेलवे लाइन के विस्थापित किसान मंगलवार को रांची के लिए रवाना हुए। किसान रांची में धरना के साथ साथ रैली निकालेंगे और राजभवन का घेराव करेंगे। कार्यक्रम का समर्थन कर रहे वाममोर्चा के संयोजक अर्जुन कुमार ने बताया कि एक्सप्रेस वे और रेलवे लाइन के लिए किसानों से भूमि अधिग्रहित की गई है किंतु प्रोजेक्ट की एजेंसी ने बिना किसानों को मुआवजा और सुविधा दिए बगैर काम शुरू कर दिया है। एजेंसी के इस कार्रवाई से किसान आक्रोशित हैं और पिछले एक महीने से धरने पर बैठे हैं। किसानों ने जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक से गुहार लगाई किंतु नतीजा शुन्य है। ऐसे में किसानों ने राजभवन घेराव का निर्णय लिया है। किसानों ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती आंदोलन जारी रहेगा। बगैर गांव जाकर किसी भी हालत में जमीन नहीं दी जाएगी। रांची के लिए रवाना होने वालों में ओमप्रकाश शर्मा,गयानाथ पाण्डेय सहित विस्थापित किसानों के अलावा दर्जनों युवा मोर्चा के सदस्य शामिल थे।

## उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी आमजनों की समस्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। उपायुक्त ने आमजनों की समस्याओं से जुड़े अवेदनों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया।

प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने हेतु ग्राम लुत्तिडीह से आये किसान ने बताया कि उनका मिट्टी का घर विगत मानसून की भारी वर्षा में ढह गया था। उन्होंने आवेदन देते हुए अनुरोध किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें आवास मुहैया कराया जाए जिससे कि आश्रय न होने की समस्या का समाधान हो सके।

चापानल निर्माण हेतु ग्राम लमटा से आये निवासी ने बताया कि उनके बासगीत पर्चा भूमि पर चापानल निर्माण कार्य कराया जा रहा था जिसे कुछ स्थानीय लोगों द्वारा रोक दिया गया है। उक्त समस्या के हल हेतु उन्होंने अपने आवेदन में अनुरोध किया है कि जल्द इसका निराकरण किया जाए जिससे कि उत्पन्न पेयजल समस्या से निजात पाया जा सके।

अन्य समस्याओं में मुख्य रूप से राशन कार्ड संबंधित, भूमि संबंधित, तालाब निर्माण संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल थे।

# भाईचारगी व सौहार्दपूर्ण मनाएं त्योहार: डीसी

अफवाह फैलाने वालो के ऊपर होगी सख्त कार्रवाई: एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय स्तिथ सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में बकरीद के त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक, राकेश रंजन समेत अन्य जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं शांति समिति सदस्य के रूप में जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

शांति समिति की बैठक में सदस्यों ने बकरीद के मौके पर शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल यथावत बने रहने हेतु सभी संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर अपने अनुभव साझा करते हुए विधि व्यवस्था को लेकर अपने सुझाव दिए। उपस्थित सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र में पूर्व में मनाए गए त्योहारों की स्थिति से अवगत कराया साथ ही जिला स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन करने एवं भाईचारगी व सौहार्दपूर्ण त्योहार मनाने की बात कही।

पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने अफवाहों पर अंकुश लगाने हेतु कहा कि सोशल मीडिया सहित अन्य सभी माध्यमों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकार की अफवाह फैलाई जाती है जो समाज मे समरसता बिगाड़ने का काम करती है तो दोषियों के खिलाफ सख्ती अपनाते हुए कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त अबु इमरान ने बैठक को अंत करते हुए कहा कि समुदाय के हर उम्र वर्ग को जिम्मेदार नागरिक की तरह सतर्क रहने की जरूरत है तथा अफवाहों से सावधान रहने की आवयश्कता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक सदभाव बिगाड़ने या द्वेष फैलाने के कृत्यों के खिलाफ प्रशासन हमेशा सतर्क रहेगा।

## हौसला बुलंद हो तो आंधियों में भी चिराग जल जाते है: डॉ. नीरा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** सृजन महिला विकास मंच के द्वारा संचालित बाल विवाह पर सामुदायिक जागरूकता परियोजना के अन्तर्गत युवा महोत्सव का आयोजन वसुंधरा गार्डन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. नीरा यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रामधन यादव मौजूद रहे। जबकि मुख्य रूप से परियोजना समन्वयक सेव द चिल्ड्रन दिव्या ज्योति तिग्गा, उपाध्यक्ष जिला परिषद निर्मला देवी, अर्चना ज्वाला, सुमन जयसवाल आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान संस्था द्वारा परियोजना अंतर्गत संचालित विशेष शिक्षण केंद्र व मोहल्ला पाठशाला में अध्यनरत बच्चों के बीच फैंसी ड्रेस, गीत-नृत्य प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया। इसके अलावा विशेष शिक्षण केंद्र के संचालन में प्रयोग किये जाने वाले अलग-अलग शिक्षण सामग्री, लिंग आधारित भेद-भाव के प्रकार व कम करने के उपाय, बाल विवाह जैसे मुद्दों पर प्रदर्शनी व स्टाल तैयार कर प्रस्तुत किया गया। वहीं सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतियोगियों को संस्था द्वारा पुरष्कृत किया गया। वहीं मुख्य अतिथि डॉ. नीरा यादव ने कहा कि सृजन महिला विकास मंच एक ऐसी संस्था है जो महिलाओं व किशोरियों के साथ काम कर उनके अन्दर आत्मविश्वास का निर्माण कर रही है। मौके पर संस्था की सचिव नर्गिस खातून, कार्यक्रम प्रबंधक जानिसार अख्तर, मो. इस्लाम अंसारी, ललिता सांगा व अन्य परियोजना कर्मियों के साथ 350 किशोरियों ने भाग लिया।

## कस्तूरबा गांधी व झारखंड बालिका विद्यालय में नामांकन को लेकर बैठक

**कोडरमा।** जिले के कोडरमा, जयनगर, मरकच्चो और सतगावां प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों और डोमचांच व चंदवारा में अवस्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में योग्य छात्राओं के नामांकन को लेकर उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नामांकन समिति की बैठक हुई। बैठक में उपरोक्त स्कूलों में नामांकन को लेकर प्राप्त आवेदनों और स्कूलों में उपलब्ध सीटों की जानकारी लेते हुए डीसी श्री रंजन ने कहा कि जिन विधालयों में श्रेणीवार सीट खाली रह गया है, उन स्कूलों में नामांकन को लेकर लोगों को जागरूक करें और योग्य छात्राओं का नामांकन सुनिश्चित करें। वहीं डीएसई को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कराएं और स्कूलों में नामांकन को लेकर लोगों को जागरूक करें, खास कर एससी, एसटी और अल्पसंख्यक श्रेणी के सीटों में अभ्यर्थियों का नामांकन सुनिश्चित करें। डीसी श्री रंजन ने समिति के सदस्यों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूलों में नामांकन को लेकर प्राप्त आवेदनों को सत्यापित करने आदि का निर्देश दिया। मौके पर डीसी के अलावे डीईओ अलका जयसवाल, डीएसई नयन कुमार, एडीपीओ शिव कुमार मल्लिक, प्रखंडों के बीईईओ आदि मौजूद थे।

# वेलकम डांस ग्रुप को विद्यालय ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटखोरी।** हजारीबाग के टाउन हाल में पिछले दिनों आयोजित हुए प्रतिभा सम्मान समारोह में वेलकम डांस प्रस्तुत करने वाली साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन ने मंगलवार को सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय की छात्राओं ने वेलकम डांस की अद्भुत प्रस्तुति भी दी। वेलकम डांस ग्रुप की छात्राओं को साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के निर्देशक अशोक कुमार ने मोमेंटो तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य हरगोविंद तिवारी, पूर्व शिक्षक राम सिंह तथा विद्यार्थी भी उपस्थित थे। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए निदेशक अशोक कुमार ने कहा कि हजारीबाग के टाउन हाल में प्रमंडल स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की छात्राओं के ग्रुप ने वेलकम डांस की अद्भुत प्रस्तुति दी थी। छात्राओं के वेलकम डांस को उपस्थित जनसमूह के साथ हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय ने भी प्रशंसा की थी। कार्यक्रम के पश्चात हजारीबाग की उपायुक्त के द्वारा साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल की छात्राओं को सम्मानित भी किया गया था। ऐसे में विद्यालय का भी यह दायित्व बनता है कि वह अपने प्रतिभावान छात्राओं को सम्मानित करें। उन्होंने कहा कि साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल को राज्य के बेहतरीन स्कूलों की सूची में शामिल करने का सपना लेकर उन्होंने निर्देशक का दायित्व संभाला है। यह सपना पूरा भी होगा। क्योंकि इस विद्यालय के विद्यार्थी काफी प्रतिभावान है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रकाश राम के सहयोग से इस विद्यालय को सबसे पहले चतरा जिला उसके बाद राज्य भर में सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाना है। यह कठिन काम है, लेकिन इसे हासिल किया जाएगा।

### नारायण दास ग्रोवर स्मृति संचय पुस्तक का होगा विमोचन

जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल परिसर में डीएवी विद्यालय के जनक नारायण दास ग्रोवर की याद में स्मृति संचय पुस्तक का विमोचन किया जाएगा। कार्यक्रम में सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशुन कुमार दास मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे। उपायुक्त अबु इमरान को भी कार्यक्रम में सम्मान पूर्वक आमंत्रित किया जाएगा। विद्यालय के निदेशक अशोक कुमार ने बताया कि नारायण दास ग्रोवर ने उत्तर पूर्व भारत में बेहतर शिक्षा के लिए दो सौ से अधिक डीएवी विद्यालय की स्थापना की थी। ऐसे महान महात्मा को कभी भुला नहीं जा सकता है। उनकी याद में स्मृति संचय पुस्तक का विमोचन किया होगा।

## एक नजर में

### आठवीं बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सम्मानित



**केतार।** प्रखंड के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मंगलवार को आठवीं बोर्ड मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी भैया, बहनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस दौरान मुखिया प्रमोद कुमार ने आठवीं वर्ग में 26 भैया-बहनो को किताब देकर सम्मानित किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि आप हमेशा गोल बनाकर मेहनत करे। एक दिन निश्चित रूप से सफलता आपके कदम चूमेगी। मौके पर विप्रस अध्यक्ष राम विचार साहू, संरक्षक नन्द कुमार प्रजापती, कोषाध्यक्ष गोपाल विश्वकर्मा, प्रधानाचार्य मनोज कुमार गुप्ता, धनन्जय विश्वकर्मा, दीनानाथ चौधरी, सुदीप पाल, रमेश पाल, श्वेता कुमारी, मीना कुमारी, चन्दा कुमारी, कुसुम कुमारी आदि उपस्थित थे।

### एसीबी की टीम ने चार हजार घूस लेते वनरक्षी को किया गिरफ्तार

**कोडरमा।** हजारीबाग एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने मंगलवार को वनरक्षी को चार हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोडरमा वन प्रमंडल में तैनात वनरक्षी अमरेंद्र कुमार यूकेलिप्टस पेड़ के एवज में घूस की मांग कर रहा था। मामले को लेकर पीड़ित सूरज कुमार ने एसीबी से शिकायत की थी कि अर्जून मोदी के रैयती भूमि पर लगे युकेलिप्टस के पेड़ खरीदा, जिसका टीपी फ्री होता है, जिसे परिवहन कर चिराने के लिये आरा मिल ले जाना होता है। इसके लिये वनरक्षी का परमिशन आवश्यक है। परमिशन के लिये वनरक्षी पांच हजार रुपये घूस मांग रहा था। पीड़ित ने इसकी शिकायत एसीबी हजारीबाग से की। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले की जांच की। इसके बाद मंगलवार को एसीबी की टीम आरोपित वनरक्षी को चार हजार घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपित वनरक्षी को एसीबी की टीम अपने साथ ले गयी।

### मुखिया सबिदा खातून ने किया धान केंद्र का उद्घाटन



**टंडवा(चतरा)।** टंडवा के गाड़ीलौंग पंचायत में पैक्स अध्यक्ष कमलेश कुमार गिरी का प्रखंड गोदाम टाउन हॉल के बगल में हाइब्रिड धान केंद्र का उदघाटन किया गया। पंचायत के मुखिया सबीदा खातून ने विधिवत फिता काट कर केंद्र का उद्घाटन किया। इस हाइब्रिड धान केंद्र खुलने से प्रखंड के किसानों का 50% अनुदान राशि पर हाइब्रिड धान मिलेगा तथा दर्जनों किसानों के बीच धान बीज का वितरण मुखिया अपने हाथों से किसानों के बीच की। इस धान केंद्र उद्घाटन समारोह मे प्रखंड कृषि पदाधिकारी तथा पैक्स अध्यक्ष कमलेश कुमार गिरी, विजय पांडे, मोइनअंसारी, विजय गिरी, शमीम अंसारी, मासूम रजा एवं दर्जनों किसान शामिल हुए ।

### सीडी बालिका उच्च विधालय में कैरियर काउंसेलिंग कार्यशाला

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश के आलोक में झुमरीतिलैया स्थित सीडी बालिका उच्च विधालय में कैरियर काउंसेलिंग पर कार्यशाला का आयोजन एसडीओ सन्दीप कुमार मीणा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में शामिल छात्राओं को एसडीओ समेत अन्य अधिकारियों के द्वारा प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के बाबत विस्तृत जानकारी दी गयी। वहीं मुख्य काउंसलर शैलेन्द्र कुमार ने छात्राओं को कैरियर से सम्बंधित मार्गदर्शन देते हुए, अपनी अपनी क्षमता और इच्छा के अनुसार कैरियर का चुनाव कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की सलाह दी। वहीं जिला नियोजन पदाधिकारी इमरान फारूकी ने कहा कि जिला नियोजनालय में निःशुल्क पुस्तकालय और आईटी लैब की भी सुविधा उपलब्ध है, इच्छुक छात्र छात्राएं इसका लाभ उठा सकते हैं। मौके पर एसडीओ सन्दीप कुमार मीणा, जिला नियोजन पदाधिकारी इमरान फारूकी आदि मौजूद थे।

### मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय ने सुनाई सजा

**कोडरमा।** डॉक्टर द्वारा लिंग परीक्षण कीए जाने के एक मामले तिलैया थाना कांड संख्या 80/2019, जीआर282/2019 की सुनवाई करते हुए मुख्य न्याय दंडाधिकारी वैशाली श्रीवास्तव की अदालत ने आरोपी डॉ सीमा मोदी को -23/25 भ्रूण अधिनियम के तहत दोषी पाते हुए 2 वर्ष कारावास की सजा एवं 5000 जुमार्ना लगाया। इसे लेकर तिलैया थाना में एक मामला दर्ज कराया गया था। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीले सुनने एवं अभिलेख पर उपस्थित साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर किया और जुमार्ना लगाया।

### अस्पताल की व्यवस्था में सुधार की मांग



**चतरा।** जदयू जिला प्रवक्ता मुकेश कुमार यादव ने उपायुक्त अबु इमरान को लिखित पत्र देकर सदर अस्पताल में बरती जा रही लापरवाही व लचर व्यवस्था में सुधार की मांग की। उपाय को दिए गए पत्र में कहा है कि सदर अस्पताल में अनेकों बार जाना आना रहा है। इस बीच अस्पताल की लचर व्यवस्था व असंतोषजनक स्थिति देखने को मिली साथ ही इलाज कराने पहुंचे व्यक्तियों से बातचीत करने पर जानकारी हुआ है कि अस्पताल में टेटनस, जहरीले सांपों काटने के बाद लगने वाली सुई, समेत कई प्रकार की दवा की कमी है। जबकि मात्र एक महिला डॉक्टर होने के कारण महिलाओं का इलाज सुचारू रूप से नही हो पाता है, जिससे यहां की गरीब महिलाएं समुचित इलाज के अभाव में मौत के मुंह में चली जाती है, जब अपने स्तर पर जांच किया तो पाया कि पेडियोट्रिक, ऑथोर्पेडिक, जेनोसिड, न्यूरो सर्जन नही होने के कारण जिला के गरीब, असहाय व आर्थिक स्थिति से कमजोर लोगो का इलाज नहीं हो पाता है। रेडियोलॉजिस्ट नही रहने के कारण अस्पताल में मौजूद अल्ट्रासाउंड धूल फांक रहा है।

### प्रखंड में चल रहे विभिन्न योजनाओं का हुआ समीक्षा

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड सभागार में मंगलवार को डीडीसी ऋतुराज ने मरकच्चो प्रखंड में चल रहे विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की। इसमें मनरेगा योजना, आवास योजना, कार्य का निरीक्षण कर एक एक पंचायत की जानकारी ली। बैठक के दौरान आवास योजना, मनरेगा योजना से संबंधित, बिरसा हरित क्रांति योजना 2 पर अधिक फोकस करने, जिला परिषद के द्वारा ब्लॉक चैक पर नए दस दुकान बनवाने का निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने जिला परिषद से मरकच्चो बाजार में किये जा रहे कार्यो का भी निरीक्षण की। उन्होंने बाजार की सरकारी जमीन का जो अतिक्रमण किया है उसे जल्द ही खाली करवाने का निर्देश दिये, पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मरकच्चो प्रखण्ड का परफॉरमेंस अच्छा है। मौके पर बीडीओ पप्पु रजक, सीओ रामसुमन प्रसाद, बीपीओ राकेश रंजन, राजेश कुमार, जेई जागेश्वर उरांव, प्रमोद कुमार समेत सभी पंचायत सेवक, रोजगार सेवक आदि मौजूद थे।

### भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण देखा



**कुंदा (चतरा)।** मंगलवार को कुंदा मुख्य चौक स्थित महावीर मंदिर परिसर में मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भोपाल में महा जनसंपर्क अभियान व डिजिटल रैली का लाइव देखा व सुना। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी ने संबोधित कर कहा की देश एवं राष्ट्र की सुरक्षा हेतु 2024 में भाजपा सरकार को देश में आसीन करने के लिए शंखनाद किया। उन्होंने कहा कि यदि विपक्षी पार्टियों की सरकार देश में बनती है तो सिर्फ एक चीज का गारंटी है।

# मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में कई भाजपाइयों ने लिया भाग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** मंडल में भाजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह के नेतृत्व में महा जनसंपर्क अभियान के तहत मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यकर्ताओं के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के संवाद रैली को सुना गया। कार्यक्रम के संबोधन देश के प्रधानमंत्री ने देश एवं राष्ट्र की सुरक्षा हेतु 2024 में भाजपा सरकार को देश में आसीन करने के लिए शंखनाद किया एवं बूथ स्तर के कार्यकताओं को भरपूर जोश भरी। वहीं विपक्षी पार्टियों के एकता पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि यदि विपक्षी पार्टियों की सरकार देश में बनती है तो सिर्फ एक चीज का गारंटी है। वह भ्रष्टाचार और घोटाला की गारंटी है। परंतु भाजपा की सरकार में आप अपने परिवार और अपने गांव अपने राज्य के साथ देश का विकास की गारंटी है। ऐसा मैं विश्वास दिलाता हूं। वहीं मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सह भाजपा नेता प्रकाश राम ने उपस्थित कार्यकत्ताओं को मोदी जी की नौ वर्षों मे देश मे किए गए विकास कार्य के बारे मे बताया की मोदी जी की नौ साल बेमिसाल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, तीन करोड़ लोगों को पक्का मकान, 11.8 करोड़ नल जल, 100 प्रतिशत बिजली, 48.3 करोड़ जन धन खाता, 12 करोड़ किसानों को सालाना 60 हजार सहित अन्य उपलब्धियां गिनाई। कार्यक्रम का समापन देवनंदन प्रसाद ने की। मौके पर प्रभारी जिला मंत्री ब्रजमोहन राम, जिप सदस्य रमेश राम, कार्यालय मंत्री कुंवर प्रसाद, बालदेव प्रसाद, गुड्डू यादव, राम भजन, रामजोधन प्रसाद, योगेंद्र पासवान, शैलेश सिंह, रवि सिंह, किशोर प्रसाद, किशोर प्रसाद, ओम प्रकाश, ऊर्जाडब्लू, बैजनाथ प्रसाद, पवन कुमार सिंह, राकेश प्रसाद, कामेश्वर, निरंजन, माहेश्वरी, बासदेव सहित काफी संख्या मे भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद थे।


कार्यक्रम मे उपस्थित भाजपाई।

## भाजपा का कार्यक्रम संपन्न


कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता।

**चंदवा।** चंदवा स्थित पथ निर्माण विश्रामागार में भाजपा मंडल कमेटी चंदवा के द्वारा मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने की। कार्यक्रम के दौरान महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से संवाद कार्यक्रम का टेलीविजन स्क्रीन पर वर्चुअल संवाद का प्रसारण किया गया। इस दौरान मंडल अंतर्गत सभी मित्रों को मजबूत करने को लेकर गंभीरता से चर्चा की गई व कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव की तैयारी में भी जुट जाने को कहा गया। कार्यक्रम का समाप्ति का घोषणा मेरा बूथ सबसे मजबूत के मंडल प्रभारी सह जिला सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव ने किया। मौके पर अमित लाल, राज कुमार पाठक, रामप्रसाद साहू, रामवृक्ष चौधरी, शंकर साहू, शिवकेश्वर यादव, संजय साहू, मंजू सिंह, मनीष गुप्ता, हीरामणि देवी, कृष्णा कुमार, सूर्यनारायण साहू, वीरेंद्र प्रसाद, उमेश गंझु, साजिद खान, मनोज पाठक, रविंद्र साहू, चंद्रभूषण केसरी, राजेंद्र यादव, सुरेश यादव, अवधेश यादव, बंधन मिस्त्री, उमाशंकर चैतन्य, प्रेम उराँव, चलितर ठाकुर, सुगंती कुमारी, सोमर उराँव समेत अन्य सम्मानित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### पठारी लोहरदगा ट्रक एसोसिएसन ने राज्य सभा सांसद को लिखा पत्र


पत्राचार कर मांग करते एसो. के लोग।

➲ पठारी लोहरदगा ट्रक ऑनर ऐसोसिएसन का आम चुनाव कराने की मांग

**चंदवा।** पठारी लोहरदगा ट्रक एसोसिएसन के ट्रक मालिकों ने राजसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को पत्राचार कर ट्रक ऑनर ऐसोसिएसन का आम चुनाव कराने की मांग की है। ट्रक मालिकों ने पत्र में कहा है कि विगत लगभग ट्रक 15 वर्षों से पठारी लोहरदगा ट्रक, ऑनर ऐसोसिएसन का चुनाव नही हुआ है। पूर्व में गठित एसोसिएसन के द्वारा ट्रक मालिकों के हित में कोई कार्य नही किया जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए सेरंगदाग, गुरदरी, भैंसबधान एवं जालिम चलने वाले ट्रक मालिकों का एक आम चुनाव (गुप्त मतदान के द्वारा) आपकी देखरेख में कराया जाए एवं पुराने संगठन को तत्काल प्रभाव से भंग करते हुए चुनाव कराने हेतु एक कमिटी का गठन किया जाय जिसमें कम से कम 15 सदस्य शामिल हो। मांग करने वालो में संतोष प्रसाद साहू, संदीप कुमार, आनन्द कुमार समेत कई ट्रक ऑनर शामिल हैं।

### सीएसपी संचालक से लूट

**बालूमाथ।** बालूमाथ बेसिक स्कूल के समीप सेन्ट्रल बैंक का सीएसपी चलाने वाले एक युवक से अज्ञात लुटेरों ने 52 हजार रुपये लूट लिया। इस संबंध में सीएसपी संचालक सुशील बारला ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह अपना सीएसपी बंद कर सोमवार देर शाम को गुरतुर स्थित अपने घर जा रहा था। इसी दौरान ओल्हेपाट और मासियातु के बीच बंदरचुआ जंगल में अज्ञात लुटेरों उसका बाइक रुकवाया और उसके साथ मारपीट करते हुए उसके बैग में रखा हुआ 52 हजार रुपए लूट लिया। साथ ही धमकी देते हुए कहा कि इस घटना की जानकारी किसी को नहीं देना। इस संबंध में पीड़ित ने बालूमाथ थाना में आवेदन दिया है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### वज्रपात से ट्रांसफार्मर जला, उपप्रमुख ने विभाग से ट्रांसफार्मर लगाने की रखी मांग

**चंदवा।** प्रखंड अंतर्गत अलौदिया पंचायत के टूढामु गांव में लगा 100 केवीए का ट्रांसफार्मर सोमवार को आकाशीय बिजली गिरने से जल गया, जिसके कारण पूरे गांव में अंधेरा छा गया है। प्रखंड उपप्रमुख आश्विनी कुमार मिश्र के द्वारा इसकी सूचना विधुत विभाग के एसडीओ को देने चाही पर एसडीओ लातेहार के द्वारा फोन रिसीव नही किया गया। इसके पश्चात श्री मिश्र ने इसकी सूचना एक्सक्यूटिव इंजीनियर को दी परन्तु उनके द्वारा कोई ठोस जबाब नही मिल पाया। श्री मिश्र ने बिजली विभाग से जल्द इस गाँव में नया ट्रांसफॉर्मर लगवाने का अनुरोध किया है।

### ईद उल अजहा बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**हेरहंज।** हेरहंज थाना परिसर में ईद उल अजहा बकरीद पर्व को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजित कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में दोनों समुदायों के दर्जनों लोगों ने भाग लिया। श्री कुमार ने कहा कि किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देना है। साथ ही त्योहार को शांति सौहार्द तरीके से मनाना है। किसी भी शोशल मीडिया से किसी प्रकार की भ्रामक या सन्धातमक सूचना प्राप्त होती है तो इसकी सूचना सर्वप्रथम पुलिस प्रशासन को दें। किसी भी स्थिति में कानून को अपने हाँथ में न लें। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजित कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी प्रदीप कुमार दास, थाना प्रभारी शुभम कुमार, एसआई कैलाश कुमार मण्डल, पुरषोत्तम प्रसाद उप-प्रमुख विजय उरांव, हेरहंज पँचायत मुखिया प्रीति कुजूर, सलैया पँचायत मुखिया रिंकू देवी, सेरनदाग उपमुख्या बिनोद सिंह, जनाब अंसारी, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष लाडले खान, मुरली प्रसाद, कलीम अंसारी, सलमान अंसारी, तौहीद मिंया, फुलकेश यादव, लखन राणा, बालदेव साव, उमेश ठाकुर, गुलाब मिंया समेत काफी संख्या में दोनो समुदाय के लोग उपस्थित थे।

### बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक


बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि।

➲ एसडीपीओ अजित कुमार ने सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ त्यौहार मनाने की अपील की

**बारियातू।** थाना परिसर मे बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक की गई। बैठक मे उपस्थित एसडीपीओ अजित कुमार ने सौहार्द वातावरण के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। वहीं कहा कि प्रतिबंध गौमांस के सम्बन्ध जानकारी मिले तो पुलिस को दें न की अफवाह के चक्कर मे पड़े, सहोदर्य वातावरण को खराब करने व वाट्सअप मे अफवाह फैलाने वाले पर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, दीपक नारायण सिंह, बालेश्वर गंझु, बिन्देश्वर महतो, राजेश कुमार महतो, रामप्रसाद ठाकुर, राजेन्द्र गंझु, सुरेश गंझु, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, राजेन्द्र प्रसाद साहू, रामनाथ गंझु, सुमित कुमार, पूरन साव लाल ,आशीष नाथ शाहदेव, मो. तबरेज, अफजल अंसारी, मो. जेनुल, फूलचंद, संजय सिंह, तुला गंझु सहित कई गन्यमान्य लोग मौजूद थे।

## जिप उपाध्यक्ष ने उपायुक्त को लिखा पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता


जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी।

**बालूमाथ।** जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने मंगलवार को उपायुक्त लातेहार को पत्र लिखकर परियोजना इंदिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय को+2 में अपग्रेड करने का अनुरोध किया है। लिखे गए पत्र में उन्होंने बताया है कि बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत कई उच्च विद्यालय है जबकि एकमात्र+2 राजकीयकृत उच्च विद्यालय है, जिससे प्लस टू उच्च विद्यालय बालूमाथ में विद्यार्थियों का काफी भार रहता है। वर्तमान समय में उक्त विद्यालय में 3000 से ज्यादा विद्यार्थी नामांकित है। विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए न तो पर्याप्त संख्या में बैठने के कमरे हैं और न ही अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध है। आगे उन्होंने लिखा है कि परियोजना इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय+2 में अपग्रेड होने की सारी चीजे प्रर्याप्त है। विद्यालय में 3 एकड़ का अपना परिसर है, जिसमें चारदीवारी भी है। वहीं दूसरी ओर विद्यालय का अपना 100 बेड का हॉस्टल भी उपलब्ध है। परियोजना विद्यालय को अपग्रेड करने से एक तरफ जहां विद्यार्थियों को सुलभ शिक्षा मिल पाएगी, वहीं दूसरी ओर राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय का भार भी कुछ कम हो सकेगा। यह काम जनहित में अत्यंत आवश्यक है। ज्ञात हो कि बालूमाथ क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाने हेतु उपाध्यक्ष के द्वारा शुरू से ही काफी प्रयास किया जा रहा है। चाहे वह सभी पंचायतों में पुस्तकालय बनाने का मामला हो। बालूमाथ में डिग्री कॉलेज निर्माण का मामला हो या विद्यालय की जमीन के अतिक्रमण का मामला हो, उपाध्यक्ष अनिता देवी ने हर मंच पर इस बात को बखूबी रखने का काम किया है। उन्होंने यह भी बताया कि जिस प्रकार बालूमाथ के बच्चे बच्चियां मेहनती हैं और विगत वर्षों में अच्छे परिणाम आ रहे हैं। उससे यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि वह दिन दूर नहीं जब यहां के विद्यार्थी आगे चलकर पढ़ाई के क्षेत्र में राज्य और देश का नाम रोशन करेंगे।

## लोहा चोरों को प्रश्रय दिये जाने से बढ़ा चोरों का मनोबल: दीपू सिन्हा

**लातेहार।** चंदवा के अभिजीत ग्रुप के पावर प्लांट में चोरों द्वारा समूह बनाकर सैप एवं सिक्योरिटी गार्ड के जवानों पर जानलेवा हमला की घटना पुलिस द्वारा लोहा चोरों को प्रश्रय दिए जाने का प्रतिफल है। विदित हो कि इसके पूर्व भी लोहा चोर पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी पर हमला कर चुके हैं। पुलिस ने लोहा चोरों को भी वरदान (छूट) दे रखा है और अब लोहा चोर पुलिस और सुरक्षाकर्मियों को भी निशाना बनाने में लगे हैं। ऐसे में देखना है पुलिस अब कौन सा रुख अख्तियार करती है? चोरों पर सख्त कार्रवाई कर उनका मनोबल तोड़ चोरी रोकती है या फिर पूर्व की भांति सबकुछ चलता रहता है। उक्त बातें अभिजीत एवं एस्सार प्लांट के लैंड लूजर रैयत सह झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है। हम लोगों ने बड़े ही उत्साह से चंदवा को औद्योगिक नगरी बनाने एवं इसका सर्वांगीण विकास करने के अरमानों के साथ अपने बाप-दादा के द्वारा अर्जित एवं खेती की जाने वाली जमीनों को औने-पौने दामों में इकरारनामा कर कंपनी को सौंपा था। बदले में कंपनी ने हम रैयतों के हर एक परिवार के सदस्यों को नौकरी देने प्लांट लगने के बाद प्लांट में होने वाले मुनाफा में शेयर देने समेत न जाने कितने वादे किए थे। इन वादों में उलझ कर हम स्वर्णिम भविष्य के सपने देखते हुए अपने पूर्वजों की जमीनें को खो दिया। विकास के नाम पर अपना सब कुछ गवा चुके लोग आज बदहाली में जी रहे हैं।

## एक नजर में

### कांग्रेस ने प्रेस वार्ता कर लाठीचार्ज का किया विरोध

➲ जल्द से जल्द दोषी सीआईसीएफ अधिकारियों पे कार्रवाई हो: मिथिलेश पासवान


मिथिलेश पासवान।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत लैंपस के सामने स्थित कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान ने दिन सोमवार को प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए कहा कि कांग्रेसी नेता सह झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी बोकारो में मजदूर यूनियन के लोगों से वार्ता करने गए थे। इसी दौरान सीआईसीएफ के अधिकारी और जवानों ने बर्बरता पूर्वक वाटर टैंक से पानी का बौछार करके मंत्री केएन त्रिपाठी पर लाठीचार्ज किया और इसके साथ हीं मजदूरों के साथ भी मारपीट किया गया जो कि बहुत ही दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि सीआईसीएफ के अधिकारियों का इस तरह का दुर्व्यवहार का मैं कड़ी से कड़ी निंदा करता हूं। इस घटना में जो भी दोषी सीआईसीएफ अधिकारी हैं उन्हें सरकार अभिलंब कार्रवाई करके जेल के सलाखों के पीछे भेजने का काम करे नहीं तो युवा कांग्रेस मनिका विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता उग्र आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएंगे।

### विधायक ने फीता काटकर किया उद्घाटन


दुकान का उद्घाटन करते पूर्व विधायक व अन्य।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत स्थित ग्रामीण बैंक के सामने दिन सोमवार को विधिवत रूप से मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर परी गारमेंट्स के नाम से एक कपड़ा दुकान का शुभारंभ किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह ने परी गारमेंट्स कपड़ा दुकान का फीता काटकर उद्घाटन किया। वहीं दुकान संचालक सुबोध कुमार गुप्ता ने बताया कि हमारे कपड़ा दुकान में मनिका प्रखंड क्षेत्र के लोगों के लिए उचित मूल्य पर हर तरफ की कपड़ा उपलब्ध कराई जाएगी और ग्राहकों की सुविधा का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि कम से कम मूल्य में ग्राहकों को अच्छे से अच्छे कपड़ा उपलब्ध कराने की हमारी प्रयास होगी। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत कुमार, भाजपा अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष बबन पासवान, अमरदीप प्रसाद, राजू यादव, विजय प्रसाद, सत्यम कुमार, मंटू प्रसाद, राहुल प्रसाद, मुकेश प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## अंचल कार्यालय में जनता अधिकार दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन


ग्रामीणों की समस्या सुनते बीडीओ राकेश सहाय।

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ जनता प्रखंड प्रशासन से ले सकती है, अपने आवेदनों का हिसाब: बीडीओ

**बरवाडीह।** मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने जनता अधिकार दिवस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में बरवाडीह प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों से आए ग्रामीणों को उनके अधिकारों और सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के साथ उनका निष्पादन किया गया। बीडीओ ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि आप सभी को यह जानने का हक है कि सरकार द्वारा आप सभी के लिए क्या-क्या योजनाएं संचालित की गई है और उन सभी जनउपयोगी योजनाओं का लाभ आप सभी मिल रहा है या नहीं। साथ ही आपने अगर प्रखंड प्रशासन द्वारा मंगलवार और शुक्रवार को लगाए जाने वाले जनता दरबार के साथ-साथ माननीय उपायुक्त के जनता दरबार या सरकार आपके द्वार आदि किसी भी स्तर पर अपनी समस्या या योजनाओं से संबधित आवेदन दिया है तो आपको यह भी जानने का हक है कि प्रखंड प्रशासन द्वारा आपके दिए गए आवेदन पर अब तक क्या कारवाई की गई है। जनता अपने आवेदनों का हिसाब प्रखंड प्रशासन से मांग सकती है। आपके दिए आवेदनों पर अब तक क्या कारवाई की गई है, इसका हिसाब प्रखंड प्रशासन आपको देगी। इस दौरान बीडीओ ने जनता द्वारा पूछे गये कई सवालों का जवाब दिया और कई ज्वलंत समस्याओं का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। कार्यक्रम में बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह और तेतर यादव, उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल और मंसूर आलम सहित कई विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**कार्रवाई**

➲ सोशल मीडिया पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर होगी कार्रवाई: डीएसपी

➲ सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद पर्व को मनाए प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी ना दें: थाना प्रभारी

**मनिका।** मनिका थाना परिसर में लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन व उपायुक्त भोर सिंह यादव के निदेर्शानुसार बकरीद पर्व को लेकर प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम मनिका अंचल कार्यालय में नए अंचलाधिकारी के पद पर कार्यरत श्रेयांश कुमार ने क्षेत्र के सभी गणमान्य लोगों से परिचय प्राप्त किया। जिसके बाद बैठक की आगे की कार्रवाई शुरू की गई। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए डीएसपी दिल्लू लोहरा ने कहा कि बकरीद पर्व को सभी शांतिपूर्वक और भाई चारे के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करके शांति व्यवस्था को भंग करने वालों के ऊपर पुलिस के द्वारा सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी मनिका राणा भानु प्रताप सिंह ने कहा कि सभी लोग सौहार्द पूर्ण वातावरण में बकरीद पर्व को मनाए और सरकार की गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी नहीं दे अगर किसी भी व्यक्ति के द्वारा त्यौहार में शांति व्यवस्था को भंग करने का काम किया जा रहा है तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय थाना को दें ताकि ऐसे लोगों पर नकेल कसते हुए कानूनी कार्रवाई की जा सके। मौके पर डीएसपी दिलू लोहरा ,थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी, बीडीओ वीरेंद्र किंडो, सीओ श्रेयांश कुमार, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, दरोगी प्रसाद यादव, विश्वनाथ राय, पूर्व मुखिया संजय सिंह, जितेंद्र प्रसाद यादव, मिथिलेश पासवान, प्रमोद राम, ग्राम प्रधान कयूम अंसारी, मुखिया पति माथुर उरांव, विकास तिवारी, हैदर अंसारी, बली प्रसाद यादव, विकास प्रसाद, दिनेश प्रसाद, जिप सदस्य रघुपाल सिंह, थाना एसआई मिश्रा मांझी, राजदेव मांझी, समेत थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से सभी समुदाय के लोग उपस्थित थे।

## पांडेय परिवार के साथ मारपीट की घटना को विधानसभा में उठवाया जायेगा: प्रकाश राम


पीड़ित परिजनों से मुलाकात करते प्रकाश राम व अन्य।

**बालूमाथ।** लातेहार के पूर्व विधायक प्रकाश राम मंगलवार को बालूमाथ पहुंचे और राजद नेता सुरेश राम के द्वारा जमीन विवाद को लेकर मारपीट करने की घटना की निंदा की। मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा की जब राजद नेता सुरेश राम को पता था कि सतेंद्र पांडे द्वारा जमीन मापी के आवेदन दिया गया था। जिसकी मापी 30 जून को होना था। उससे पहले जमीन में जाकर जबरन काम करना एक सोची समझी साजिश है। कानून को अपने हाथ में लेकर के राजद नेता सुरेश राम के द्वारा वहां पर मारपीट की घटना हुई है। यह सोची-समझी हत्या करने की साजिश थी। पुलिस प्रशासन कार्रवाई नहीं करती है तो भारतीय जनता पार्टी न्याय के लिए इस परिवार के साथ खड़ी रहेगी। जरूरत पड़ेगा तो उग्र आंदोलन भी किया जाएगा। बालूमाथ अंचलाधिकारी पर भी कारवाई की मांग की है। साथ ही बताया इस पूरे मामले को विधानसभा सत्र में आवाज उठाया जाएगा। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, शैलेश सिंह, रविन्द्र सिन्हा, चेतलाल राम, रामकुमार गुप्ता, रवि सिंह, सूरज शाह, सतेंद्र सिंह, संजय गुप्ता, रघुनंदन सोनी, राजेन्द्र साव, अखिलेश गंझु, अमर ठाकुर समेत कई लोग उपस्थित थे।

### जंगली हाथियों के झुंड को क्षेत्र से भगाने को लेकर बंगाल से बुलाई गई स्पेशल टीम

# जंगली हाथियों ने कई घरों को किया ध्वस्त

**हाथियों का आतंक**

➲ लगभग 3 दर्जन की संख्या में क्षेत्र में डेरा जमाए हुए है जंगली हाथी

➲ जंगली हाथियों के उत्पात से खौफजदा हैं ग्रामीण, भय के साए में गुजार रहे हैं रात

खबर मन्त्र संवाददाता


हाथियों के द्वारा ध्वस्त किया गया घर।

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के जंगलों से सटे सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। क्षेत्र में डेरा जमाए झुंड में हाथियों की संख्या लगभग 3 दर्जन से अधिक की बतायी जा रही है। माल्हन पंचायत के मरमर व केकराही गांव में उत्पात मचाने के बाद सोमवार की देर रात्रि जंगली हाथियों का झुंड डुमारो पंचायत के घोड़ियालांगर गांव पहुंच गया जहां जतरी देवी पति हरिलाल गंझु के घर को ध्वस्त कर दिया साथ ही घर मे रखे अनाज को भी चट कर गया। इसके अलावे हाथियों के झुंड ने कन्दन गंझू, किशुन गंझू समेत कई ग्रामीणों ने घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। इधर सूचना के बाद पंचायत समिति सदस्य संगीता देवी गांव का दौरा कर भुक्तभोगियों से मुलाकात कर नुकसान की जानकारी ली व प्रखण्ड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा को समस्या से अवगत कराया। जिसके बाद उन्होंने वन क्षेत्र पदाधिकारी राकेश कुमार से बात कर जंगली हाथियों के आतंक से क्षेत्रवासियों को निजात दिलाने की मांग की। उपप्रमुख श्री मिश्रा ने वन विभाग से मांग करते हुए कहा कि विगत 2 वर्ष से अधिक समय से जंगली हाथियों का झुंड क्षेत्र में डेरा जमाए हुए हैं। जंगली हाथियों के उत्पात के कारण अब तक कई लोगों को अपनी जान माल की क्षति उठानी पड़ी। इधर वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बंगाल से कुशल टीम बुलायी गयी है, जिनके मदद से जंगली हाथियों के झुंड को क्षेत्र से दूर भगाने का प्रयास किया जाएगा।

### आयुष स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन


शिविर मे जांच करते चिकित्सक।

**बारियातू।** प्रखंड के आयुष हेल्थ एंड राजकीय होम्योपैथिक औषधालय सिबला मे शिविर लगाकर कई मरीजों को जांच किया गया। शिविर मे सिबला, भाटचतरा, झीरमतकोमा, मकरा सहित अन्य गांव के मरीज पहुंचे। आयुष चिकित्सक नौशाद आलम, रविरंजन कुमार, आलोक कुमार कश्यप व नीरज कुमार ने कई बीमारियों के मरीजों को जांच कर नि :शुल्क दवा वितरण किया। वहीं नियमित दवा लेने की सलाह दी। शिविर मे उपस्थित लोगों को जानकारी देते हुए बताया की आंख की रौशनी कम होने की शिकायत अधिक मिली है। सुबह खाली पैर पैदल चलें। योग करने का आदत बनाए। सूर्यास्त से पहले उठकर योग करने से कई बीमारियों से निजात मिलता है। मौके पर काफी संख्या मे ग्रामीण महिला-पुरुष मौजूद थे।

### महा भांडारे के साथ संपन्न हुआ श्री राम दरबार मंदिर का वार्षिकोत्सव


हवन करते श्रद्धालु।

**चंदवा।** सरोज नगर स्थित श्री राम दरबार मंदिर परिसर से वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मंगलवार को अखंड रामायण पाठ पूणार्हुति व हवन के उपरांत महा भंडारे के साथ संपन्न हो गया। महा भंडारे में शहर समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों के सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और महाप्रसाद ग्रहण किया। वहीं देर शाम भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कोलकाता से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत व संगीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पूर्व सोमवार की सुबह भव्य कलश यात्रा के साथ वार्षिक उत्सव की शुरूआत हुई थी, जिसके बाद बनारस से आए आचार्य के सानिध्य में कलश स्थापना कर पूजन व दोपहर में अखंड रामायण का पाठ शुरू हुआ था। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर के पुजारी अमरेंद्र उर्फ प्रयाग पाठक, अध्यक्ष किरण साहू, उपाध्यक्ष रविकांत गिनोडिया, सचिव महेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार, संदीप अग्रवाल, सीताराम, प्रेमचंद्र अग्रवाल, जयेश वरु, विक्रम शर्मा, मनीष कुमार, वेदांत कुमार, आर्यन पांडे, प्रेम शंकर साहू, सुरेश अग्रवाल, विनोद कुमार गुड्डू, छोटू समेत बड़ी संख्या में युवक महिलाएं व बच्चियों ने अपनी भूमिका निभाई।

### बालूमाथ थाना पुलिस पीएलएफआई उग्रवादी सुल्तान के घर चिपकाया पोस्टर


इश्तेहार चिपकाती पुलिस।

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना पुलिस ने पीएलएफआई उग्रवादी कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान के घर पर इश्तेहार चिपकाया है। कृष्णा यादव बालूमाथ थाना का नामजद आरोपी है, जो पुलिस को चकमा देकर थाने से फरार हो गया था। जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने रविवार को बताया कि माननीय न्यायालय के आदेशानुसार चान्हो थाना पुलिस के सहयोग से नामजद अभियुक्त कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान जी के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया है। पीएलएफआई उग्रवादी कृष्णा यादव का घर चान्हो थाना क्षेत्र के करमटोली गांव में है। जहां बालूमाथ पुलिस टीम पहुंची थी। अगर एक महीने के अंदर आरोपी कोर्ट में सरेंडर नहीं करता है तो घर की कुर्की जब्ती कर ली जायेगी। इस अभियुक्त पर बालूमाथ थाना कांड संख्या 170 /18 धारा- 25(1) ए/ 26/35/आर्म्स एक्ट एवं 4/5 विस्फोटक अधिनियम दर्ज है। इस अभियान में पुअनि दुती कृष्णा महतो और चान्हो थाना के पुलिसकर्मी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## न्यायालय ने कुर्की-जब्ती का नोटिस चिपकाया



**कतरास।** अनुपमा देवी को स्वत्व वाद संख्या 157/96 में परमानेंट इंजंक्शन का डिक्री प्रभास साह एवं राधा देवी के विरुद्ध मिला था, परंतु प्रभास साह और राधा देवी द्वारा इंजेक्शन डिक्री का उल्लंघन कर अनुपमा देवी के डिग्री वाले जमीन पर जबरन दखल अंदाजी कर रहे थे जिसको लेकर जारी वाद संख्या 102/16 अनुपमा देवी, प्रभास साह एवं राधा देवी के विरुद्ध दायर किए थे। मंगलवार को धनबाद सिविल कोर्ट के नाजिर अनिल कुमार प्यादा निशांत कुमार मुकेश कुमार तथा राहुल कुमार मंडल द्वारा प्रभात सा एवं राधा देवी की जमीन पर कुर्की जब्ती का नोटिस चिपकाया उपरोक्त जमीन का नीलामी न्यायालय द्वारा किया जाएगा।

## बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**पुटकी/केंदुआ।** पुटकी थाना परिषर में थाना प्रभारी रास बिहारी लाल और केंदुआडीह थाना प्रभारी सुरेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में बकरीद पर्व के अवसर पर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सम्मलित होने वाले थाना क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा करीद पर्व शांतिपूर्वक मानने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित होने वाले लोगों द्वारा थाना क्षेत्र में बकरीद पर्व शांतिपूर्वक रूप से मनाने में सहयोग करने पर आपसी सहमती बनी ।इस बैठक में निम्नलिखित व्यक्तियों उपस्थित हुए एवं अपना-अपना हस्तातर बनाये मो० नसीम मंसुरी शाहरूख खान, अध्यबर प्रसार, डॉ भक्ति सिंह, पापु पासवान, मुर्तजा अन्सारी, जीतू पासवान,विकाश सिंह,राजू सिंह,मनवर हुसैन, हरिप्रसाद पप्पू,गीता सिंह, राजू दास, महादेव हांसदा, सरफुदिन अंसारी आदि गण्यमान लोग मौजूद रहे।

## छह दिव्यांग छात्रों ने मैट्रिक की परीक्षा पास की

**धनबाद।** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की स्कूल पहला कदम की सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि स्कूल के लिए बहुत ही हर्ष की बात है कि स्कूल के मुकबधिर तथा शारीरिक दिव्यांगता वाले 6 छात्रों रोनित पासवान,अभिषेक गिरी,सुजीत दास, रमसा अख्तर, ज्योति कुमारी तथा कृष्णा साव ने इस वर्ष मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कूल के साथ साथ अपने माता पिता का नाम रोशन किया। सभी शिक्षकों तथा सचिव अनीता अग्रवाल ने इन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अनिता अग्रवाल ने इन बच्चों के सफलता का श्रेय बच्चों की मेहनत के साथ साथ शिक्षकों को भी दिया ।सभी उत्तीर्ण बच्चे सफलता प्राप्त होने पर काफी उत्साहित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने देखा मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम

**बेरमो।** अंगवाली मंडल के सामुदायिक भवन अंगवाली में माननीय देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का बूथ के कार्यकर्ता से सीधा संवाद मेरा बुथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को मंडल के कार्यकताओं के साथ मंडल अध्यक्ष सचिन मिश्रा के अध्यक्षता में देखा और सुना गया। कार्यक्रम में इस कार्यक्रम के मंडल प्रभारी हिमाचल मिश्रा ए अशोक मिश्रा ए बासुदेव महतो ए साकेत कपरदार ए राजेन्द्र कुमार दसौंधी एभूषण महली ए संदीप मिश्रा एविजय रविदास ए युगल सिंह ए प्रकाश कुमार ए राजु कुमार एकाली कपरदार ए गोलक घांसी ए लक्ष्मण रविदास एतालेश्वर गोप ए विशेश्वर नायक एबिन्दी देवी ए बिजली देवी ए बसन्ती देवी एयमुनी देवी सहित बुथ स्तर के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### उपायुक्त ने दिये जनता की समस्याओं के त्वरित निष्पादन का निर्देश

# धनबाद : जनता दरबार में लोगों ने पेंशन स्वास्थ्य, शिक्षा को लेकर उठाये मामले

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री संदीप सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा।

जनता दरबार में बैंक मोड निवासी मुनिया देवी ने विधवा पेंशन के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से उन्होंने बताया कि वह एक विधवा महिला है तथा उनकी आय का कोई साधन नहीं है। किसी तरह अपना जीवन यापन करती है। उन्होंने बताया कि उनके पति का स्वर्गवास हुए 3 वर्ष से अधिक हो गया है। उन्होंने विधवा पेंशन हेतु कई बार आवेदन दिया परंतु आज तक विधवा पेंशन नहीं बना। उन्होंने उपायुक्त से विधवा पेंशन को मंजूरी देने की मांग की। उपायुक्त ने इस मामले को सामाजिक सुरक्षा को हस्तांतरित करते हुए अविलंब पेंशन स्वीकृति हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जनता दरबार में आए जौधाडीह ग्राम के ग्रामीणों ने चापाकल निर्माण के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत जौधाडीह ग्राम में एक धार्मिक स्थल है, जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु आते जाते हैं। लेकिन वहां पीने की पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, उन्होंने उपायुक्त से एक चापाकल निर्माण करने की मांग की। उपायुक्त द्वारा इस मामले को पीएचइडी-1 को हस्तांतरित कर निष्पादन के हेतु निर्देशित किया। जनता दरबार में निरसा थाना क्षेत्र से आए अजीत मोदक ने अपने पुत्र के इलाज के लिए मदद हेतु उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि उनके पुत्र मुकुल मोदक, उम्र 27 वर्ष को गंभीर पेट की बीमारी की शिकायत है। बचपन से ही उनका उपचार चल रहा है। इसी बीच दो बार ऑपरेशन भी कराया गया। लेकिन फिर से बीमारी से वह परेशान है। बीमारी का इलाज कराते हुए उनके सारे पैसे खत्म हो चुके हैं उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। उन्होंने उपायुक्त से गुहार लगाई कि उनके बेटे के इलाज हेतु कुछ मदद करें। उपायुक्त द्वारा मामले में सिविल सर्जन को हस्तांतरित करते हुए मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना का लाभ देने को निर्देशित किया।

### योजनाओं में अनियमितता से अवगत हुए डीसी

इसके अलावे उपायुक्त संदीप सिंह जनता दरबार में शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा, पारिवारिक विवाद, सरकारी योजनाओं में अनियमितता से संबंधित समस्याओं से अवगत हुए। उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

## जन्म-मृत्यु निबंधन पर प्रशिक्षण कार्यशाला आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु) श्री संदीप सिंह ने धनबाद जिला में जन्म एवं मृत्यु का शत-प्रतिशत निबंधन कराने, जनता को जागरूक करने एवं जन्म - मृत्यु प्रमाण-पत्र की महत्ता की जानकारी प्रदान कराने के लिए जन्म - मृत्यु के निबंधन के लिए व्यापक विशेष जन जागरूक अभियान चलाने का निर्देश दिया है। उपरोक्त निर्देश के आलोक में बुधवार, 28 जून 2023, को समाहरणालय के सभागार में दोपहर 4:00 बजे से विशेष प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसके बाद एक जुलाई से 12 जुलाई के बीच प्रखंड मुख्यालय स्तर पर व नगर निकाय स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। एक जुलाई से 12 जुलाई के बीच संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं संबंधित नगर निकाय के कार्यालय प्रधान के द्वारा किसी एक तिथि को प्रखण्डस्तरीय / नगर निकायस्तरीय कार्यशाला के आयोजन के लिए तिथि एवं समय का निर्धारण किया जायेगा। वहीं 14 जुलाई से 14 अगस्त तक सभी संबंधित निबंधन इकाइयों में जनता को जागरूक करने एवं प्रमाण-पत्र की आवश्यकता का महत्त्व समझाने हेतु शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर जन्म एवं मृत्यु के अनिबंधित मामलों का निबंधन संबंधित निबंधन इकाईयों में सम्पन्न कराने तथा प्रमाण-पत्र के महत्त्व एवं निबंधन की प्रकियाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## झारखंड टेनिस क्रिकेट टीम ने जीता चैंपियनशिप

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** झारखंड की टीम ने मथुरा में आयोजित सातवें सीनियर नेशनल टेनिस क्रिकेट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल मैच में मध्यप्रदेश को 25 रनों से पराजित कर चैम्पियनशिप जीता।

झारखंड टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित10 ओवरों में 7 विकेट खोकर 97 रन बनाया । झारखंड की ओर से सर्वाधिक गौतम पंडया ने 33 रन बनाया तथा गेंदबाजी में कन्हैया कुमार ने 4 विकेट चटका कर मैन ऑफ द मैच का ताज लिया। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करते मध्य प्रदेश की टीम सभी विकेट खोकर मात्र 72 ही बना पायी। झारखंड टीम में कसमार प्रखंड के तीन खिलाड़ी प्रीतम मिश्रा उपकप्तान ए प्रीतम कुमार मंजूरा तथा गौतम कुमार नायक साव शामिल है। इस चैम्पियनशिप टूर्नामेंट में झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्रए राजस्थान, तेलंगाना, विदर्भ, यूपी, गोवा, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ तथा मुम्बई की टीमों ने भाग लिया था। टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन जोन डायरेक्टर सह झारखंड राज्य के सचिव साजन सिंह भी शामिल थे।

### प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना एक को

**बेरमो/गोमिया।** गोमिया प्रखंड के हजारी पंचायत सचिवालय में मंगलवार को पंचायत की मुखिया तारामणि भोक्ता की अध्यक्षता में बुद्धिजीवियों समाजसेवी पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित किया गयाण्उक्त बैठक में बेरमो जिला बनाव समिति के संयोजक संतोष नायक मुख्य रूप से उपस्थित थेण्बैठक में बेरमो जिला बनाव की मांग को लेकर आगामी 4 जुलाई को गोमिया प्रखंड कार्यालय के समक्ष होने वाले एक दिवसीय धरना को सफल बनाने पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। बैठक में सुरेखा देवी संगीता कुमारी कल्याणी देवी गीता देवी लखन राम तारा राम सुभाष प्रजापति बुद्धेश्वर प्रजापति मौजूद थे।

## धनबाद : मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम

### कार्यकर्ताओं का बढ़ाया हौसला

धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद कार्यक्रम के द्वारा एक तरफ जहां हम सभी कार्यकताओं के हौसले बुलंद करता है वहीं दूसरी तरफ संगठन को मजबूत करने का कार्य करेगा। धनबाद के निवर्तमान महापौर चंद्रशेखर अग्रवाल बड़टांड़ मंडल में मंडल अध्यक्ष राज कुमार मंडल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन को भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मंडल स्तर पर आयोजित कार्यक्रम और बूथों पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त किया। भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के सभी 17 मंडल मे बड़ा एलईडी स्क्रीन लगाकर यह कार्यक्रम हुआ । जिसमें सैकड़ों की संख्या में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह जी ने मनइटांड़ मंडल में मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष मौसम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम को सुना। इस अवसर पर धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम से भाजपा कार्यकताओं में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। यह संवाद जनसेवा और राष्ट्र निर्माण में सभी समर्पित कार्यकताओं के लिए विकसित भारत निर्माण का मार्ग प्रशस्त करता है। मेरा बूथ सबसे मजबूत संवाद कार्यक्रम 2024 चुनाव का विजय महामंत्र है। धनबाद के विधायक राज सिन्हा जीने केंदुआ में मंडल अध्यक्ष आनंद खंडेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

## निचितपुर हॉल्ट को स्टेशन का दर्जा देने के लिए रेल मंत्री से मिले सांसद

**कतरास।** मंगलवार को जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि राज्य सभा सांसद सह जदयू झारखंड प्रदेश अध्यक्ष खिरु महतो ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर निचितपुर ब्लॉक हॉल्ट को स्टेशन की दर्जा देने की मांग की है। इस संबंध में जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह के पत्र का हवाला देते हुए खिरु महतो ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नाम पत्र लिखकर कहा है कि पूर्व - मध्य रेलवे धनबाद रेल मंडल अंतर्गत धनबाद - गोमो रेल लाइन के बीच निचितपुर ब्लॉक हॉल्ट अवस्थित है। इस हॉल्ट से प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। इस के अगल-बगल में कई एक शिक्षण संस्थान के साथ-साथ कई एक हॉस्पिटल है। इन शैक्षणिक संस्थानों एवं हॉस्पिटलों में प्रतिदिन दूरदराज से लोग रेल यात्रा कर शिक्षा ग्रहण करने एवं अपना इलाज कराने के लिए आते - जाते हैं। निचितपुर ब्लॉक हॉल्ट के अगल - बगल में घनी आबादी बस्ती है, जिसका एक मात्र रेल यात्रा का माध्यम निचितपुर ब्लॉक हॉल्ट है।

## श्री अय्यप्पा स्कूल का मना 35वां स्थापना दिवस




**बोकारो।** सेक्टर 5 स्थित श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल के 35वें स्थापना दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि स्टील प्लांट के सीजीएम हरि मोहन झा ने विद्यालय के निदेशक डॉ एस एस महापात्रा, प्रधानाचार्य श्रीमती पी शैलजा कुमार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। मुख्य अतिथि, चेयरमैन, निदेशक मंडल के सदस्योंए प्रधानाचार्य तथा निदेशक के द्वारा केक कटिंग पश्चात प्रधानाचार्य श्रीमती पी शैलजा जयकुमार ने विद्यालय की स्थापना दिवस की बधाइयां दी एवं विद्यालय के संस्थापकों के मूल्यवान स्मृति व योगदान को याद करते हुए उन्हें अभिवादन किया। मौके पर विद्यार्थियों ने गणेश वंदनाए नृत्य नाटिका, शिव तांडव, केरल का लोक नृत्य आदि की प्रस्तुति दी। विद्यालय के निदेशक डॉ एसएस महापात्रा ने विद्यालय के उपलब्धियों को बताया। बच्चों के उत्साहजनक परिणाम हेतु उन्हें टी शर्ट, कैलकुलेटर, घड़ी, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल की वार्षिक पत्रिका विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि को भी शॉलए पोस्टर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन उप प्रधानाचार्य श्रीमती लक्ष्मी के द्वारा दिया गया।

## करगली बाजार में मां विपततारिणी की पूजा

**बेरमो।** परिवार की मंगल कामना के लिए करगली बाजार स्थित एलेवन स्टार क्लब में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मंगलवार को मां विपदतारिणी की पूजा.अर्चना की। महिलाएं सुबह से ही मंदिर में कतारबद्ध होकर पूजा.अर्चना कर अपने परिवार की सुखए शांति व सुरक्षा की कामना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां विपदतारिणी के जयकारे भी लगाए। जय मां विपदतारिणी के जयकारों से करगली गूंज उठा।

# बाल विवाह को रोकने में किशोरियों की भूमिका अहम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** बोकारो जिले में सहयोगिनी बोकारो द्वारा बाल विवाह रोकने को लेकर चलाए जा रहे अभियान को समझने के लिए हजारीबाग के विशुनगढ़ प्रखंड की समाधान संस्था की किशोरियां बहादुरपुर पहुंची। एक्पोजर विजिट के दौरान किशोरियों ने सहयोगिनी बोकारो द्वारा बाल विवाह को रोकने को लेकर चल रहे कार्यक्रम की जानकारी ली। प्रखंड के पोंडा में कार्यक्रम आयोजित करके बाल विवाह रोकने के अभियान की जानकारी दी गई। इस दौरान किशोरियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह से होने वाली समस्या एवं असर की जानकारी दी। दोनों संस्था की किशोरियों ने बाल विवाह रोकने के लिए अपनी.अपनी जानकारी भी साझा की। सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने जानकारी देते हुए कहा कि किशोरियां बाल विवाह तथा सामाजिक कुरीतियों को रोकने के लिए आगे आ रही हैं। मौके पर सहयोगिनी की कुमारी किरणए सूरज मणि देवीए मंजू देवीए समाधान संस्था की हिल्डा पिंटोए नीतू देवीए पूनम कुमारीए निक्की कुमारीए अंजली कुमारीए विकास कुमारए शेखर सरदिंदु तथा गौतम सागर उपस्थित थे।




## डीपीएस बोकारो के दो छात्र सम्मानित

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के दो छात्रों कुणाल आनंद व स्वप्निल स्निग्ध ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2023 में राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। स्कूली विद्यार्थियों के बीच विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए यह राष्ट्रीय कार्यक्रम विजनन भारती व विज्ञान प्रसार द्वारा कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थियों के लिए आइआइएसइआर, तिरुवनंतपुरम, केरल में आयोजित किया गया था। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कुणाल को 3000 रुपये और स्वप्निल स्निग्ध को 2000 रुपये नगद पुरस्कार सहित नेशनल कैंप मेमेंटोए मेरिट सर्टिफिकेट और जेरूसलम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंगए चेन्नई में इंटर्नशिप से सम्मानित किया गया।

### एक नजर में

## केंदुआ : आवाज के साथ धंस गयी जमीन जहरीली गैस का रिसाव



**केंदुआ।** बीसीसीएल के गोधर छह नंबर पंखा घर के समीप जमीन खुद ब खुद धंस गई। इस दौरान जोरदार आवाज हुई जिससे आसपास के सभी लोग भयभीत हों गए। जमीन इस तरह धसी की वहां का गड्ढा तकरीबन 40 फिट के परिधि में गोफ के सामान हो गई। गड्ढा होनेके बाद वहां से गैस रिसाव शुरू हो गया। इससे वहां के नागरिक काफी आक्रोशित है। लोगो ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है, ऐसी घटना पूर्व में भी हो चुकी है। जिसकी सुचना बीसीसीएल को दी गई। लेकिन बीसीसीएलके द्वारा अब तक कोई भी करवाई नहीं की है ।जमीं धसने की घटना पूर्व में भी हो चुकी है। बीसीसीएल के द्वारा किसी भी तरह की कोई सूध नही लिए गया। बीसीसीएल नहीं चाहती है की वहां के ग्रामीण व मूलनिवासी वहां पर रहें। नाइडीह कुसुन्दा जैसे हालत पैदा करना चाहती हूं।

## डीएवी स्कूल सिंदरी में कैरियर काउंसलिंग



**सिंदरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिंदरी में मंगलवार को फैशन टेक्नोलॉजी में भविष्य विषय पर कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों के लिए कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इसमें पश्चिम बंगाल के कोलकाता से आए प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर प्रभात कुमार ने बच्चों को गुर सिखाए। चमड़े से बने उत्पादों और निर्माण विधि को साझा करते हुए कहा कि बच्चों को बचपन से ही आत्मनिर्भर होना चाहिए। हमें हमेशा नौकरी देने वाला बनना है। अपने आप को इस प्रकार तैयार करें कि हम भविष्य का निर्माण कर सकें। प्राचार्य आशुतोष कुमार ने स्वागत भाषण में कहा कि बच्चों को अपने क्षेत्र व लक्ष्य की जानकारी होनी चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## कांड्रा में पेड़ से भिड़ा ट्रेलर, चालक सुरक्षित

**सिंदरी।** गौशाला ओपी अंतर्गत कांड्रा डीवीसी मोड़ के समीप मंगलवार की सुबह साढ़े तीन बजे सुबह छड़ लदा ट्रेलर अनियंत्रित होकर नीम के पेड़ से जा टकराया। इससे ट्रेलर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। गौशाला ओपी पुलिस केबिन में फँसे ट्रेलर चालक को गैस कटर की मदद से निकालकर चासनाला सीएचसी ले गई है। उसका इलाज कराकर छोड़ दिया गया है।

## पेज 1 का शेष

### हर चोर लुटेरे पर कार्रवाई की...

**परिवारवाद पर हमला :** श्री मोदी ने देश की जनता से आह्वान करते हुए कहा कि यदि उन्हें गांधी परिवार के बेटा बेटी का भला करना है, तो वे कांग्रेस को चुन सकते हैं। समाजवादी पार्टी को चुनकर 'मुलायम' के बेटे बेटियों का भला कर सकते हैं। इसी तरह लालू यादव, शरद पवार, करुणानिधि और चंद्रशेखर राव के बेटे बेटियों का भला करना है, तो इन नेताओं से जुड़ी पार्टियों को चुन सकते हैं। श्री मोदी ने कहा कि लेकिन यदि देश की जनता अपने बेटे बेटियों, नाती नातिन और पोता पोतियों का भला चाहती है, तो उसे भाजपा को चुनना होगा।

### कई ब्यूरोक्रेट्स और...

इडी अब इस मामले में यह साक्ष्य जुटाने की कोशिश कर रही है कि आखिर हवाला कारोबार में झारखंड से किन- किन नेताओं, ब्यूरोक्रेट्स का पैसा बाहर गया है।

**इडी जांच में हुआ था खुलासा :** आरोपियों ने बताया कि वीरेंद्र राम के पैसे हवाला के जरिए भेजने के लिए सीए मुकेश मितल के कहने पर इसके लिए हवाला कारोबारी रवि बाधवानी की मदद ली गयी थी। इसके बदले में हर बार रवि बाधवानी को 3.50 लाख तक कमीशन भी मिले थे। जांच में पाया गया कि वीरेंद्र राम के एक करीबी व्यक्ति ने दिल्ली के सीए मुकेश मित्तल से संपर्क कर उसकी काली कमाई को जायज करार देने की पहल की थी।

**बताया कैसे राशि ले जाते थे :** पूछताछ में इनलोगों ने इडी को बताया कि कैसे हवाला के जरिये नकद धनराशि कम समय में एक जगह से दूसरी जगह पहुंचा दी जाती है। यह पैसों के लेनदेन का अवैध कारोबार है। बिना किसी बैंक या सरकारी सिस्टम की नजर में आए लाखों, करोड़ों रुपये एक से दूसरे शहर चले जाते हैं। लेनदेन में व्यक्तियों के नेटवर्क का इस्तेमाल होता है। हवाला में पैसे देने वाले और लेने वाले व्यक्ति के बीच कोई सीधा संवाद नहीं होता। यह काम बीच के लोग और एजेंटों के माध्यम से कोड के जरिये होता है। इडी ने नीरज की गिरफ्तारी रांची से की, जबकि अन्य दोनों को गिरफ्तारी दिल्ली से हुई। वहीं रामप्रवेश भाटिया और ताराचंद को शाम में दिल्ली से दबोचा गया। तीनों वीरेंद्र की अवैध कमाई की एंट्री और मनी लॉन्डिंग में शामिल थे। इनलोगों ने स्वीकार किया है कि राशि जमशेदपुर से दिल्ली नगद भेजे जाते थे। नवंबर 2022 से जनवरी 2023 के दौरान पांच करोड़ रुपये नगद भेजे गये थे।

### झारखंड को मिली वंदे भारत...

रांची में आयोजित उदघाटन समारोह में राज्यपाल के अलावा केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्य के मंत्री चंपई सोरेन, सांसद जयंत सिन्हा, सांसद संजय सेठ, सांसद आदित्य साहू, सांसद दीपक प्रकाश, सांसद सीपी चौधरी, सांसद महुआ माजी, रांची विधायक सीपी सिंह मौजूद थे।

### अगले 48 घंटे तक...

रांची में बीते 24 घंटे में हुई 54.9 मिमी बारिश : राजधानी में पिछले 24 घंटे में 54.9 मिमी बारिश रिकार्ड की गयी। वहीं मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो भले ही राज्य भर में दो दिनों से बारिश हो रही है। इसके बाद भी अन्य सालों के तुलना में इस बार 64 फीसदी कम बारिश हुई है। इस दौरान सबसे अधिक बारिश सिमडेगा में रिकॉर्ड की गयी। जो 63 मिमी रिकॉर्ड किया गया। वहीं, चतरा, पाकुड़, लोहरदगा में 24 घंटे में बारिश नहीं रिकॉर्ड की गयी है।

**तापमान में आयी गिरावट :** मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो राज्य में पिछले तीन दिनों के दौरान तापमान में गिरावट दर्ज की गयी। इस दौरान तापमान में चार डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गयी है। विभाग की मानें तो आने वाले तीन दिनों के दौरान तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है। विभाग की मानें तो धनबाद, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज में भारी बारिश होने की संभावना है।

**बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात का रहेगा असर :** विभाग की मानें तो अगले 24 घंटे में रांची समेत आसपास के क्षेत्रों में तेज बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवात बन रहा है इसका असर झारखंड में भी देखने को मिलेगा। 29 जून तक के तापमान की बात करें तो राज्य का अधिकतम तापमान इस दौरान 28 डिग्री सेल्सियस तक और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है।

# समान नागरिक संहिता देश की जरूरत

## तीन तलाक का इस्लाम से कोई संबंध नहीं : मोदी

- मुस्लिम देशों में तीन तलाक लागू नहीं, तो भारत में यह कुप्रथा क्यों : प्रधानमंत्री
- मुस्लिमों की राजनीति करने वालों ने ही उन्हें पिछड़ा रखा
- पसमंदा मुसलमानों के साथ किया गिया अन्याय

एजेंसी

**भोपाल/नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को मुसलमानों से जुड़े मुद्दों- तीन तलाक, समान नागरिक संहिता और भेदभाव का सामना करने वाले पसमंदा मुसलमानों की स्थिति का मुद्दा उठाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि तीन तलाक का इस्लाम से कोई संबंध नहीं है।

जो भी तीन तलाक के पक्ष में बात करते हैं, वकालत करते हैं, ये वोटबैंक के भूखे लोग मुस्लिम बेटियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय कर रहे हैं। तीन तलाक से नुकसान का दायरा बड़ा है। बहुत अरमानों से पिता अपनी बेटी को ससुराल भेजता है। जब 8-10 साल बाद बेटी वापस आती है, तो उसका भाई, पिता सब बेटी की चिंता में दुखी हो जाते हैं।

उन्होंने कहा कि तीन तलाक का इस्लाम से संबंध होता, तो दुनिया के मुस्लिम बहुल देश इसे खत्म नहीं करते। मिस्र में 90 फीसदी से ज्यादा सुन्नी मुस्लिम हैं। आज से 80-90 साल पहले वहां तीन तलाक की प्रथा समाप्त हो चुकी है। अगर तीन तलाक इस्लाम का जरूरी अंग है, तो पाकिस्तान, इंडोनेशिया, कतर, जॉर्डन, सीरिया, बांग्लादेश में क्यों नहीं है। मुस्लिम बेटियों पर तीन तलाक का फंदा लटकाकर कुछ लोग उन पर हमेशा अत्याचार करने की खुली छूट चाहते हैं। इसीलिए मेरी मुस्लिम बहनें, बेटियां भाजपा और मोदी के साथ खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति करने वाले नेताओं ने कभी मुसलमानों के हित की बात नहीं की। अगर वे उनके सच्चे हितैषी होते तो अधिकांश परिवारों में शिक्षा, रोजगार होता और उनका जीवन सुगम होता। भोपाल में आयोजित मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने एक बूथ कार्यकर्ता के सवाल के जवाब में समान नागरिक संहिता को लागू किए जाने की पुरजोर वकालत की। उन्होंने कहा कि परिवार में एक सदस्य के लिए अलग नियम और दूसरे के लिए दूसरा नियम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता के नाम पर कुछ लोग मुसलमानों को भटकाने का काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन तलाक की कुप्रथा से केवल महिला ही नहीं उसके परिजन भी दुखी होते हैं। शादी के आठ-दस साल बाद तीन तलाक देने से पूरा परिवार तबाह हो जाता है। उन्होंने कहा कि तीन तलाक प्रथा का इस्लाम से कोई संबंध होता तो मुस्लिम बहुल देश इसे खत्म क्यों करते।

मिस्त्र की 90 प्रतिशत से ज्यादा आबादी सुन्नी मुसलमान है और वा 90 साल पहले ही इसे समाप्त कर चुका है। पाकिस्तान से लेकर इंडोनेशिया जैसे अनेक मुस्लिम बहुत देशों में तीन तलाक की प्रथा पर रोक है। तब भारत की बहन-बेटियों को इस कुप्रथा के तले क्यों पिसने दिया जाए। मोदी ने कहा कि भाजपा मुस्लिम बहन-बेटियों के साथ खड़ी रहती हैं। कुछ लोग मुस्लमान बेटियों को तीन तलाक का फंदा लटकाकर अत्याचार करने की खुली छूट चाहते हैं। यही लोग तीन तलाक का समर्थन भी करतें हैं। भारत के मुस्लिम भाई-बहनों को समझना होगा कि उन्हें कौन भड़काकर फायदा उठाकर उन्हें बर्बाद कर रहा है। वे लोग इसे समझ भी रहे हैं। उन्होंने बूथ कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे मुस्लिम महिलाओं के बीच जाएं हमें उनका भरपूर समर्थन मिलेगा।



वंदे भारत एक्सप्रेस में छात्रों से बातचीत करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### संविधान में ही समान अधिकारों की बात

संविधान में ही समान अधिकारों की बात कही गई है। सुप्रीम कोर्ट भी बार बार समान नागरिक संहिता को लागू किए जाने के लिए सरकार से पूछ रहा है। एक देश की तरक्की के लिए सभी के लिए समान कानून जरूरी है। प्रधानमंत्री ने मुसलमानों में पिछड़े वर्ग का मुद्दा उठाया और कहा कि मुसलमानों की छोटी छोटी जातियां के पसमंदा मुसलमान वोट बैंक की राजनीति के चलते आज भी मुश्किल से जीवनयापन कर रही हैं। उनकी आवाज कोई सुनने को तैयार नहीं है। एक वर्ग ने इनका शोषण किया है। देश में इस मुद्दे पर कभी चर्चा नहीं होती। आज भी उन्हें बराबरी का हक नहीं है। उन्हें नीच और अछूत समझा जाता है।

## स्पीड न्यूज

### पुतिन ने की रूसी सैनिकों की तारीफ



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने रूसी सैनिकों की जमकर तारीफ की है। मंगलवार को रूसी सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनके सैनिकों ने गृहयुद्ध रोक दिया। शनिवार को वैगनर आर्मी के सैनिकों द्वारा विद्रोह की कोशिश पर टिप्पणी करते हुए पुतिन ने कहा कि रूसी सैनिकों ने लगभग एक गृह युद्ध रोक दिया। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि रूसी सैनिकों ने रूस के संविधान, रूस के नागरिकों के जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा की। उन्होंने कहा कि वास्तव में सैनिकों ने हमारी मातृभूमि को हिलने से बचा लिया, देखा जाए तो सैनिकों ने वस्तुतः गृहयुद्ध रोक दिया। उन्होंने साफ कहा कि वैगनर के असफल विद्रोह का विरोध करने में शामिल सुरक्षाकर्मी बिल्कुल नहीं घबराए।

### पाकिस्तान के पंजाब में बारिश से 20 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में तेज बारिश जानलेवा साबित हो रही है। सिर्फ पंजाब प्रांत में ही बारिश की चपेट में आकर बीस लोगों की मौत हो चुकी है। इस्लामाबाद और रावलपिंडी जैसे शहर बारिश का पानी भरने से सीवरेज सिस्टम में आई समस्याओं से भी जूझ रहे हैं। इस्लामाबाद और पंजाब प्रांत के प्रमुख शहर रावलपिंडी सहित प्रमुख शहरों में तेज बारिश के कारण पानी एकत्र हो गया है। इस कारण सीवर लाइनें अवरुद्ध हो गई हैं। पंजाब प्रांत में पिछले 24 घंटों में बारिश से 20 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 112 लोगों को बचाया गया है।

### सपा विधायक अबू आजमी को धमकी

**मुंबई।** समाजवादी पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष तथा विधायक अबू आसिम आजमी को मोबाइल फोन पर ह्वाट्सएप के जरिए जान से मारने की धमकी मिली है। आजमी के ह्वाट्सएप पर खून से सना चाकू और पिस्तौल की फोटो भेजी गई है। धमकी देने वाले ने आजमी को 3 दिन का अल्टीमेटम दिया है। फिलहाल इस मामले में अबू आजमी ने मुंबई के कोलाबा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई है।

### रास के लिए द्विवार्षिक चुनाव 24 जुलाई को

**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि राज्यसभा की 10 सीट के लिए द्विवार्षिक चुनाव 24 जुलाई को होंगे। राज्यसभा में जुलाई और अगस्त में 10 सीट खाली हो रही हैं, जिनमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर (गुजरात) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता डेरेक ओब्रायन (पश्चिम बंगाल) की सीट भी शामिल हैं। जिन अन्य नेताओं के कार्यकाल समाप्त हो रहे हैं उनमें भाजपा के गोवा से सदस्य विनय डी. तेंदुलकर, गुजरात से जुगलसिंह लोखंडवाला और दिनेशचंद अनावादिया, पश्चिम बंगाल से टीएमसी सदस्य डोला सेन, सुष्मिता देव, शांता छेत्री एवं सुखेन्दु शेखर राय शामिल हैं। वोटों की गिनती मतदान प्रक्रिया खत्म होने के एक घंटे बाद 24 जुलाई को ही शाम पांच बजे होगी

### मानसरोवर यात्रा के विकल्प खोज रही उत्तराखंड सरकार

**पिथौरागढ़।** पिछले कई सालों से स्थगित चल रही कैलाश-मानसरोवर यात्रा के मद्देनजर उत्तराखंड पर्यटन विभाग के अधिकारी इस संबंध में वैकल्पिक तरीके खोज रहे हैं जिससे श्रद्धालुओं को भगवान शिव के निवास स्थान माने जाने वाले कैलाश पर्वत की झलक भारतीय भूभाग से ही मिल सके।

## हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान ममता बनर्जी घायल

**राज्यपाल ने फोन कर ली सेहत की जानकारी**

### उत्तर बंगाल में खराब मौसम के चलते हुआ हादसा



एजेंसी

**कोलकाता।** उत्तर बंगाल में खराब मौसम की वजह से हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग के समय चोटिल हुई मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कोलकाता के राजकीय एसएसकेएम अस्पताल पहुंची हैं। यहां राज्य के गृह सचिव पहले से मौजूद थे और चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे।मुख्यमंत्री बागडोगरा एयरपोर्ट से कोलकाता हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरी और एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सड़क मार्ग से ग्रीन कॉरिडोर के जरिए सीधे एसएसकेएम पहुंची। यहां उन्हें ले जाने के लिए चिकित्सकों की टीम पहले से मौजूद थी। मुख्यमंत्री के लिए व्हीलचेयर की भी व्यवस्था की गई थी लेकिन वह उस पर बैठी नहीं। गाड़ी से उतर कर पैदल ही इमरजेंसी की ओर चल पड़ीं। अस्पताल में देखा गया कि गाड़ी से उतरने के बाद चलते समय मुख्यमंत्री लड़खड़ाने लगी थीं जिसके बाद वहां मौजूद चिकित्सा कर्मी उन्हें पकड़ कर संभालते हुए ले गए।

सीएम के चोटिल होने की जानकारी मिलने के बाद राज्यपाल डॉक्टर सी.वी. आनंद बोस ने भी फोन कर उनका हालचाल किया। राज्यपाल ने दोपहर घटना के तुरंत बाद मुख्यमंत्री को फोन किया और उनसे पूछा कि चोट कितनी ज्यादा लगी है, हालत कैसी है। मुख्यमंत्री ने फोन करने के लिए राज्यपाल का आभार जताया और बताया है कि वह चोटिल हुई हैं लेकिन बहुत ज्यादा चिंता की बात नहीं है। मंगलवार को जलपाईगुड़ी में जनसभा के बाद वह हेलिकॉप्टर के जरिए बागडोगरा हवाई अड्डे के लिए रवाना हुई थीं। वहां से उन्हें फ्लाइट पकड़ कर कोलकाता आना था लेकिन हेलिकॉप्टर ने जैसे ही उड़ान भरी, आसमान में बादल छा गए और बारिश की वजह से दृश्यता बहुत कम हो गई थी। पायलट ने सूझबूझ दिखाई और वहां सालगुड़ा में मौजूद भारतीय वायुसेना के सेवक एयर बेस पर हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई। उसी दौरान हेलिकॉप्टर से उतरते समय मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पैर और कमर में चोट लग गई।

### टीएमसी प्रत्याशी के घर से भारी मात्रा में बम व बारूद बरामद

**कोलकाता।** पूर्व बर्दवान जिले के कटवा में सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस की पंचायत उम्मीदवार स्वपना दास के घर से भारी मात्रा में बम-बारूद बरामद हुए हैं। जिसके बाद पंचायत उम्मीदवार के पति मिथुन दास को गिरफ्तार कर लिया गया है। सोमवार रात उसकी गिरफ्तारी हुई है। मंगलवार को कोर्ट में पेश कर उसे हिरासत में लेने की अर्जी पुलिस ने लगाई है। मिथुन की पत्नी कटवा के आलमपुर ग्राम पंचायत से तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार हैं। कुसुंबा गांव में इनका घर है। सोमवार रात क्षेत्र के कई गांवों में पुलिस ने छापेमारी की जिसके बाद उनके घर से भारी मात्रा में बम-बारूद की बरामदगी हुई है। जिसके बाद मिथुन को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना को लेकर विपक्ष हमलावर हो गया है। स्थानीय माकपा उम्मीदवार रीना दास ने कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार के घर से बड़ी मात्रा में बम-बारूद का बरामद होना इस बात का प्रमाण है कि तृणमूल कांग्रेस किस तरह से चुनाव करवाना चाहती है। इस बारे में स्वपना ने अभी तक कुछ नहीं कहा है।

## लव जिहाद के आरोपी के मकान पर चला बुलडोजर

**परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही बरतने का लगाया था आरोप**



एजेंसी

**फतेहपुर।** लव जिहाद मामले में मंगलवार को पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपी के घर को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। । परिजनों ने इस मामले में पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने उक्त कार्रवाई की है। लापरवाही के आरोप के बाद घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस सख्त कार्रवाई की है। हिन्दू संगठन भी इस घटना से नाराज हैं और मामले की सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ज्वालागंज में आरोपित सिकंदर के घर व ब्रदर्स ट्रैवेल्स ऑफिस को ध्वस्त कर दिया। लव जिहाद की शिकार युवती का शव राधानगर थाना क्षेत्र के उमरी गाँव पहुंचने पर बजरंगदल और विश्व हिन्दू परिषद् के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और आरोपित सोनू उर्फ सिकंदर के घर परिजनों के खिलाफ भी कड़ी कार्यवाही किये जाने की मांग की। जघन्य घटना की सीबीआई जाँच कराये जाने की मांग करते हुए पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नाराजगी व्यक्त की है। गौरतलब है कि कि बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के फरीदपुर गाँव में एक गेस्ट हाउस से 500 मीटर की दूरी पर एक खंडहर में मरणासन्न हालत में युवती को देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। नाजुक हालत देख पुलिस ने कानपूर हैलट में भर्ती करवाया, जहां युवती ने दम तोड़ दिया था। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित सिकंदर को गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ में परिवार सहित कुछ अन्य लोगों के घटना में संलिप्त होने के सुराग मिले थे।

### न्यूयॉर्क के निजी स्कूलों में दिवाली पर होगी छुट्टी

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क शहर में रोशनी के त्योहार दिवाली पर अब स्कूलों में अवकाश रहेगा। शहर के मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि उन्हें गर्व है कि राज्य के सदन और राज्य के सीनेट ने न्यूयॉर्क सिटी के पब्लिक स्कूलों में दिवाली पर छुट्टी रखने संबंधी विधेयक को पारित कर दिया। उन्होंने सोमवार को विश्वास जताया कि गवर्नर इस विधेयक पर हस्ताक्षर कर इसे कानून का रूप देंगे। एडम्स ने कहा यह जीत केवल भारतीय समुदाय के महिला व पुरुषों और दिवाली मनाने वाले सभी समुदायों की नहीं, बल्कि यह न्यूयॉर्क की जीत है। इस वर्ष से न्यूयॉर्क शहर के पब्लिक स्कूलों में दिवाली की छुट्टी रहेगी। न्यूयॉर्क की प्रतिनिधि सभा की सदस्य जेनिफर राजकुमार ने कहा कि इसके लिए दो दशक से अधिक समय तक दक्षिण एशियाई और भारतीय-कैरिबियाई समुदाय ने संघर्ष किया है। यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि अब दिवाली पर न्यूयॉर्क सिटी के पब्लिक स्कूलों में छुट्टी रहेगी। उल्लेखनीय है जेनिफर न्यूयॉर्क राज्य की प्रतिनिधि सभा के लिए चुनी गई पहली भारतीय-अमेरिकी महिला हैं।

## चीन और रूस बनायेगा गोरखा रेजिमेंट

- सेना में बहाली के लिए नेपालियों को नये कानून के तहत रूस दे रहा है नागरिकता
- चीन ने एनजीओ चाइना स्टडी सेंटर को 12 लाख रुपये में ठेका देकर नेपाल में सर्वे कराया

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय सेना की तरह अब चीन और रूस ने भी गोरखा रेजिमेंट बनाकर नेपालियों को अपने सैन्य अभियान में शामिल करने के लिए आकर्षित करना शुरू कर दिया है। रूस उन सभी नेपाली नागरिकों को नागरिकता प्रदान कर रहा है, जो 2000 अमेरिकी डॉलर प्रति माह वेतन के साथ सेना में 1 वर्ष की सेवा देने को तैयार हैं। इसी के साथ चीन ने भी गोरखा रेजिमेंट बनाने के लिए एनजीओ चाइना स्टडी सेंटर को 12 लाख रुपये में ठेका देकर नेपाल में भर्ती अभियान के लिए सर्वे कराया है। भारतीय सेना में 7 गोरखा रेजिमेंट हैं, जहां आमतौर पर 60 फीसदी सीटें नेपालियों के लिए आरक्षित होती हैं। भारतीय सेना में 1300 नेपाली युवाओं की भर्ती की जानी थी, इसलिए भारत ने 'अग्निपथ' स्कीम के तहत मित्र देश नेपाल को भी सैनिकों की भर्ती के आमंत्रित किया था, ताकि सेनाओं में गोरखाओं की संख्या में इजाफा किया जा सके। दरअसल, भारतीय सेना में नेपाली गोरखाओं की वार्षिक भर्ती धीरे-धीरे घटकर लगभग 1,500 हो गई है, जो पहले प्रतिवर्ष 4,000 थी। नई सैन्य भर्ती प्रक्रिया 'अग्निपथ' स्कीम को लेकर भारत और नेपाल के बीच तनातनी बढ़ गई। नेपाल ने अग्निपथ योजना के तहत भर्तियां रोक दीं, जिसके लिए रैलियां शुरू होनी थीं। भारतीय सेना में इस समय सात गोरखा राइफल्स रेजिमेंट हैं, जिनमें लगभग 30 हजार नेपाली नागरिक सेवा कर रहे हैं। प्रत्येक रेजिमेंट में पांच से छह बटालियन हैं। नेपाल में 1.3 लाख से अधिक पूर्व सैनिक भी हैं, जो भारतीय सेना की ओर से पेंशन प्राप्त करते हैं।



### भारतीय मूल की आरती बनीं बाहरी अंतरिक्ष मामलों के संयुक्त राष्ट्र कार्यालय की निदेशक



**वियना।** संयुक्त राष्ट्र संघ ने भारतीय मूल की आरती होला-मैनी को बाहरी अंतरिक्ष मामलों के संयुक्त राष्ट्र कार्यालय की निदेशक के रूप में नियुक्त किया है। वे इटली की सिमोनेटा डि पिप्पो की जगह लेंगी। आरती होला-मैनी की नियुक्ति की घोषणा करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने कहा कि मैनी के उपग्रह उद्योग में अनुभवों को देखते हुए यह फैसला लिया है। होला-मैनी को 25 साल से ज्यादा प्रबंधकीय और वकालत कार्यों सहित अंतरिक्ष क्षेत्र में काम करने का अनुभव है। उनके अनुभव को देखते हुए उन्हें बाहरी अंतरिक्ष मामलों के संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आरती ने हाल ही में नॉर्थस्टार अर्थ एंड स्पेस के स्थिरता, नीति और प्रभाव विभाग में कार्यकारी उपाध्यक्ष की भूमिका निभाई है।

## फिल्म बाप रे बाप का धांसू फर्स्ट लुक आउट

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा में फिटनेस आइकन के नाम से मशहूर अभिनेता विक्रांत सिंह और अभिनेत्री यामिनी सिंह की फिल्म बाप रे बाप का धांसू फर्स्ट लुक आउट कर दिया गया है।

फिल्म का फर्स्ट लुक फिल्म के मनोरंजन और फिल्म की कहानी को एक फ्रेम में दिखाने वाला है जिसे भोजपुरी जगत के स्नेह प्रेम पसंद कर रहे हैं। यह फिल्म कॉमेडी और ह्यूमर से भरपूर होने वाली है, ऐसा दावा पहले ही फिल्म के निर्माता निर्देशक कर चुके हैं। बाप रे बाप एक कमर्शियल भोजपुरी सिनेमा है जो दर्शकों को हेल्दी मनोरंजन देने वाली है।जी बाइस्कोप प्रस्तुत और मैडज मूवीज और एक्कुअल मूवीज प्रोडक्शन की फिल्म ह्यबाप रे बापह्न के निमार्ता जी बाइस्कोप, अविनाश रोहरा और समीर आफताब हैं। फिल्म के निर्देशक फिरोज खान हैं। फिल्म को लेकर विक्रांत सिंह ने बताया कि यह एक ऐसी फिल्म है जो दर्शकों को खूब गुदगुदाएगी। इस तरह की कॉन्सेप्ट पर बनी फिल्में अक्सर आपने बॉलीवुड में देखा होगा लेकिन इस बार भोजपुरी स्क्रीन पर भी आप फिल्म का मजा ले सकेंगे। फिल्म की कहानी बेजोड़ है और दर्शकों के लिए यह पैसा वसूल फिल्म होगी। फिल्म का फर्स्ट लुक आउट हो गया है जल्द ही इसका ट्रेलर भी आएगा। जो फिल्म के कुछ और महत्वपूर्ण पहलुओं से सबों को रूबरू कराएगा। फिल्म में सभी कलाकारों ने अपना शत प्रतिशत दिया है। उम्मीद है कि भोजपुरी के दर्शक हमारी फिल्म को खूब प्यार और आशीर्वाद देंगे। गौरतलब है कि फिल्म बाप रे बाप बन कर तैयार है। इसका फर्स्ट लुक आउट हो गया है और यह जल्द ही रिलीज भी होगी।




### गोल्डी बरार ने सलमान को फिर दी धमकी



**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के हत्यारे कुख्यात गैंगस्टर सतविंदर सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ ने सलमान खान को जान से मारने की धमकी दी है। उसने यह भी कबूल किया है कि उसके गैंग ने ही सिद्धू मूसेवाला की हत्या की थी। बरार ने कहा कि हम उसे जरूर मार डालेंगे। भाई साहब (लॉरेंस बिश्नोई) उससे माफी मांगने के लिए कहते हैं, लेकिन वह माफी नहीं मांगता। जैसा कि हमने पहले कहा है कि जो भी हमारा दुश्मन होगा, हम उसे मार डालेंगे। सलमान खान हमारे निशाने पर हैं। गोल्डी ने सिद्धू मूसेवाला की हत्या के पीछे की वजह भी बताई है कि वह बहुत घमंडी और बिगड़ैल था और उसके पास जरूरत से ज्यादा पैसा था। उसके पास भारी राजनीतिक और पुलिस शक्ति थी, जिसका उसने दुरुपयोग किया, इसलिए उसे सबक सिखाने की जरूरत थी।ह्व इससे पहले भी कई बार सलमान खान को जान से मारने की धमकी मिल चुकी है।

बोर्ड परीक्षा के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण पुस्तकें
प्रकाशित




सर्वत्र उपलब्ध
निकटतम पुस्तक विक्रेता से अपनी प्रतियाँ शीघ्र प्राप्त कर लें।
पूर्व में प्रकाशित पुस्तकें-



मिलते-जुलते नामवाली नकली पुस्तकों से सावधान !
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA, RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
Visit us at www.vermapress.com, e-mail : vermapress@gmail.com

बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस

# जटिलता के बीच क्षमता के अनुसार काम चुनें

अनल कुमार

मनुष्य का जीवन जटिल होता जा रहा है। हर कोई सबसे आगे पहुंचने की दौड़ में लगा है। काम और आराम, दोनों ही मनुष्य के विकास के लिए जरूरी हैं। कुछ लोग आराम को ज्यादा महत्व देते हैं, तो कुछ काम को। और ऐसा ही नहीं कुछ लोग तो काम ही नहीं करना चाहते हैं। लेकिन बिना दोनों में संतुलन बनाएं आप आपने जीवन को सही दिशा कभी नहीं दे पाएंगे। इस दौड़ती-भागती जिंदगी में दोनों का महत्वपूर्ण स्थान है। तो चलिए जानते हैं इंग्लिश के एक नए शब्द को जो काफी चलन में है और वह है -

ररवर्कोहलिक"। इसे हिन्दी में काम का नशा या काम की धुन कहा जा सकता है। इसके तहत व्यक्ति बस काम ही काम में डूबा रहता है। इस तरह का भूत उस पर सवार रहता है जिसके कारण वह जिंदगी से कटता चला जाता है।

अब तो विज्ञान ने भी सिद्ध किया है कि एक ही चीज के पीछे पड़े रहना हमें अन्य बातों के प्रति नीरस बना देता है, जिससे जीवन के अंतिम वर्ष यातना भरे हो सकते हैं।

माना कि काम करना जीवन चलाने के लिए जरूरी है। काम नहीं करेंगे तो हमारे दायित्वों को कौन पूरा करेगा, मगर शरीर से काम ही काम करवाते रहेंगे तो थकान आने लगेगी। इसी थकान को दूर करने के लिए विश्राम भी जरूरी है। हर व्यक्ति के लिए आराम के मायने अलग-अलग होते हैं। कई लोग सोचते हैं कि ढेर सारी धन-दौलत हो तो जिंदगी बड़े मजे से कटेगी। कोई टेंशन नहीं होगा, बस आराम ही आराम। पर मनोवैज्ञानिकों के अनुसार आराम का अर्थ तनावरहित जिंदगी है। देखें कि इस अस्त-व्यस्त दिनचर्या, काम की दौड़ा-दौड़ी और दिमाग के पस्त होने जैसी समस्याओं से कैसे निपटा जाए।काम के घंटे तय करें:

सबसे जरूरी है अपनी दिनचर्या में नियमितता बेवजह आमंत्रित तनाव की वजह से हम मानसिक तथा शारीरिक रूप से थक जाते हैं। अत? सबसे पहले काम के घंटे तय करें।

### अपनी क्षमता के अनुसार जितना काम कर सकें उतना ही हाथ में लें:

हमें अपनी सीमाओं और योग्यताओं को ध्यान में रखकर ही अपने काम का विस्तार करना चाहिए। एक साथ दस काम हाथ में लेने से हमारा लक्ष्य कभी पूरा नहीं होगा। 'छोटी शुरूआत, अच्छी शुरूआत' पर अमल करें।

### बनिए खुद ही अपने दोस्त:

कभी-कभी हमें अपने अवचेतन मन की बात भी माननी चाहिए। खुद से ही संवाद करना चाहिए कि मैं क्या कर रहा हूं? क्या यह सही है? निश्चित तौर पर यह जादू आपको नई दिशा देगा। आपके जीवन का लक्ष्य क्या है? किस क्षेत्र में आप आगे बढ.सकते हैं ? भला आपसे बेहतर आपको कौन जान सकता है। तो यकीनन इस पर अमल करें और सुकून के साथ अपने लक्ष्य पर पूरे मनोयोग से कार्य करें।

### आराम के लिए चुनें इन्हें भी:



व्यायाम, योग-ध्यान जैसी क्रियाओं को भी अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। इनकी आदत आपको ताउम्र स्फूर्ति के अलावा अच्छी नींद का मालिक भी बनाती है। स्वस्थ तन-मन रहेगा तो जीवन भी आरामदायक गुजरेगा।

### हर वक्त गंभीर न रहें:

जिस समय आप काम कर रहे हों उस समय को छोड दें, बाकी समय अपने दिमाग को आराम दीजिए। बिना वजह की परेशानी मोल लेकर धीर-गंभीर न बने रहें। हल्के-फुल्के मूड में रहें, घर हो या ऑफिस। स्व-प्रेरणा तथा स्व-विचार आदमी को श्रेष्ठ बनाते हैं। जीवन में तकलीफें तो हर व्यक्ति को आती हैं। इसी से हमारे मन में कई ग्रंथियां बन जाती हैं। अत? मन पर काबू रखकर इन पर विजय पाना ही जीवन है।

### बार-बार काम बदले नहीं :

बार-बार नौकरी बदलना ठीक नहीं है। कई बार आपका नजरिया सही बैठ भी सकता है, पर अगर आप वहां असफल रहे तो जिस नौकरी में आप हैं वह तो जाएगी ही साथ ही आप पर नया संकट आ जाएगा सो अलग।

इससे बचने के लिए कुशल रणनीति के साथ काम करें। सोच-विचार करके ही कदम आगे बढ़ाएं।

## हेल्थ सेक्टर में सरकारी नौकरी

### झारखंड रूरल हेल्थ डिपार्टमेंट

**झारखंड** राज्य सरकार की रूरल हेल्थ मिशन सोसाइटी ने कंप्युनिटी हेल्थ आफिसर के पदों पर भर्ती निकाली है। 1400 पदों पर हो रही इस भर्ती का नोटिफिकेशन जारी हो गया है। यह पद एक साल के अनुबंध के आधार पर है। इसमें आवेदन के लिए अंतिम तारीख 8 जुलाई रखी गई है। इस पद के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से बीएससी नरसिंग या पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग सर्टिफिकेट होना चाहिए। इसके साथ ही शैक्षणिक सत्र 2016-2020 का सर्टिफिकेट भी जरूरी है। गौरतलब है कि इन पदों पर चयन बीएससी नर्सिंग में प्राप्त अंकों के आधार पर होगा। इन पदों के लिए आयु सीमा कम से कम 21 साल है। इडब्ल्यूएस औ सामान्य वर्ग के लिए 35 साल आयु रखी है। जबकि बीसी-1 और बीसी 2 के उम्मीदवार 37 साल की आयु तक आवेदन कर पाएंगे।

### बिहार में भर्ती

बिहार राज्य के स्वास्थ्य विभाग में पड़े पैमाने पर रिक्त पदों को भरने की तैयारी पूरी हो गई है। प्रदेश भर में 4568 पदों पर यह भर्ती होगी। इसके लिए दो परीक्षा आयोजित करेंगे। इसमें तकनीकी चयन आयोग और बिहार कर्मचारी चयन आयोग शामिल हैं।

### फार्मासिस्ट के 1539 एक्सरे टेक्नीशियन के 803 पद

इन पदों में फार्मासिस्ट के 1539 और एक्सरे टेक्नीशियन के 803 पद भी शामिल हैं। इसके अलावा अस्पतालों में भर्ती मरीजों के ऑपरेशन में सहयोग करने वाले शल्य कक्ष सहायक (ओटी असिस्टेंट) के 1096 पद भी शामिल हैं। इसीजी टेक्नीशियन के 163 पद और अन्य कार्य करने वाले 967 लिपिकों की भी भर्ती इसमें शामिल है।

इस बड़ी भर्ती परीक्षा के लिए दो आयोगों को जिम्मा दिया गया है। यह दो विभाग हैं बिहार तकनीकी चयन ायोग और बिहार कर्मचारी चयन आयोग

**किस विभाग में कितने पद**

फार्मासिस्ट 1539
ओटी असिस्टेंट 1096
एक्सरे तकनीशियन 803
लिपिक 967
इसीजी तकनीशियन 163

### मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में भी भर्ती

**मध्यप्रदेश** राज्य के स्वास्थ्य विभाग में भी 1200 पदों पर भर्ती निकाली है। उम्मीदवार एमपी ऑनलाइन के जरिए ऑनलाइन फार्म भर सकते हैं। मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याम विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने संविदा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) के लिए यह भर्ती निकाली है। इस पद के लिए बायोलाजी, केमिस्ट्री और फिजिक्स में 12वीं पास होना चाहिए। राज्य सरकार की ओर से संचालित सहायक नर्सिंग मिडवाइफ प्रशिक्षण केंद्र में महिला बहुउद्देश्यी कार्यकर्ता/सहायक नर्सिंग मिडवाइफ का दो साल का ट्रेनिंग कोर्स पास होना जरूरी है। नर्सेज का रजिस्ट्रेशन भी होना चाहिए। फार्म भरने की अंतिम तिथि 16 जुलाई है।

**संविदा स्टाफ नर्स के 2877 पदों पर भर्ती**

मध्यप्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से एक साल के कांट्रेक्ट पर 2877 पदों पर स्टाफ नर्स की भर्ती निकाली गई है। स्टाफ नर्स का अनुबंध 31 मार्च 2024 तक रहेगा। अगले वर्ष की वार्षिक कार्ययोजना में स्वीकृति के बाद इसे फिर से नवीनीकृत कर दिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार

### यूपी के हेल्थ डिपार्टमेंट में भर्ती

**उत्तर प्रदेश** के हेल्थ विभाग में यूपीएससी ने कई पदों पर भर्ती निकाली है। 394 पदों पर होने वाली भर्ती के लिए यूपीएससी की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। 14 जुलाई एप्लाई करने की अंतिम तारीख है।

जबकि एप्लीकेशन फार्म की हार्ड कापी जमा करने की अंतिम तारीख 28 जुलाई है।

फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरीज 41 रिक्तियां

भूविज्ञान और खनन विभाग1 रिक्तियां

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग 174 रिक्तियां

आयुष (आयुर्वेद) विभाग झ्र 127 रिक्तियां आयुष (होम्योपैथी) विभाग 23 रिक्तियां

## एजुकेशन लोन में सावधानी

स्टूडेंट को चाहिए कि वे लोन से संबंधित जो विवरण और दस्तावेज दे रहे हैं, वे पूरी तरह सही हों और बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुरूप हों। साथ ही, कोर्स के दौरान कितना खर्च आ सकता है, उसका भी विवरण देना चाहिए। लोन की स्वीकृति बैंक के नियमों के तहत ही दी जाती है। कई बार लोन के दौरान कोर्स और यूनिवर्सिटी को भी ध्यान में रखा जाता है। साथ ही, पेरेंट्स या कोएप्लिकेंट के फाइनेंशियल स्टेटस पर भी नजर रखी जाती है। 4 लाख रुपए तक के एजुकेशन लोन पर किसी सिक्योरिटी की जरूरत नहीं होती है। लेकिन इसके लिए पेरेंट्स के फाइनेंशियल स्टेटस का अप्रेजल किया जाता है।यदि 4 लाख रुपए से अधिक लोन लेते हैं, तो लोन के अनुरूप सिक्योरिटी की जरूरत होती है या किसी थर्ड पार्टी को गारंटी लेनी पड़ती है। कोर्स के दौरान पहले साल उपयोग किए गए लोन का सिंपल इंटरेस्ट ही अदा करना होता है। लेकिन कोर्स खत्म होने के बाद रिपेमेंट की प्रक्रिया शुरू होने के 5 वर्षो में पूरा पेमैंट करना होता है।

## कपड़ें हमारी पहली पहचान हैं



अजयदीप बाधवा

कपड़े हमारी पहली पहचान हैं प्राय लोगों को यह कहते सुना गया है की व्यक्तित्व स्वभाव से बनता है, कपड़ों से नहीं। कुछ हद तक यह सही भी हो सकता है, पर पूर्ण रूप से नहीं। आज के व्यवसायिक युग में कपड़ों से हमारी पहचान बनती है। और आज के समय की बात क्यों, आज से लगभग 100 वर्ष पूर्व महात्मा गांधी की पहचान बनाने में कपड़ों का भी महत्वपूर्ण योगदान था जब उन्होंने आम कपड़ों को त्याग कर एक धोती पहन ली थी और देश सेवा का व्रत लिया था। बाद में यही धोती भी उनकी एक पहचान रही। एक बाद हमें याद रखनी चाहिए कि जब हम साफ सुथरे, धुले हुए और ठीक से इस्त्री किए हुए कपड़े पहनते हैं तो हम अपने शरीर को सम्मान देते हैं; और जब हम अपने आप को सम्मान देते हैं तो लोग भी हमें सम्मान देते हैं। अगर हम स्वयं को ही सम्मान नहीं देंगे तो लोग हमें सम्मान क्यों देंगे? आज के कॉरपोरेट जगत में तो कपड़ों का महत्व बहुत बढ़ गया है। कंपनियां अपने लोगों को ड्रेस प्रदान करती है ताकि वे स्मार्ट दिखें और कंपनी की ब्रांड इमेज मजबूत हो। हमें भी ध्यान रखना चाहिए कि हम स्थान और अवसर के अनुसार कपड़े पहने। कार्यालय, मीटिंग या सेमिनार आदि जगहों पर हमें फॉर्मल ड्रेस पहननी चाहिए और जब हम घूमने वगैरह जा रहे हैं तो कैजुअल ड्रेस, जैसे जींस / टी शर्ट आदि का आनंद ले सकते हैं। कई बार मैने देखा है कि लोग कार्यालय में भी जींस आदि पहन कर आते हैं जो कि कॉरपोरेट कल्चर के विरुद्ध है। स्कूल / कॉलेज आदि में भी आजकल ड्रेस कोड का ध्यान रखा जाता है और बच्चों को स्कूल ड्रेस में आने को बाध्य किया जाता है ताकि बच्चों में एकरूपता बनी रहे। अगर स्कूल में ड्रेस कोड नहीं होगा तो बच्चे अपने माता पिता के आय के अनुसार कपड़े पहनेंगे जो बाद में उनमें द्वेष ला सकता है। व्यक्तिगत रुप से भी हमें भी उस व्यक्ति से मिलना ज्यादा अच्छा लगता है जो अच्छे और साफ सुथरे कपड़े पहना हुआ है।

हमारे घरों में या हमारे पारिवारिक अवसरों, जैसे विवाह समारोहों में, साफ या तरतीब से कपड़े पहन कर नहीं आता है तो हमें अच्छा नहीं लगता। जब हमें ऐसा अच्छा नहीं लगता तो हम भी जब ऐसे कपड़े पहन कर दूसरों के घर या समारोह में जायेंगे तो उन्हें भी अच्छा क्यों लगेगा? तो आईए, हम अपने को सम्मान दें और महंगे नहीं बल्कि साफ सुथरे और अवसर के अनुसार कपड़े पहनें।

(कॉस्ट अकाउंटेंट, कर एवम कैरियर सलाहकार)

## ज्वैलरी डिजाइनिंग में कॅरियर 10 वीं के बाद कर सकते हैं ये कोर्स



**आप** ज्वैलरी डिजाइनिंग में भविष्य बनान चाहते हैं, इस फील्ड में काम करने का एक सार्टिफिकेट भी मिल जाएगा और आप इस फील्ड में बेहतर काम कर सकेंगे।

**कॅरियर बनाने 10 वीं के बाद कर सकते हैं ये कोर्स**

ज्वैलरी डिजाइनिंग में कॅरियर बनाने 10 वीं के बाद कर सकते हैं ये कोर्स

समय के साथ-साथ कॅरियर बनाने के ऑप्शन में भी काफी बदलाव आ चुके हैं, हर दिन नए नए कोर्स आ रहे हैं, ताकि युवा पीढ़ी पारंपरिक पढ़ाई के अलावा इन कोर्सों को करके अपना भविष्य बना सके, इसी के चलते अब ज्वैलरी डिजाइंनिंग का कोर्स भी आया है, जिसमें युवक-युवतियां कोर्स करके अपना भविष्य संवार सकते हैं।

यदि आपमें क्रिएटिविटी है तो ज्वैलरी डिजाइनिंग में बेहतर कॅरियर बना सकते हैं। इस क्षेत्र में कॅरियर बनने के लिए आपको अपने काम के प्रति लगाव और नया करने की सोच लानी होगी। साथ ही विभिन्न प्रकार के स्टोन्स और मेटल्स की जानकारी व डिजाइनिंग सेंस की भी जरूरत पड़ेगी। इस क्षेत्र में सफलता पाने के लिए आपकी कल्पनाशीलता के साथ-साथ आपका मार्केट रिसर्च वर्क भी अच्छा होना जरूरी है। एक ज्वैलरी डिजाइनर का मुख्य काम ज्वैलरी के स्टाइल और पैटर्न को सेट करना होता है, जिसके लिए ऑटो कैड, 3डी स्टूडियो, कोरल ड्रा, फोटोशॉप, इलस्ट्रेटर जैसे सॉफ्टवेयर की मदद लेनी होती है। इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए अभ्यर्थी दसवीं के बाद ही शार्ट टर्म कोर्स कर सकते हैं।

**सर्टिफिकेट कोर्स**
**-बेसिक ज्वैलरी डिजाइन**
**-कैड फॉर जेम्स एंड ज्वैलरी**
**बीएससी कोर्स**
**-बीएससी इन ज्वैलरी डिजाइन**
**-बैचलर ऑफ ज्वैलरी डिजाइन**
**-बैचलर ऑफ एक्सेसरीज डिजाइन**
**डिप्लोमा कोर्स**
**-डिप्लोमा इन ज्वैलरी डिजाइन एंड जैमोलॉजी**

## रूरल मैनेजमेंट में कोर्स करें, बन जाएगा करियर

**भारत** की आजादी के बाद से जीडीजी में एग्रीकल्चर का योगदान 50 फीसदी से ज्यादा है। वहीं 70 फीसदी आबादी आज भी गांवों में रहती है। कोरोना के पहले एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी, जिसके मुताबिक ग्रामीण भारत में जीडीपी में 1.8 ट्रिलियन डालर तक का योगदान दे सकता है।

रूरल मैनेजमेंट एक यूनिक स्पेस्लाइजेशन है। इसके स्पेस्लाइज्ड प्रोफेशनल्स भारत के ग्रामीण परिदृश्य के सुधार के लिए स्ट्रैटजी बनाने, मैनेज करने और इंप्लीमेंट करने के लिए विकास योजनाएं तैयार करते हैं जोकि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक और सामाजिक विकास को रफ्तार देता है।

इस कोर्स में छात्रों को ग्रामीण विकास, आयोजन, निर्देशन, वित्तीय संस्थाओं आदि क्षेत्रों की जानकारी दी जाती है। यह कोर्स लगभग सभी सरकारी कॉलेज व यूनिवर्सिटी में उपलब्ध है।

12वीं के बाद छात्र पसंद के अनुसार डिग्री और डिप्लोमा कर सकते हैं। इसके बाद इसमें मुख्य कोर्स के तौर पर मास्टर, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम, एमबी और पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा भी किया जा सकता है। इस कोर्स के बाद सरकारी क्षेत्र में जॉब में काफी संभावनाएं हैं।

**जॉब ऑप्शन**
रिसर्च ऑफिसर
रूरल एग्जीक्यूटिव
रूरल मैनेजर
प्रोग्राम अफसर
शोधकर्ता
सलाहकार
प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर
यहां कर सकते हैं कोर्स
**-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, अहमदाबाद**
**-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर मार्केटिंग, जयपुर**
**-इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट आनंद गुजरात**
**-जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट भुवनेश्वर**
**-जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस, झारखंड**
**-केरला एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, केरला**

# रेलवे में 3624 पदों पर सीधी भर्ती

### 10वीं पास करें आवेदन

इंडियन रेलवे ने बंपर भर्ती निकाली है। 3624 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए हैं। यह नियुक्ति वेस्टर्न रेलवे ने कई ट्रेड्स में अप्रेंटिस के पदों पर निकाली है। इनमें फिटर, वेल्डर, कारपेंटर, पेंटर, टर्नर, इलेक्ट्रिशियन भी शामिल हैं। आवेदन की प्रक्रिया 27 जून से 2024 से शुरू हो रही है। एक माह तक यह प्रक्रिया चलेगी।

इसके लिए कोई लिखित परीक्षा नहीं होगी और इंटरव्यू भी नहीं होगा। इस भर्ती प्रक्रिया में 10वीं पास और आईटीआई कोर्स करने वाले शामिल हो सकते हैं। चयन भी इन्हीं योग्यता के आधार पर होगा। इसी आधार पर जो मेरिट बनेगी उसी के आधार पर नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। रेलवे ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है, जिसका नंबर है 02267643649.

**यह है योग्यता:** रेलवे के विभिन्न पदों पर निकली इस भर्ती में 10वीं पास 50 प्रतिशत अंकों के साथ होना चाहिए। वहीं पद से संबंधित ट्रेड में आइटीआई (कळक) का सर्टिफिकेट भी होना चाहिए।

**यह है आयु:** रेलवे ने इस भर्ती के लिए आयु सीमा का भी निर्धारण कर दिया है। इन पदों पर 15 साल से कम आयु वर्ग के उम्मीदवारों को नहीं लिया जाएगा। 15 से ऊपर और 24 साल से कम आयु वाले उम्मीदवारों को शामिल किया जाएगा। अधिकतम आयु सीमा में ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थी को तीन साल की छूट मिलेगी। वहीं एससी/एसटी वर्ग के उम्मीदवारों को पांच साल की छूट मिलेग, वहीं दिव्यांग अभ्यर्थी को 10 साल की छूट दी जाएगी।

**ऐसे होगा चयन :** आपको एक बार फिर बता दें कि इस भर्ती में किसी प्रकार की कोई परीक्षा नहीं ली जाएगी और न ही कोई इंटरव्यू लिया जाएगा। चयन का आधार सिर्फ दस्तावेज होंगे, जिनके आधार पर मेरिट बनाई जाएगी। अभ्यर्थी 10वीं पास होना चाहिए, साथ ही आईटीआई होना चाहिए। दोनों कक्षाओं में कम से कम 50 प्रतिशत अंक होना चाहिए। इन्हीं के आधार पर मेरिट तय होगी और अभ्यर्थी का चयन कर लिया जाएगा।

**आवेदन शुल्क:** अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन के साथ ही 100 रुपए का आवेदन शुल्क भरना होगा। जबकि एससी, एसटी और महिला उम्मीदवारों से किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। चयन के बाद ट्रेनिंग होगी, जिसके खत्म होने के बाद किसी भी ट्री को किसी भी रोजगार के प्रस्ताव के लिए नियोक्ता बाध्य नहीं होगा और न ही ट्रेनी नियोक्ता की ओर से प्रस्तावित किसी भी रोजगार को स्वीकार करने के लिए बाध्य होगा।



## नीट यूजी काउंसलिंग: मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन से पहले रहें अलर्ट

नीट की परीक्षा इस बार 20 लाख 38 हजार स्टूडेंट ने दी थी। जिनमें से 11 लाख 45 हजार ने क्वॉलिफाई किया है। मप्र से कुल 102161 स्टूडेंट परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें से 49924 स्टूडेंट सेलेक्ट हुए हैं। यदि इनकी काउंसलिंग ठीक हो तो चॉइस के कॉलेज मिलने की अच्छी संभावना है। 2022 में 55561 अभ्यर्थियों ने नीट दी थी। जिसमें से 27134 सेलेक्ट हुए थे। इस तरह इस साल चयनित होने वाले छात्रों की संख्या बहुत ज्यादा है।

**काउंसलिंग के जरिए ही एडमिशन**

सरकारी और प्राइवेट दोनों ही मेडिकल कॉलेजों में काउंसलिंग के जरिए ही एडमिशन मिलेगा। इसलिए कोई बगैर काउंसलिंग के कहीं दाखिला दिलाने का दावा करता है तो उसके झांसे से स्टूडेंट बचें। काउंसलिंग के दो राउंड्स होंगे। पहले ऑल इंडिया काउंसलिंग के लिए अप्लाई करना होता है। पहले राउंड में खाली रह गयी सीटों के लिए दूसरी लिस्ट निकलती है। ऑल इंडिया के फर्स्ट राउंड के बाद स्टेट का फर्स्ट राउंड होता है। इसी सिक्वेंस में सेकेंड राउंड भी। फर्स्ट राउंड में अच्छा कॉलेज न मिलने पर अपग्रेडेशन के लिए सेकेंड राउंड में अप्लाई करने का आवेदन दिया जा सकता है।

**एमबीबीएस सीटें**

-60 हजार सीटें सरकारी कॉलेजों में हैं।
-इतनी ही सीटें प्राइवेट कॉलेजों में उपलब्ध हैं।
-1 लाख 20 हजार को दाखिला मिल सकता है।

स्टेट कॉलेज की 100 सीटों में से 85 सीटें राज्य के लिए और 15 सीटें ऑल इंडिया कोटे की होती है। दोनों की काउंसलिंग अलग होती है।

**विदेश में मेडिकल पढ़ाई से बचें**

विदेश में एमबीबीएस की पढ़ाई का झांसा एजेंट देते हैं। इनसे बचना चाहिए। विदेश से मेडिकल करके आने के बाद प्रैक्टिकल में ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। कम से कम 25-30 लाख सालाना केवल फीस के अलावा पूरी पढ़ाई पर एक करोड़ तक खर्च हो सकता है। देश में वापस आने पर पीजी में दाखिला आसान नहीं होता। प्रैक्टिस के लिए भी स्क्रीनिंग टेस्ट पास करना होता है। तब जाकर लाइसेंस मिलता है। रूस और ईस्टर्न यूरोपियन देशों कजाकिस्तान, यूक्रेन में तो और भी संकट है।

**जुलाई में शुरू होगी नीट काउंसलिंग, 30 अगस्त के बाद प्रवेश नहीं**

भोपाल. मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश लेने के लिए नीट यूजी की काउंसलिंग जुलाई में होगी। आधिकारिक वेबसाइट ्.ल्ल्रू.ल्ल पर रजिस्ट्रेशन होगा। काउंसलिंग 2 लेवल पर होगी। इससे ऑल इंडिया कोटा की 15 फीसदी सीटों, डीम्ड विश्वविद्यालयों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, एवं एएफएमसी की सीटों में एडमिशन मिलेगा।

सरकारी संस्थानों में शुल्क कम है। जबकि निजी में ज्यादा है। कई छात्र अगले साल अच्छे नंबर की उम्मीद में और सरकारी कॉलेज मिलने की लालसा में सीट छोड़ते हैं या प्राइवेट के कालेजों के झांसे में फंस जाते हैं। किसी भी धोखाधड़ी के बचने के लिए नीट गाइडलाइन का पालन जरूरी है। नीट में दो कोशिशों के बाद भी गवर्मेंट मेडिकल कॉलेज में रैंक नहीं मिल रही तो आगे और साल ड्रॉप करने का फायदा नहीं है। नीट यूजी 2023 की परीक्षा में एनएमसी ने आयु सीमा और टाई ब्रेकिंग नियमों में बदलाव किया है।